

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र
web: www.rashtriyakhabar.com
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 272 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, कृष्णपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

अनर्थकं विप्रवासं गृहेभ्यः पापैः संधि परदाराभिमर्शम।

दंभं स्तैन्यं पैशुनं मद्यपानं न सेवते यश्च सुखी सदैव॥

**भावार्थ** : ऐसा व्यक्ति सदा सुखी रहता है जो बिना उपयुक्त कारण के प्रवासन नहीं करता, पापियों से संधि या मित्रता या मेल नहीं करता, परायी स्त्रियों के साथ काम संबंध नहीं बनाता, दंभ, चोरी, चुगली तथा शराब के सेवन से दूर रहता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .32 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .41 बजे

## आप सांसद संजय सिंह शराब घोटाला में गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार की सुबह आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे। यह सब कुछ दिल्ली चुनाव से पहले धन जुटाने के लिए आयोजित किया गया था। संजय सिंह के आवास समेत अन्य जगहों पर जांच एजेंसी की छापेमारी के बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर आप नेता से लेकर कार्यकर्ता विरोध करते रहे। इसका असर उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भी देखने को मिला।

## पुलिस को मिला हथियार गोला-बारूद का जखीरा

**काबुल:** अफगानिस्तान के उत्तरी सारी पुल प्रांत में पुलिस ने आरपीजी-7 सहित हथियार और गोला-बारूद का जखीरा मिला है। एक अधिकारी दीन मोहम्मद नजरी ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले सारी पुल प्रांत के कुछ हिस्सों में कई ऑपरेशनों के दौरान एकेएम के चार टुकड़े, एक मशीन गन, एक आरपीजी-7 रॉकेट लॉन्चर और एक अमेरिका निर्मित एम 16 असॉल्ट राइफल सहित प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई थी। अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान हजारों गोलियां और गोले भी बरामद किए गए। इसी तरह की एक कार्रवाई में पुलिस ने शुक्रवार को पूर्वी अफगानिस्तान के पंजशीर प्रांत में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए।

## पुरकायस्थ सात दिन की पुलिस हिरासत में

**नयी दिल्ली:** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को बुधवार को एक अदालत ने सात दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने कल न्यूजक्लिक परिसरों और इससे जुड़े पत्रकारों के दिल्ली एनसीआर स्थित आवासों पर छापेमारी की थी। पुलिस ने छापेमारी के बाद न्यूजक्लि का कार्यालय सील कर दिया था। न्यूजक्लिक पर चीन से आर्थिक मदद लेकर अपने पोर्टल के जरिए भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप है। न्यूजक्लिक ने एक बयान जारी करके पुलिस के आरोपों का खंडन किया है। बयान में कहा गया है कि न्यूजक्लिक पोर्टल पर जारी खबरें कोई भी देख सकता है। जहां तक आर्थिक मदद का सवाल है, न्यूजक्लिक ने भारत सरकार द्वारा तय दिशानिर्देशों और यहां के कानूनों के तहत लेनदेन की है। इसके संबंध में संबंधित सरकारी विभागों को समय पर जानकारी दी गई थी। न्यूजक्लिक का आरोप है कि वर्ष 2021 से केंद्र सरकार की विभिन्न जांच एजेंसियों के माध्यम से उसे निशाना बनाया जा रहा है।

## बिना अमेरिकी मदद से यूक्रेन युद्ध नहीं कर सकता



**कियेबः** संयुक्त राज्य अमेरिका में सरकारी शटडाउन टाले जाने के बीच यूक्रेन को मदद रोकने की यहां प्रतिक्रिया हुई है। यहां के लोग मानते हैं कि युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर तैनात यूक्रेन के सैनिक अमेरिकी मदद के भरोसे ही आगे बढ़ रहे हैं। यह स्पष्ट है कि अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति के बाद ही यूक्रेन ने अपनी सीमा के अंदर आये रूसी सेना को पीछे धकेलने में आंशिक सफलता पायी है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने सांसदों द्वारा किए गए समझौते की सराहना की, उन्होंने यूक्रेन के लिए नई फंडिंग की कमी को भी स्वीकार किया, और कसम खाई कि वाशिंगटन यूक्रेन से दूरी नहीं बनायेगा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**आपदा** › अचानक बादल फटने से पहाड़ों से नीचे आयी तबाही

# सिक्किम में पांच मरे अनेक लापता

- भारतीय सेना के 23 जवान लापता
- तीस्ता नदी में अचानक आयी बाढ़
- लोगों को नदी से दूर रहने की सलाह

**राष्ट्रीय खबर**

**सिलिगुड़ी:** सिक्किम के उत्तरी क्षेत्र में ल्होनक झील के ऊपर अचानक बादल फटने से लाचेन घाटी में स्थित तीस्ता नदी में आये उफान के कारण आस पास के क्षेत्र जलमग्न हो गये जिसकी चपेट में कुछ सैन्य प्रतिष्ठान आने से 23 सैनिकों के लापता होने की खबर है। सेना की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गयी है। सेना के अनुसार चंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण भी जलस्तर 15 से 20 फुट बढ़ गया। इसके कारण निकट के सैन्य प्रतिष्ठानों में खड़े सैन्य वाहन पानी और कीचड़ की चपेट में आ गये। इन प्रतिष्ठानों में तैनात 23 सैन्यकर्मियों के लापता होने की खबर है। तलाशी अभियान जारी है। दार्जिलिंग लोकसभा सदस्य राजू बिस्ता ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से संपर्क किया है, उन्हें वर्तमान स्थिति के बारे में सूचित किया है और मैंने उनसे पूरे सिक्किम, दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी के लिए एक उच्च स्तरीय आपदा निगरानी और प्रतिक्रिया टीम गठित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि उत्तरी सिक्किम में हिमानी ल्होनक झील में जलस्तर बढ़ने के कारण दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, सिक्किम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

श्री बिस्ता ने कहा, मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि यदि संभव हो तो नदी से दूर रहें। जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाएं और जगह दें। उन्होंने कहा कि वह कलिम्पोंग के जिलाधिकारी (डीएम), राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (एनएचपीसी) के अधिकारियों और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीमों के साथ लगातार संपर्क में हैं। आपदा के कारण कलिम्पोंग, दार्जिलिंग और सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 10 बह गया है। सांसद ने कहा, मुझे एनडीआरएफ की एक टीम रास्ते में फंसने की सूचना मिली है क्योंकि सड़क पूरी तरह से बह गई है। एनडीआरएफ की तीन टीमें फिलहाल सिलीगुड़ी में मौसम साफ होने का इंतजार

›› पेज 2 भी देखें



### तीस्ता नदी के जल स्तर में असामान्य वृद्धि के कारण

सिक्किम के उत्तरी जिला प्रशासन ने मंगलवार देर रात तीस्ता नदी के जल स्तर में असामान्य वृद्धि के कारण उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगन जिला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम डेटचू ने एक स्थानीय अखबार से फोन पर बातचीत में हाई अलर्ट की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है और तीस्ता नदी के किनारे रहने वाले लोगों को उनकी सुरक्षा के लिए तत्काल ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। श्री डेटचू ने कहा, हमारे पास जल स्तर में अचानक वृद्धि का कोई सटीक कारण नहीं है लेकिन नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है।

मुख्यमंत्री सरमा के एलान के बाद पुलिस कार्रवाई शुरू की गयी

# बाल विवाह में एक हजार गिरफ्तार



- सीएम ने कहा अभी संख्या बढ़ेगी
- आरोपियों के खिलाफ कुल 706 मामले दर्ज
- लोगों का ध्यान भटकाने की साजिशः गोगोई

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटीः** असम में बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई चल रही है। इस बीच मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने बताया कि असम पुलिस ने एक विशेष अभियान में 1000 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ने की संभावना है।इस साल की शुरूआत में अभियान के पहले दौर के दौरान राज्य भर में हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सीएम सरमा ने कहा कि सामाजिक खतरे से संबंधित मामलों में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ने की संभावना है, क्योंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है।बाल विवाह के गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए एक ठोस प्रयास में, असम ने 2, 3 और 4 अक्टूबर, 2023 के अंत में बड़े पैमाने पर कार्रवाई देखी, जिससे राज्य भर में 1000 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई। आरोपियों के खिलाफ कुल 706 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें सबसे अधिक गिरफ्तारियां धुबरी जिले में हुई हैं, जहां 192 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। बारपेटा जिले में 142 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि हैलाकांडी में 59 लोगों को हिरासत में लिया गया।

बाल विवाह के खतरे को रोकने के उद्देश्य से

›› पेज 2 भी देखें

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने हरियाणा में गठबंधन पर नेतृत्व को चुनौती दी

# चौटाला के साथ रहा तो पार्टी छोड़ दूंगा: वीरेंद्र सिंह



**राष्ट्रीय खबर**

**चंडीगढ़:** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को धमकी दी कि अगर भाजपा ने हरियाणा में दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ अपना गठबंधन जारी रखा तो वह अपनी पार्टी भाजपा छोड़ देंगे। जेजेपी हरियाणा में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में जूनियर पार्टनर है। दुष्येंत चौटाला उपमुख्यखमंत्री हैं। पूर्व मंत्री, जो पहले कांग्रेस में थे, ने जींद मं एक सार्वजनिक रैली मेरी आवाज सुनो में यह टिप्पणी की, अगर भाजपा-जेजेपी गठबंधन जारी रहा, तो मैं भाजपा छोड़ दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें भाजपा से बहुत सम्मान मिला है और उनके लिए पार्टी की आलोचना करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा बीरेंद्र सिंह हमेशा अपने मन की बात कहते हैं और यही मेरा स्वभाव है।

भाजपा नेता ने जेजेपी पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा, जेजेपी के एक बड़े नेता ने लोगों को इतना बड़ा धोखा दिया है, जितना हरियाणा के किसी अन्य राजनीतिक नेता ने नहीं दिया। 2014 में भाजपा में शामिल हुए बीरेंद्र सिंह हरियाणा के एक प्रमुख जाट चेहरे हैं। वह हरियाणा सरकार में भी तीन बार मंत्री भी रह चुके हैं।

बीरेंद्र सिंह का परिवार और जेजेपी प्रमुख अजय सिंह चौटाला का परिवार राजनीतिक रूप से कट्टर प्रतिद्वंद्वी हैं। खबरों के मुताबिक विवाद की जड़ यह है कि उचाना कलां सीट किसे मिलेगी, जो बीरेंद्र सिंह का पारिवारिक गढ़ है। 2014 में बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेम लता ने दुष्यंत चौटाला को हराया था। 2019 में जेजेपी नेता ने अपनी हार का बदला ले लिया। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह सीट एक बार फिर से दुष्यंत चौटाला को मिलने की संभावना है। दुष्येंत चौटाला ने भी यह जाहिर कर दिया है कि वह उसी सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। बीरेंद्र सिंह का परिवार भी यही सीट चाहता है। नेता के बयान पर भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह का डिब्रूगढ़ जेल में भूख हड़ताल शुरू



**पूर्वोत्तर संवाददाता**

**गुवाहाटी :** एक स्व-घोषित सिख धार्मिक उपदेशक और प्रमुख खालिस्तान समर्थक नेता अमृतपाल सिंह ने असम में डिब्रूगढ़ जेल की सीमाओं के भीतर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इस विरोध प्रदर्शन में उनके साथ नौ साथी बंदी भी शामिल हैं, जो जेल में रहने के दौरान अपने चुने हुए वकील की पहुंच पर कथित प्रतिबंधों के बारे में अपनी शिकायतों से एकजुट हैं। जेल की दीवारों के बाहर, अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर ने भी अपने पति और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए बंदियों के साथ एकजुटता में खड़े होने के लिए भूख हड़ताल की है।इस भूख हड़ताल का कारण जेल परिसर के भीतर अपने चुने हुए वकील राजदेव सिंह को प्रवेश से वंचित करना था। 28 सितंबर को, बंदियों ने डिब्रूगढ़ जेल अधीक्षक को संबोधित एक पत्र लिखा था, जिसमें अमृतसर के उपायुक्त (डीसी) के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया गया था, जिन पर उन्होंने राजदेव के जेल में आने में बाधा डालने का आरोप लगाया था।इन आरोपों के जवाब में, डीसी अमित तलवार ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि बंदियों को हिरासत के आदेश के अनुसार अपनी पसंद के वकील से मिलने की अनुमति है। उन्होंने बताया कि अमृतपाल सिंह पहले ही राजदेव खालसा के बजाय वकील नवकिरण सिंह से मिल चुके हैं, और अब, वह राजदेव से एक बार फिर मिलने का अनुरोध कर रहे हैं, जबकि नवकिरण को पहले ही पहुंच प्रदान की जा चुकी है। इस मामले को मार्गदर्शन और स्पष्टीकरण के लिए गृह सचिव के पास भेज दिया गया है। हालांकि, पिछले पांच दिनों से कोई समाधान नहीं दिखने पर, अमृतपाल सिंह और किरणदीप कौर दोनों ने अन्य बंदियों के साथ, उनकी दुर्दशा पर ध्यान आकर्षित करने और कानूनी प्रतिनिधित्व के संबंध में निर्णय लेने के अपने अधिकार पर जोर देने के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

महाराष्ट्र की ट्रिपल इंजन सरकार को आगे बढ़ने में परेशानी

# बीमार अजीत पवार की बैठक शिंदे फडणवीस दिल्ली में



**राष्ट्रीय खबर**

**मुंबई:** महाराष्ट्र की तीन इंजनों वाली सरकार के भविष्य पर फिर से सवाल उठने लगे हैं। कहा जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार नाराज बताये जा रहे हैं। इस मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मंगलवार शाम अचानक दिल्ली रवाना हो गये। शिंदे-फडणवीस दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने जा रहे हैं। अजित पवार बुधवार को कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हुए। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अजित पवार अच्छे नहीं हैं। हालांकि शिंदे और फडणवीस के दिल्ली रवाना होने के बाद उन्होंने अपने आधिकारिक बंगले देवगिरी में अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। इससे पहले गणेश उत्सव के दौरान अमित शाह, जेपी मुख्यमंत्री के सरकारी बंगले पर गणपति दर्शन के लिए पहुंचे थे। अजित पवार वहां नहीं गए। गणेश उत्सव के बाद बीते शनिवार की रात दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार अचानक मुख्यमंत्री के बंगले पर पहुंच गए। करीब डेढ़ घंटे तक बंद कमरे में तीनों के बीच बातचीत चलती रही। बताया जा रहा है कि तीनों इंजनों की मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में सबसे अहम मुद्दा जिले के पालक मंत्रियों की नियुक्ति का था। राज्य में सरकार आने के बाद से पालक मंत्रियों की नियुक्ति नहीं की गई है। अपनी-अपनी संरक्षक पार्टियों से बगावत कर सत्ता में आए शिंदे और अजित गुट के मंत्रियों के बीच अपने-अपने जिलों का संरक्षक मंत्री बनने की होड़ मची हुई है। अजित पवार खुद पुणे जिले के संरक्षक मंत्री का पद चाहते हैं। लेकिन इस पद पर पहले से ही भाजपा के चंद्रकांत पाटिल काबिज हैं। ज्यादातर विवाद उन जिलों में हैं जहां एनसीपी और शिवसेना के बीच हमेशा कांटे की टक्कर रही है। शिंदे कुनबा शुरू से

›› पेज 2 भी देखें

**चुनौती** › पुरुष बालों के झड़ने में शामिल दुर्लभ आनुवंशिक वेरिएंट की पहचान हुई

# पुरुषों में बालों के झड़ने पर नई जानकारी मिली

- पांच जीनों की पहचान की गयी है
- इनमें कई एक दूसरे से जुड़े होते हैं
- भविष्य में गंजेपन को रोकने में फायदा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** मर्दों खासकर युवाओं के लिए सर से बालों का तेजी से झड़ना एक चिंता का विषय होता है। कम उम्र में इस चुनौती से जूझने वाले अपने बालों को संभालने के लिए पता नहीं क्या क्या जुगाड़ करते हैं। इसी वजह से पूरी दुनिया में बालों को बेहतर बनाने अथवा नया बाल उगाने के अनेक किस्म की दवाइयों का कारोबार अरबों डॉलर का है। अब इस बारे में एक नई वैज्ञानिक जानकारी सामने आयी है। आम तौर पर बालों की घटती रेखा, सिर के शीर्ष से बालों का पूरी तरह से झड़ना, और अंततः, गंजेपन का घोड़े की नाल के आकार का पैटर्न होता है। पुरुष पैटर्न बालों

›› पेज 2 भी देखें

### पुरुष-पैटर्न बालों का झड़ना सबसे आम रूप है

पुरुष-पैटर्न बालों का झड़ना पुरुषों में बालों के झड़ने का सबसे आम रूप है, और यह काफी हद तक वंशानुगत कारकों के कारण होता है। वर्तमान उपचार विकल्प और जोखिम पूवार्नुमान इष्टतम नहीं हैं, इस प्रकार स्थिति के आनुवंशिक आधार पर शोध की आवश्यकता है। आज तक, दुनिया भर में अध्ययनों ने मुख्य रूप से सामान्य आनुवंशिक वेरिएंट पर ध्यान केंद्रित किया है, और 350 से अधिक आनुवंशिक लोकी को शामिल किया है, विशेष रूप से एण्ड्रोजन रिसेप्टर जीन, जो मातृ वंशानुगत एक्स गुणसूत्र पर स्थित है। इसके विपरीत, दुर्लभ आनुवंशिक वेरिएंट की इस सामान्य स्थिति में योगदान पारंपरिक रूप से कम माना गया है। हालाँकि, दुर्लभ वेरिएंट के व्यवस्थित विश्लेषण की कमी रही है। इस तरह के विश्लेषण अधिक चुनौतीपूर्ण होते हैं क्योंकि उन्हें बड़े समूहों की आवश्यकता होती है, और आनुवंशिक अनुक्रमों को आधार दर आधार कैप्चर किया जाना चाहिए। अन्य तरीकों के अलावा, बॉन शोधकताओं ने एक प्रकार के अनुक्रम कर्नेल एसोसिएशन परीक्षण (एसकेएटी) का उपयोग किया, जो दुर्लभ वेरिएंट के साथ जुड़ाव का पता लगाने के लिए एक लोकप्रिय तरीका है, साथ ही जेनरिस्क, जो जीनोमिक सांख्यिकी और जैव सूचना विज्ञान संस्थान में विकसित एक विधि है।

ट्रूडो के बयान के बाद कूटनीतिक कड़वाहट और बढ़ती जा रही

# भारत ने चालीस राजनयिकों को देश छोड़ने को कहा

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्लीः** भारत-कनाडा रिश्तों का पारा और चढ़ गया। नई दिल्ली ने लगभग 40 कनाडाई राजनयिकों को भारत से वापस लौटने का आदेश दिया। यह खबर मंगलवार को सार्वजनिक हुई है। कनाडा को 10 अक्टूबर तक अपने राजनयिकों को नई दिल्ली से हटाना होगा। नई दिल्ली ने ओटावा को ऐसा संदेश दिया है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक नेता की हत्या के बाद दोनों देशों के रिश्ते बेहद खराब हो गए हैं। ऐसे में कूटनीतिक हलके के एक हिस्से का मानना है कि नई दिल्ली के इस निर्देश से दोनों देशों के रिश्ते और भी कड़वे होने वाले हैं।

खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की पिछले साल जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में वहां की संसद में टिप्पणी की थी कि हरदीप की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री की इस शिकायत को नई दिल्ली ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया। वहीं इस घटना के साथ ही दोनों देशों के बीच कूटनीतिक दबाव शुरू हो गया है।

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## वार्ता करने को डीवीसी प्रबंधन तैयार

**रांची:** दो दिनों से लगातार डीवीसी प्लांटों के गेट जाम करने के बाद प्रबंधन ने अब जाकर वार्ता के लिए हामी भरी है। बोकारो थर्मल और चंद्रपुरा में आंदोलन की अगुवाई कांग्रेस के बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह को वार्ता के लिए डीवीसी प्रबंधन की तरफ से कोलकाता का निमंत्रण दिया गया है। गुरुवार तीन बजे दोपहर में डीवीसी चेयरमैन के साथ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बैठक तय की गयी है। जब तक वार्ता नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा और गेट जाम रहेगा। बात की पुष्टि खुद जयमंगल सिंह ने की है। बताया जा रहा है कि संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ विधायक अनुप सिंह आज रात में ही कोलकाता के लिए रवाना हो सकते हैं। उन्होंने दो टूक कहा था कि अगर डीवीसी प्रबंधन एक दिन के अंदर सकारात्मक वार्ता नहीं करता है तो ब्लैक आउट की नौबत आ सकती है।

**आग्रह** सीएम के अधिवक्ता ने ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को लिखा पत्र, कहा

# सीएम के समन का मामला हाईकोर्ट में विचारणीय है, कोर्ट के निर्णय आने तक न करें कारवाई

राष्ट्रीय खबर






**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन को समन जारी कर ईडी के रांची स्थित जनरल कार्यालय में बुलाए जाने मामले में सीएम के अधिवक्ता ने ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को आज यानी 4 अक्टूबर को पत्र लिखा है। इसमें 25 सितंबर को ईडी द्वारा सीएम की उपस्थिति को लेकर जारी समन का हवाला दिया गया है।

पत्र में कहा गया है कि सीएम हेमंत सोरेन ने समन के खिलाफ हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। इस याचिका की त्रुटि हटा ली गई है। हाईकोर्ट की अनुमति से अब मामले की सुनवाई होगी। क्योंकि यह मामला अभी कोर्ट में विचारणीय है। इसलिए जब तक इस मामले को कोर्ट डिसाइड नहीं कर देता है तब तक ईडी द्वारा सीएम को जारी समन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, ऐसी उम्मीद की जा रही है। सीएम के अधिवक्ता द्वारा पत्र में यह भी कहा गया है कि सीएम कानून का पालन करने वाले भारत के एक जिम्मेदार नागरिक हैं, वह कोर्ट के आदेश का अनुपालन करेंगे।

यहां यह बता दें कि ईडी ने पांचवां समन जारी कर सीएम हेमंत सोरेन को 4 अक्टूबर को ईडी के जोनल कार्यालय रांची में उपस्थित होने को कहा था।सीएम हेमंत सोरेन ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि ईडी एवं इसके अधिकारी या कर्मी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाये। याचिका में सीएम ने ईडी द्वारा जारी समन को गलत, अवैध एवं कानून के विरुद्ध बताया है। साथ ही ईडी को आगे भी समन जारी करने से रोक लगाने का अभी आग्रह किया है। सीएम ने ईडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है। कहा है कि यह दोनों धाराएं प्रार्थी हेमंत सोरेन के संवैधानिक अधिकार का हनन करती है।

पीएमएलए की धारा 50 के तहत ईडी को पुलिस अधिकारी जैसा पावर होता है,ईडी पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं। आईपीसी के तहत किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिए गए बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है, लेकिन पीएमएलए एक्ट की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के दिए गए बयान की कोर्ट में मान्यता है। ईडी को मिली शक्तियों के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार ईडी के पास है। याचिका में सीएम का कहना है कि पीएमएलए में किया गया प्रावधान संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकार का हनन करता है।

## झारखंड में भी जातीय गणना कराया जाय : नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को आज ईमेल भेज कर उक्त मांग की है । इन्होंने अपने भेजे गए (ईमेल) में कहा है कि बिहार राज्य में जाति आधारित जातीय गणना कराकर जाति आधारित गणना का रिपोर्ट जारी कर दिया गया है, ताकि भविष्य में जिसकी जितनी भागीदारी उनको उतनी हिस्सेदारी के नीति को अमली जामा पहनाया जा सके । श्री नायक ने आगे कहा कि झारखंड सरकार भी बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी जाति आधारित जातीय जनगणना को विधानसभा के चुनाव से पूर्ण कराए ताकि झारखंड में भी जिसकी जितने भागीदारी उनको उतनी हिस्सेदारी की नीति को अमली जामा पहनाया जा सके श्री नायक ने आगे कहा की झारखंड बचाओ मोर्चा का स्पष्ट मानना है कि जातिगत जनगणना करने से सरकार के पास एक ऑथेंटिक सरकारी आंकड़ा सभी जातियों का मिलना सुनिश्चित होगा जिससे आने वाले दिनों में यह जानकारी मिलेगी कि कौन सी जाति की कितनी जनसंख्या है और उसकी आर्थिक ,सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति क्या है उस आधार पर आरक्षण एवं अन्य सरकारी सुविधा देकर उनको हरेक क्षेत्र में हिस्सेदारी तथा भागीदारी दिया जा सकेगा । झारखंड बचाओ मोर्चा माननीय मुख्यमंत्री को स्मरण करता है कि जातीय आंकड़ा , अति पिछड़ा एवं पिछड़ा वर्ग का नहीं रहने के कारण संपूर्ण देश के साथ-साथ झारखंड में भी इस वर्ग को समुचित भागीदारी नहीं दी जा रही है जिस कारण एक बड़ी आबादी को संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है।

जमीन घोटाले मामले में पूछताछ करना चाहती है ईडी

# मुख्यमंत्री की याचिका पर 6 अक्टूबर को झारखंड हाई कोर्ट में होगी सुनवाई

राष्ट्रीय खबर




**रांची:**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा हाई कोर्ट में दाखिल क्रिमिनल रिट पिटीशन पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन के बेंच में सुनवाई होगी। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जहां सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट जाने को कहा था।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 23 सितंबर को झारखंड हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल कर ईडी के समन को चुनौती दी है। मुख्यमंत्री ने अपने समन के माध्यम से धन शोधन रोकथाम कानून 2002, की धारा 50 और 63 की वैधता पर सवाल उठाया है। पीएमएलए की धारा 50 के तहत ईडी को पुलिस अधिकारी की तरह ही पावर होता है। ईडी को धारा 50 के तहत पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार है। जो कि गलत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजधानी रांची के हिनू रोड स्थित क्षेत्रीय परिवर्तन निदेशालय की ओर से पांच समन भेजा जा चुका है। ईडी की ओर से भेजे गए पांचों समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाजिर नहीं हुए हैं। उन्हें 14 अगस्त, 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर और 4 अक्टूबर को हाजिर होने का समन भेजा गया था। जमीन घोटाले मामले में छापेमारी के दौरान ईडी को बड़गाईं अंचल सीआई भानुप्रताप के घर से कई बॉक्स भर कर जमीन के कागजात बरामद किए थे। उनमें जमीन के कई ऐसे कागजात थे, जिनमें काट-छांट कर मूल नाम की जगह दूसरे के नाम दर्ज थे। ईडी ने 13 और 26 अप्रैल को छापामारी की थी। इसके बाद कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इसी मामले में ईडी मुख्यमंत्री से पूछताछ करना चाहती है। ईडी ने रजिस्ट्री आफिस के सर्वे के दौरान भी कुछ ऐसे कागजात बरामद किए थे, जिनके तार हेमंत सोरेन से जुड़े हुए हैं।

# लूट और भ्रष्टाचार में शामिल हेमंत सोरेन जाएंगे होटवार जेल: बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को अपनी 56वीं संकल्प सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला। छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा में कहा कि सीएम कहते हैं कि वे शिबू सोरेन के बेटा हैं, किसी से डरते नहीं। हेमंत है तो हिम्मत है, सब नारे निरर्थक साबित हुए. आज मुख्यमंत्री को लूट और भ्रष्टाचार पर पूछने के लिए ईडी बार बार बुला रही और वे भागे-भागे फिर रहे. सीएम लाख भाग दौड़ कर लें लेकिन होटवार जेल का कमरा उनका बेसब्री से इंतजार कर रहा। कई साथी सहयोगी पहले से वहां पहुंच चुके हैं.पूर्व सीएम ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्य की बागडोर जनता ने उन्हें लूटने के लिए नहीं दी थी. लेकिन आज राज्य में कोयला,बालू,पत्थर,लोहा सबकी लूट मची है। हेमंत सोरेन और उनका परिवार स्वयं जमीन की लूट में शामिल है।नाम बदल, बदल कर लूटा है। जनसभा में जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय के अलावा योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, विधायक पुष्पा देवी,पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, मनोज भुइयां सहित अन्य भी मौजूद थे।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आम आदमी को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा लेकिन दलाल, लुटेरे बालू को मुंबई, कोलकाता ,दिल्ली भेज रहे। पुलिस उनको सहयोग कर रही क्योंकि लूट का पैसा हेमंत सोरेन की तिजोरी में जा रहा है।

## झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष ने भारतीय शिष्टमंडल के स्वागत समारोह का उद्घाटन किया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** घाना में भारतीय उच्चायोग ने होटल केम्पेस्की में भारतीय शिष्टमंडल के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीद्र नाथ महतो ने इस समारोह में भाग लिया और दीप प्राज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस समारोह में भारतीय शिष्टमंडल में शामिल भारत के सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष एवं लोकसभा के सदस्य गण शामिल हुए। घाना के संसद के बहुमत दल के सदन नेता ओसी केयी मेन्सा बोन्सु भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि घाना में अमेरिका की तरह अध्यक्षीय शासन प्रणाली है। शासनाध्यक्ष राष्ट्रपति होते हैं और सत्ता के पृथक्करण के सिद्धांत के तहत संसद स्वतंत्र रूप से कार्य करती है। ज्ञातव्य है कि 6 दिवसीय दौरे पर झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष घाना की राजधानी अकरा में हैं। यहाँ 66 वां राष्ट्रमंडल संसदीय संगठन की बैठक आयोजित की गयी जिसमे 60 से अधिक देशों के संसद एवं विधान सभा के अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल हुए हैं।

**नियोजन** जनहित के काम प्राथमिकता के साथ करें नवनियुक्त पदाधिकारी

# निजी क्षेत्र में भी रोजगार देने का सिलसिला जारी: हेमन्त सोरेन

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो से लगातार विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्ति हो रही है, आज यह कोई पहला अवसर नहीं है बल्कि पिछले कई अवसरों पर हमारी सरकार ने झारखंड मंत्रालय के इस सभागार में राज्य के युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में शिक्षक सहित विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की जानी है। हमारी सरकार ने डीएसपी, बीडीओ, सीओ सहित राज्य में पहली बार खेल पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, लैब साइंटिस्ट की भी नियुक्तियां की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बनने के बाद पहली बार जेपीएससी की नियमावली बनी। इससे पहले जो भी बहाली होती थी, वह कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फंस जाता था। वे आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत झारखण्ड नगरपालिका सेवा के 47 सहायक अभियंता तथा वाणिज्य-कर विभाग अंतर्गत लिपिकीय सेवा संवर्ग के 46 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ हमने निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में स्थानीय युवक -युवतियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है, ये रोजगार जाने-माने औद्योगिक समूहों में मिला है। हमारी सरकार ने राज्य में स्थापित औद्योगिक सेक्टरों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी मिले, इस बाबत नियम बनाएं हैं। जिससे अब झारखंड के युवक-युवतियों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार सृजन का रास्ता साफ हुआ है। राज्य के कई जिलों में रोजगार मेला लगाकर कहीं 10 तो कहीं 12 हजार युवक- युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गए हैं। नियुक्ति पत्र बांटने का सिलसिला निरंतर जारी है। यह निश्चित रूप से मन को सुकून देने वाले कार्यक्रम रहे। ये नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पूरे राज्य के लिए खुशी का मौका बना। हमारी सरकार सिर्फ पढ़े-लिखे अभ्यर्थियों को ही नहीं बल्कि कम पढ़े-लिखे तथा मजदूर वर्ग के युवक-युवतियों के लिए भी रोजगार का मार्ग प्रशस्त करने की जिम्मेदारी उठा रही है। राज्य की जनता को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए लागू किया सर्वजन पेंशन योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना शुरू करने का निर्णय इसलिए लिया, क्योंकि इस राज्य के बुजुर्गों विधवाओं और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा दे सकें। सामाजिक सुरक्षा अगर समाज के अंदर नहीं है तो विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अलग पहचान के रूप में झारखंड अपने आप को खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि वित्त प्रबंधन में हम गुजरात से भी आगे हैं और देश के पांचवें राज्य में हम शुमार हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को मालूम है कि जब हमारी सरकार बनी तो कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया। दो-ढाई वर्ष तक सरकार लोगों की जीविका और जीवन को बचाने में ही लगी रही। इसके बाद हमारी सरकार ने विकास को गति देने की शुरूआत की । कई नई योजनाएं शुरू की गई । इसी दौरान हमें सुखाड़ जैसी स्थिति का भी सामना करना पड़ा। लेकिन इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए इस राज्य और राज्य वासियों के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

## पेज एक का शेष

### सिक्किम में पांच मरे अनेक लापता .. .. ..

कर रही हैं, ताकि वे हेलीकॉप्टरों का उपयोग करके आवश्यक क्षेत्रों में तैनाती का प्रयास कर सकें। श्री बिस्ता ने कहा, हम बचाव और राहत प्रयासों के समन्वय के लिए मिलकर काम करेंगे और साथ मिलकर इस आपदा पर काबू पा लेंगे। मैं व्यक्तिगत रूप से सभी स्थानों का दौरा और यथासंभव मदद करूंगा।

पता चला है कि उत्तर सिक्किम में मंगन और चुंगथांग को जोड़ने वाला पुल बाढ़ में बह जाने के कारण चुंगथांग शहर अन्य क्षेत्रों से कट गया है। गंगटोक के एसपी तेनजिंग लोडेन लेप्चा ने कहा कि पूर्वी सिक्किम के सिंगतम और रंगपो के निवासियों को ऊंचे इलाकों में पहुंचाया गया है। उत्तरी सिक्किम में एक हिमनदी लोकतक झील के फटने से जल स्तर में वृद्धि हुई है।

### बाल विवाह में एक .. .. ..

चलाए गए इस विशेष अभियान ने असम के विभिन्न जिलों में इस समस्या की व्यापकता को उजागर किया है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बाल विवाह में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिसमें पति, रिश्तेदार और यौन संबंध बनाने वाले शामिल हैं।

इससे पहले 11 सितंबर को हिमंत बिस्व सरमा ने असम विधानसभा को बताया था कि पिछले पांच वर्षों में बाल विवाह से संबंधित मामलों में कुल 3,907 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 3,319 पर यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम, 2012 (पॉक्सो)के तहत मामला चल रहा है।फरवरी में जब असम पुलिस ने बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया, तो राज्य भर में 5,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सरमा ने दावा किया है कि 2026 के भीतर असम बाल विवाह मुक्त राज्य बन जाएगा। उन्हों ने कहा, ह्वछह महीने पहले असम में बाल विवाह के आरोप में 5,000 लोगों को गिरफ्तार किया था। मैं जी20 बैठक के समापन का इंतजार कर रहा था। अब बाल विवाह के आरोप में 2,000-3,000 पुरुषों को गिरफ्तार किया जाएगा।असम से बाल विवाह को खत्म करना होगा।

इस बीच, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता और सांसद गौरव गोगोई ने 4 अक्टूबर को असम के सिलचर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य के अन्य ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के प्रयास में बाल विवाह के मामलों पर कार्रवाई शुरू करके केवल एक नाटक कर रही है।

मीडिया से बात करते हुए गोगोई ने कहा, हम बाल विवाह के समर्थन में नहीं हैं, लेकिन भाजपा को नहीं पता कि इस सामाजिक बुराई से कैसे निपटा जाए या इसका पूर्ण समाधान कैसे लाया जाए. अब मान लीजिए कि आपको पेट दर्द है, लेकिन आपका अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया जाता है, तो क्या इससे आपका पेट दर्द खत्म हो जाएगा? पेट दर्द बना रहेगा। वास्तव में, यह सरकार इस सामाजिक बुराई को समाप्त नहीं करना चाहती है। टीआरपी खींचने और नकारात्मक खबरों से बचने के लिए, क्योंकि सरकार बैकफुट पर थी, जैसे कि कमलाख्या पुरकायस्थ को सतर्कता भेजना या यहां तक कि मेरे साथ लड़ना, सीएम सिर्फ नकारात्मक टीआरपी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना करते हुए गोगोई ने कहा कि जिस दिन पुलिस, जांच एजेंसियां और अन्य राजनीतिक पकड़ से स्वतंत्र हो जाएंगे, उस दिन भाजपा राजनीतिक क्षेत्र से गायब हो जाएगी।

वे राज्य में विपक्षी विधायकों, राजनीतिक नेताओं को धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। आज की तारीख में विपक्षी सांसद, विधायक के खिलाफ जिस तरह की कार्रवाई शुरू की गई है. जिस तरह से विपक्षी सांसद, विधायक मुख्यमंत्री को जवाबदेह ठहरा रहे हैं, उसके बाद सीएम सतर्कता का सहारा लेकर बचने की कोशिश करते हैं. ये सारी गतिविधियां इस बात का सबूत हैं कि एक राजनीतिक दल के रूप में भाजपा कितनी कमजोर है। जब आप सीबीआई, आयकर, ईडी को भाजपा से हटा देंगे तो पार्टी राजनीतिक क्षेत्र से गायब हो जाएगी। आज की तारीख में अगर भाजपा अपनी शक्ति दिखा रही है, तो यह सब पुलिस और अन्य एजेंसियों के दुरुपयोग के कारण है।

### बीमार अजीत पवार की बैठक .. ..

ही अजित पवार के सरकार में शामिल होने से नाखुश था। शिंदे गुट को यह सत्ता साझेदारी पसंद नहीं आई। उन्हें लगता है कि उनका एक हिस्सा मारा गया है। अजित गुट के सत्ता में आने के बाद कैबिनेट विस्तार का इंतजार कर रहे विधायकों में भी असंतोष है।

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के एक नेता ने दावा किया कि इस समय पलक के मंत्री पद का मुद्दा भाजपा के दिग्गजों के लिए या सिर्फ कैबिनेट विस्तार के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। शिंदे-फडणवीस के दिल्ली दौरे का असली मकसद यह है कि अगले कुछ दिनों में सुप्रीम कोर्ट शिंदे की पार्टी को पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह देने के खिलाफ शिवसेना बनाम चुनाव आयोग मामले पर अपना फैसला सुना सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले फैसले में जो रुख अपनाया था, उसे देखते हुए आने वाला फैसला शिंदे गुट की मुश्किलें बढ़ा सकता है। इसे लेकर सरकार में एक तरह की घबराहट है। सिंध-फडणवीस की दिल्ली यात्रा का असली मकसद यही हो सकता है।

### पुरुषों में बालों के झड़ने .. ..

के झड़ने पर पिछले शोध, जिसे एंड्रोजेनेटिक एलोपेसिया भी कहा जाता है, ने कई सामान्य आनुवंशिक वेरिएंट को शामिल किया है।

यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ऑफ बॉन (यूकेबी) के मानव आनुवंशिकीविदों और बॉन विश्वविद्यालय की ट्रांसडिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट लाइफ एंड हेल्थ ने अब एक व्यवस्थित जांच की है कि किस हद तक दुर्लभ आनुवंशिक वेरिएंट भी इस विकार में योगदान कर सकते हैं। शोध में 72,469 पुरुष यूके बायोबैंक प्रतिभागियों के आनुवंशिक अनुक्रमों का विश्लेषण शामिल था। इस व्यापक डेटा सेट के भीतर, बॉन आनुवंशिकीविदों ने आईजीएसबी और यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल मारबर्ग में सेंटर फॉर ह्यूमन जेनेटिक्स के शोधकताओं के साथ मिलकर दुर्लभ जीन वेरिएंट की जांच की जो एक प्रतिशत से भी कम आबादी में पाए जाते हैं। आधुनिक जैव सूचना विज्ञान और सांख्यिकीय तरीकों का उपयोग करते हुए, उन्होंने निम्नलिखित पांच जीनों में पुरुष-पैटर्न बालों के झड़ने और दुर्लभ आनुवंशिक वेरिएंट के बीच संबंध पाया, जो क्रमशः ईडीए2आर, डब्ल्यूएनटी10ए, एचईपीएस, सीईपीटी 1 और ईआईएफ3 एफआई हैं। अध्ययनों में लगातार पुरुष-पैटर्न बालों के झड़ने के साथ सबसे मजबूत संबंध दिखाया है। अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि जिन जीनों को त्वचा और बालों दोनों को प्रभावित करने वाली दुर्लभ वंशानुगत बीमारियों (जैसे एक्टोडर्मल डिस्प्लेसिया) का कारण माना जाता है, वे पुरुष-पैटर्न बालों के झड़ने के विकास में भी भूमिका निभा सकते हैं। शोधकताओं को उम्मीद है कि उनके द्वारा खोजे गए पहेली टुकड़े बालों के झड़ने के कारणों की समझ में सुधार करेंगे, और इस प्रकार विश्वसनीय जोखिम भविष्यवाणी और बेहतर उपचार रणनीतियों की सुविधा प्रदान करेंगे।

### भारत ने चालीस राजनयिकों .. .. ..

भारत सरकार ने भारत में रहने वाले या आने वाले कनाडाई नागरिकों के लिए कुछ यात्रा दिशानिर्देश जारी किए हैं। दूसरी ओर, भारत के विदेश मंत्रालय ने कनाडा में रहने वाले भारतीय छात्रों और नागरिकों को बेहद सावधान रहने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। भारत सरकार ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने पर रोक लगाने का फैसला किया है। जब दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अशांत थे, तो ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के लिए फिर से भारत पर उंगली उठाई। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कनाडा के खिलाफ प्रस्ताव रखा। जयशंकर ने हाल ही में वाशिंगटन में कहा, एक बाध्यता थी। हमारे राजनयिकों, दूतावासों के खिलाफ हिंसा फैलाई जा रही थी। वे वीजा जारी करने के लिए कार्यालय कैसे जाएंगे? यह कानून व्यवस्था का सवाल है। वियना कन्वेंशन का प्रश्न। वियना कन्वेंशन के मुताबिक हमें अपने राजनयिकों, दूतावासों को सुरक्षा देनी होगी।

**शहर >> अपडेट**

### मनायी आचार्य रामचंद्र शुक्ल की जयंती

**रांची:** हिंदी साहित्य के व्यवस्थित इतिहास के प्रथम लेखक, महान साहित्यकार और कवि आचार्य रामचंद्र शुक्ल की 139वीं जयंती के अवसर पर झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान में ऑनलाइन संगोष्ठी सह शब्द भावांजलि आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत सुनीता कुमारी द्वारा मां शारदे की वंदना से हुई। मंच के सदस्य हिमकर श्याम ने मुख्य अतिथि के रूप में डॉ जेब पांडेय, संरक्षक विनय सरावगी एवं सभी रचनाकारों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में मूर्धन्य साहित्यकार एवं समीक्षक आचार्य रामचंद्र शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनसे जुड़े संस्मरण सुनाए। समारोह की अध्यक्षता कर रहे निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने आचार्य रामचंद्र शुक्ल की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक समीक्षा-कृतियों, हिंदी साहित्येतिहास लेखन की परंपरा और प्रसिद्ध अंग्रेजी समीक्षक टीएस इलियट और आचार्य रामचंद्र शुक्ल के काव्य प्रतिमानों की चर्चा की और कविता पाठ किया।

**घोषणा**

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने की घोषणा

# झारखंड में दूध पर पशुपालकों को तीन रुपए प्रति लीटर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

- सीएम ने बुधवार को पलामू में मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया
- पशुपालकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर पशु उपलब्ध कराये जायेंगे



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने घोषणा की है कि पशुपालकों को 3 रुपये प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री रामेश्वर उराव मौजूद भी थे। सीएम ने बुधवार को पलामू में मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि पशुपालकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर पशु उपलब्ध कराये जायेंगे। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि पिछली सरकार ने इसे लटका कर रखा था। झारखंड में पांच लाख लीटर दूध उत्पादन का लक्ष्य है। मंत्री ने कहा कि जब खेती करनी थी तो बारिश नहीं हुई, अब बारिश हो रही है। इस बारिश से रबी की फसल को नुकसान होगा, दुग्ध उत्पादन वैकल्पिक आय का साधन है। मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पलामू क्षेत्र की पहचान बदल रही है। पलाश और लाह का उत्पादन कम हो रहा है। लाह और पलाश को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। महुआ को संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डेयरी में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार दिया जाएगा, साथ ही पशुओं के चारे की समस्या का भी समाधान किया जाएगा। पलामू के मेदिनीनगर सदर प्रखंड के चियांकी के गणके स्थित मेधा डेयरी प्लांट का सीएम हेमंत सोरेन ने उद्घाटन किया।

सीएम ने मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण भी किया। इस दौरान वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक रामचंद्र सिंह मौजूद थे। चियांकी के गणके में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट 28 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके उद्घाटन के लिए सीएम हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से चियांकी हवाईअड्डे पर उतरे। एयरपोर्ट पर पलामू कमिश्नर मनोज जायसवाल, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी शशिरंजन और एसपी रिष्मा रमेशन ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर सीएम को सलामी दी गई, जिसके बाद सीएम सड़क मार्ग से डेयरी प्लांट पहुंचे। मेधा डेयरी के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट से 25 हजार से ज्यादा पशुपालकों को फायदा होने वाला है। पलामू का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट राज्य का सातवां ऐसा प्लांट होगा। पलामू के मेधा प्लांट से 62 दूध संग्रहण केंद्र और 230 गांव जुड़े हुए हैं। पहले यहां 50 हजार लीटर दूध का उत्पादन होता था, जो प्लांट तैयार होने पर बढ़कर 2.15 लाख हजार लीटर हो जाएगा।

जिउतिया पर्व के कारण बढ़े सब्जियों के भाव

## रांची में 400 रुपये प्रति किलो पहुंचा सतपुतिया का रेट



- पिछले तीन दिनों से जोरदार वर्षा हो रही है
- राजधानी में सब्जियों की कीमत आसमान छू रही हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राजधानी सहित राज्य के ज्यादातर इलाकों में पिछले तीन दिनों से जोरदार वर्षा हो रही है। खेतों में लगे धान और अन्य खरीफ की फसलों के लिए फायदेमंद ये बारिश सब्जियों की खेती के लिए हानिकारक साबित हुई है। खेतों में लगी सब्जियां बर्बाद हो जाने और जिउतिया पर्व की वजह से इन दिनों राजधानी में सब्जियों की कीमत आसमान छू रही हैं। बेटे-बेटियों के दीर्घायु और नीरोग रहने की कामना के साथ किया जानेवाला जिउतिया पर्व का नहाय-खाय कल है। व्रत संकल्प नहाय खाय से शुरू हो जाता है।

नहाय खाय के दिन इस्तेमाल होनेवाली सब्जियां-साग की कीमत आसमान छू रही हैं। अरगोड़ा सब्जी बाजार में सतपुतिया जहां 400 रुपये किलो बिक रहा है, वहीं नोनी साग 300 रुपये किलो, कंदा 60 रुपये किलो और कोहड़ा 80 रुपये किलो बिक रहा है। पूजा करने वाली महिलाएं 100 ग्राम सतपुतिया 40 रुपये में और 100 ग्राम नौनी साग 30 रुपये में लेती दिखीं। अरगोड़ा सब्जी बाजार में सब्जियां खरीद रहीं महावीर नगर की प्रियंका मिश्रा बढ़े हुए दाम के लिए बारिश को जिम्मेदार नहीं मानती हैं उनका कहना है कि पर्व त्योहार में ये लोग दाम बढ़ा ही देते हैं। वहीं सब्जी विक्रेता तेतरी देवी कहती हैं कि थोक सब्जी मंडी में ही दाम बढ़ा हुआ है, इस कारण से रेट हाई है। उन्होंने कहा कि वे लोग तो बेहद कम मुनाफे पर सब्जी बेच रहे हैं। रांची के कृषि पदाधिकारी राम शंकर प्रसाद सिंह ने बताया कि लगातार हो रही वर्षा के चलते सब्जियों को नुकसान हुआ है। ऐसे में क्षणिक रूप से दाम बढ़े हुए हैं। मौसम साफ होने के बाद कुछ दिन में कीमतें सामान्य हो जाएंगी।

## बीआईटी मेसरा में टेक्निकल बेस्ड सेमिनार का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** बीआईटी मेसरा में टेक्निकल बेस्ड सेमिनार आयोजन किया जा रहा है। इसका इंरोरेशन 5 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यक्रम 5 अक्टूबर से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में बिहार के गजल गायक अभिषेक पाठक भी आएंगे। इसमें कई तरह के इवेंट भी होंगे। 5 अक्टूबर को इनॉग्रेशन नाइट विद गजल सेशन, 6 अक्टूबर को कल्चरल नाइट, 7 अक्टूबर को बंद नाइट और 8 अक्टूबर को क्लोजिंग सेरिमनी एंड प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम होगा। इसमें बीआईटी के सभी छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस दौरान 6 अक्टूबर को 16 इवेंट, 7 अक्टूबर को 17 इवेंट और 8 अक्टूबर को 16 इवेंट आयोजित होंगे। उपरोक्त जानकारी इवेंट कॉर्डिनेटर डॉ। प्रियंग सक्शेना और नीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का थीम कॉस्मिक ओडिसी है। जिसमें स्पेस के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को दिखाया जाएगा। वहीं 8 अक्टूबर को गूगल डेब्लपमेंट ग्रुप के लोग आएंगे और अपने विचारों को रखेंगे। कार्यक्रम में बीआईटी समेत ट्रिपल आईटी रांची, एनएलयू रांची, आईएसएम धनबाद, एनआईटी जमशेदपुर समेत देशभर के कई विश्वविद्यालय पार्टिसिपेट करेंगे।

आईसीएआर जेआरफ में

## कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है क रांची कृषि महाविद्यालय के सत्र (2019-23) के 14 छात्र-छात्राओं को इसमें सफलता मिली है। इन्हें देश के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों के मास्टर पाठ्यक्रम में तो प्रवेश सुनिश्चित हुआ ही है, आल इंडिया रैंक 60 के अंदर आनेवालों को मासिक फेलोशिप भी मिलेगी। नुशरत जहाँ और वैष्णवी रानी को सामाजिक विज्ञान और पादप विज्ञान में क्रमशः 9वां और 17वां आल इंडिया रैंक प्राप्त हुआ है ।

## उन्नति परियोजना से 1422 अकुशल मजदूर हुए कुशल, मिलेगी नौकरी, करेंगे स्वरोजगार



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मनरेगा के तहत संचालित उन्नति परियोजना से इस वित्तीय वर्ष में 1422 अकुशल मजदूरों को विभिन्न विषयों में ट्रेंड कर कुशल बना दिया गया है। इन्हें बिजली का काम, प्लंबर, सिलाई सहित अन्य कई स्वरोजगार जैसे ट्रेड में प्रशिक्षित कर दिया गया ताकि वे मजदूरी छोड़कर अपना रोजगार कर सके।

इन ट्रेंड कुशल श्रमिकों को विभिन्न संस्थानों में प्लेसमेंट कराके नौकरी दिलायी जायेगी या फिर वे स्वरोजगार कर सकेंगे। बुधवार को इस परियोजना का सफल क्रियान्वयन कर ससमय मनरेगा श्रमिकों का प्रशिक्षण पूर्ण करवाने एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। ग्रामीण विकास मंत्रालय की उन्नति परियोजना के तहत अधिकतम 45 वर्ष तक की उम्र के मनरेगा श्रमिकों का कौशल विकास किया जा रहा है, जिससे वे अपनी आय का स्थाई साधन प्राप्त कर सकें। इस परियोजना के अंतर्गत राज्य में अब तक 1422 मनरेगा श्रमिकों के कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। इन प्रयासों में कुछ नयी कड़ियों को जोड़ते हुए अब राज्य में मनरेगा के तहत इस वित्तीय वर्ष 200 श्रमिकों को उन्नति परियोजना के तहत मनरेगा अंतर्गत काम करने वाले परिवारों को कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि ग्रामीण परिवारों के समक्ष रोजगार के कई विकल्प खुलें और वे आत्मनिर्भर बन सकें। मनरेगा आयुक्त ने उन्नति परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

**मांग**

जेएसएससी परीक्षा में आरक्षण की मांग

# आंगनबाड़ी सेविकाओं का राजभवन के सामने धरना

- आंगनवाड़ी वर्कर्स को महिला पर्यवेक्षिका की बहाली में आरक्षण मिले
- राज्य में ऐसी नियमावली बन रही है कि एक भी नियुक्ति नहीं हो रही है
- राज्य बिहार में 15 दिनों में परीक्षा और परिणाम, दोनों आ रहे हैं



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ और इसके अनुषंगी संगठन झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ ने बुधवार को अपनी मांगों के समर्थन में सीएम आवास का शांतिपूर्ण घेराव किया। मोरबाहादी मैदान से संघ प्रतिनिधियों का जत्था निकला जो राजभवन के सामने धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। सेविका सहायिका संघ की प्रदेश अध्यक्ष माला देवी ने इस मौके पर कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्स को महिला पर्यवेक्षिका की बहाली में आरक्षण मिले। उम्र सीमा में छूट भी दी जाए। विषय और शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता को सरकार शिथिल करे। सेविका, सहायिकाओं को केंद्रीय मानदेय मद की राशि में वृद्धि हो तथा हर माह 5 तारीख को भुगतान तय हो।

मौके पर कर्मचारी महासंघ के सुशील कुमार पांडेय सहित अन्य भी उपस्थित थे। सुशील पांडेय ने कहा कि घेराव कार्यक्रम का मकसद लोकप्रिय सीएम को बदनाम करना नहीं है। उनके इर्द-गिर्द बैठे सलाहकार शकुनी स्वभाव के नौकरशाह बैठे हैं। उनके द्वारा राज्य के मेहनतकश आवाम को उकसाकर अशांति फैलाने की साजिश है। सीएम इनसे सावधान रहें। राज्य के अनुबंध कर्मियों के मुद्दे पर सीएम अधिकारियों द्वारा उत्पन्न खटास को सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठकर समाधान ढूंढें।

अनुबंध कर्मियों के मामले में विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बनी कमिटी की रिपोर्ट देखें। कितने संविदाकर्मियों का पिछले 4 सालों में स्थायीकरण हुआ है, इसकी पड़ताल करें। राज्य में ऐसी नियमावली बन रही है कि एक भी नियुक्ति नहीं हो रही है। पड़ोसी राज्य बिहार में 15 दिनों में परीक्षा और परिणाम, दोनों आ रहे हैं। सरकार गंभीरता दिखाए। जल्द ही विधानसभा सम्मेलन की शुरूआत दुमका से होगी। ऐसे में सरकार संविदा कर्मियों के मामले में समान काम, समान वेतन, वार्षिक सेवा नवीनीकरण से मुक्ति, इपीएफ, बीमा, सामाजिक सुरक्षा सहित दूसरे बिंदुओं पर कदम उठाए।

### 37 वें राष्ट्रीय खेल के लिए वुशु प्रशिक्षण शिविर

**रांची:** खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से झारखंड वुशु एसोसिएशन के द्वारा वुशु प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मेगा सपोर्ट्स काम्प्लेक्स स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 23 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद वुशु टीम 28 तारीख को गोवा के लिए रवाना होंगी। इसकी जनकारी देते हुए झारखंड वुशु एसोसिएशन के सचिव सह मुख्य कोच शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि नेशनल गेम्स के लिए सानसाउ एवं ताऊलू दोनों ही प्रतिस्पर्धा में कुल 15 खिलाड़ियों ने क्वालिफाई किया है। खिलाड़ियों को मणिपुर से आये कोच रतन सिंह प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### गौशाला का गोबर सड़क पर बहने से नागरिक परेशान



**रांची:** कई दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गयी है। शहर के कई क्षेत्रों में कीचड़ और सड़कों पर नाली का पानी बहने से नागरिक परेशान है। इधर, रांची गौशाला के पीछे रहने वाले लोगों के समक्ष नई परेशानी उत्पन्न हो गयी है। लगातार हुई बारिश से गौशाला का गोबर पानी के साथ बहकर पिछले गेट से सड़क पर बहने लगा। इससे सड़क के साथ नालियां जाम हो गयी। पूरी सड़क गोबर से भर गया। जिससे इस सड़क पर चलना दूभर हो गया। कुछ देर बारिश रूकने पर गोबर सुखने से थोड़ी राहत मिलती है। लेकिन फिर रूक रूक कर बारिश होने से गोबर गिला होकर सड़क पर बहने लगती है। इससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गौशाला का गोबर सड़क पर बहने से पिछले तीन दिनों से हमलोगों का चलना फिरना दूभर हो गया है। खास कर स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गो को ज्यादा परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि उनके बच्चें स्कूल बस पकड़ने के लिए हरमू रोड जाते है। बहुत से ऐसे परिवार है जिनके पास वाहन नहीं है। तो ऐसे बच्चें स्कूल यूनिफार्म के जूते उतार कर खाली पैर सड़क तक जाते है। फिर वहां पैर धोकर जूते पहनते है। इसी तरह महिलाओं को भी आने जाने में बहुत समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है।

### डीएवी हेहल की आदया को तीसरा स्थान

**रांची:** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की चौथी कक्षा की छात्रा आदया झा ने स्वर्गीय चंपा देवी झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जे. के. इंटरनेशनल स्कूल, अगरु रांची में किया गया था। जिसमें झारखंड के कई टेबल टेनिस खिलाड़ी शामिल हुए थे। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने आदया झा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस का खेल विद्यार्थियों के लिए एक बहुत अच्छा खेल है। इससे बच्चों की एकाग्रता बढ़ती है तथा वे अपने आपको बेहतर बना पाते हैं। रांची जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सुदिप्त मुखर्जी ने कहा कि आदया झा एक बहुत अच्छी खिलाड़ी है। मैंने उसे खेलते हुए देखा है। वह एक दिन अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करेगी।

### निबंध लिखकर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रांची:** झारखंड स्वास्थ्य मिशन एवं स्वीच ऑन फाउंडेशन के सौजन्य से पर्यावरण से संबंधित निबंध प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक आयोजन किया गया। कार्यक्रम कोकर के एसपी आदर्श पब्लिक स्कूल,आदर्श नगर में किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ में सभी को ओआरएस भी दिया गया। शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो। ताकि पेड़ पौधों के कटने से होनेवाले नुकसान से बचा जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी, स्वीच ऑन फाउंडेशन के विवेक चंद्र गुप्ता, महेश विश्वकर्मा, एसपी आदर्श पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राम स्वरूप प्रसाद, प्रिंसिपल नीलम सिन्हा तथा लता परिहार आदि का योगदान रहा।

### कुडुख भाषा साहित्य को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

**रांची:** कुंडुख सोसाइटी ऑफ इंडिया के झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार ने कहा कि कोलकाता में हुई तीन दिवसीय कुंडुख भाषा का राष्ट्रीय सम्मेलन एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सम्मेलन से वापस रांची आने पर कहा कि सम्मेलन में 13 राज्यों के कुँडुख साहित्यकार, प्रोफेसर, शिक्षक, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में कुँडुख भाषा साहित्य के संरक्षण-संवर्धन एवं विकास की दिशा में गंभीर विचार विमर्श के बाद अधिक से अधिक कुँडुख साहित्य की रचना कर प्रकाशित करने की दिशा में बल दिया गया। कुंडुख भाषा को भारत के आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर भी विमर्श किया गया। सम्मेलन में सोसाइटी की ओर से बेस्ट पीएचडी अवॉर्ड डॉ सीता कुमारी और बेस्ट कुँडुख साहित्यकार प्रो प्रेमचंद उरांव एवं बेस्ट एमए अवॉर्ड निपुल लकड़ा को सम्मानित किया गया। सोसायटी द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका कुँडुख डहरे भाग-1,भाग-2 और कुँडुख बओत एवं चुनू मुनु खद्द खीरी पुस्तक का विमोचन किया गया। बिरेंद्र उरांव ने बताया कि कुँडुख भाषा का 17वां राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल (मध्य प्रदेश) में होगा।

### हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्ले पहुंचे रांची



**रांची:** गूंज परिवार द्वारा आयोजित खेलो सिल्ली अभियान के तहत सिल्ली स्टेडियम में झारखंड प्रीमियर लीग का शुभारंभ आज से हुआ। सिल्ली के स्टेडियम में आयोजित समागम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।आयोजन में देश-विदेश के नामी-गिरामी फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच गांवों के प्रतिभावान खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। जबकि कई बड़े खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेल का हिस्सा भी बनेंगे। बाहर से आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों पर सबकी नजर हैं। हॉकी के जादूगर धनराज पिल्ले राज्य के हॉकी खिलाड़ियों को टिप्स भी देंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के साथ भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया, आई एम विजयन, जो पॉल अनचेरी और हॉकी के जादूगर धनंराज पिल्ले सरीखे महान खिलाड़ी विशेष तौर पर शामिल होंगे।

### सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान कांके में चलाया

**रांची:** कांके विधानसभा के जयपुर पंचायत में सामाजिक न्याय पार्टी का जनसंपर्क जागरूकता अभियान के तहत लोकहित अधिकार पार्टी का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद एवं संचालन विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक ने किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज तक ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले असंख्य दबे कुचले वंचित शोषित उपेक्षित वर्गो को सामाजिक न्याय नहीं मिल पाया है और ना ही राजनीतिक भागीदारी। अभियान में विद्या भूषण पाठक, उमेश प्रसाद सिंह, समीर पाल, संजीव घोष, संजीत उरांव, मिंटू जायसवाल, हरि साव, निरंजन यादव, राजेश साहू, विमल शाहा, संजय कुमार, परमेश्वर यादव, लिकेश कुजूर, प्रदीप वर्मा, राहुल सिन्हा, अजय क्षत्रीय, मनीष थापा तथा विवेक नायक आदि शामिल थे।

शहर >> अपडेट

## पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो :** महिला कल्याण समिति ढोरी बोकारो द्वारा स्वीच ऑन फाउंडेशन के सौजन्य से आदर्श मध्य विद्यालय ढोरी, बेरमो मे छात्र छात्राओं के बीच पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल ढोरी क्षेत्र ध के स्टाफ ऑफिसर पर्यावरण गौरव कुमार ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का उद्घघाटन किया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## ढोरी क्षेत्र में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सम्पन्न

**बेरमो :** मंगलवार को संयुक्त मोर्चा की के बैनर तले महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में ढोरी क्षेत्र में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम संयुक्त मोर्चा के बैनर तले किया गया।

## मनरेगा कार्य में जेसीबी के उपयोग का ग्रामीणों ने किया विरोध

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कौडिया में मुखिया के द्वारा मनरेगा कार्य के तहत जेसीबी मशीन से सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इसके वजह से मनरेगा के तहत आने वाले मजदूर को काम नही मिल पा रहा है। मजदूरों और स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय मुखिया अंजना सिंह के द्वारा सड़क निर्माण में जेसीबी मशीन लगाकर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जो काफी हद तक गलत है। सड़क निर्माण कार्य से यहा के स्थानीय ग्रामीण काफी नाराज है।बताते चले की पलामू जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के कौडिया तेलीयाबांध में पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत महेंद्र मेहता के घर से पूर्वी केबिन चियांकी तक मिट्टी मोरम द्वारा पथ निर्माण कराया जा रहा है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## संकल्प यात्रा को सफल बनाने का आह्वान

**पलामू :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने नगर भ्रमण कर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। दौरान उन्होंने हुसैनाबाद कपूर्री मैदान में बुधवार को हजारों की संख्या में पहुंचकर मरांडी की बातों को सुनने और ऐतिहासिक संकल्प यात्रा को सफल बनाने की अपील की । इस अवसर पर विनोद पासवान, राजेश रंजन मिश्रा ,दिनेश पासवान, अनुज कुमार ,रामभु पासवान, संतोष पासवान, शंभू यादव ,विजय प्रजापति ,अजीत कुमार ,विपुल कुमार ,निखिल कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक आठ को

**पलामू :** पासवान समाज की सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कार्यकारिणी की बैठक 8 अक्टूबर दिन रविवार को शुबह 10 बजे से सर्किट हाउस( परिसदन भवन) मेदिनीनगर के सभागार में होगी। इस आशय की जानकारी समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने बयान जारी कर दी । उन्होंने इस बैठक में तमाम प्रखंडों के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों के साथ ही गढवा, लातेहार जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी और प्रमंडल कमिटी के सभी पदाधिकारी, प्रभारी , संरक्षक एवं समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों से ससमय बैठक में शामिल होने की अपील की है।

खदान हादसा > एसीसी सदस्यो की मांग पर सुरक्षा गार्ड के पुत्र को प्रोबीजनल नियुक्ति पत्र प्रबंधन ने सौंपा

# लैंड्स्लाइड के 48 घंटे बाद मलबे में दबा मिला बाइक और सुरक्षा गार्ड सुबोध का शव



▶▶ शव मिलने से प्रबंधन ने ली राहत की सांस

▶▶ परिजनों में कोहराम मच गया

▶▶ मलबा हटाने के क्रम में सुरक्षा कर्मी का बाइक, छाता तथा तौलिया मिला

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर फेस टू परियोजना खुली खदान में बीते 1 अक्टूबर को हुई लैंड स्लाइडिंग में लापता सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार का शव 3 अक्टूबर को मालवा में दबा मिला। घटना के 48 घंटे बाद सीसीएल प्रबंधन ने शव को खोज निकालने में सफलता पायी। सुरक्षा गार्ड का शव बरामद होने के बाद एसीसी सदस्यो की मांग पर सुरक्षा गार्ड के पुत्र को प्रोबीजनल नियुक्ति पत्र प्रबंधन ने सौंपा।मौके पर कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता, स्वांग गोविंदपुर फेज दो के परियोजना पदाधिकारी अरुण कुमार तिवारी सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार लैंड स्लाइड (ओबी मलवा गिरने) के 43 घंटे के बाद 3 अक्टूबर को सुरक्षा गार्ड सुबोध की क्षत विक्षत



मोटरसाइकिल, छाता, तौलिया मलबा से बरामद किया जा सका। इसके बाद प्रबंधन को भरोसा हो गया कि इसके आसपास हीं सुबोध कुमार का शव होगा।

बताया जाता है कि इसके बाद डोजर ऑपरेटर ने बारीकी से मलबा को हटाने का काम युद्ध स्तर से चलाया।मलबा हटाने के क्रम में सुबह लगभग 10 बजे मृतक सुरक्षा कर्मी का बाइक, छाता तथा तौलिया मिला। आखिरकार लगभग 1:30 बजे सुबोध का शव बरामद कर लिया गया। जिससे प्रबंधन एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति ने राहत की सांस ली। वही परिजनों में कोहराम मच गया।ज्ञात हो कि, क्षेत्रीय सलाहकार समिति बीते 2 अक्टूबर को गोविंदपुर फेज दो खदान घटना स्थल पर जाकर मुआयना किया था और शव की बारामदी के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की मांग प्रबंधन से की थी।

शव मिलने पर क्षेत्रीय सलाहकार समिति ने प्रबंधन एवं डोजर ऑपरेटर को साधुवाद दिया।बताया जाता है कि क्षेत्रीय सलाहकार समिति एवं पीसीसी सदस्यों की मांग पर कथारा जीएम डीके गुप्ता एवं परियोजना पदाधिकारी अरुण कुमार तिवारी के हाथों स्वर्गीय सुबोध कुमार के पुत्र को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया गया।मौके पर क्षेत्रीय सलाहकार समिति की ओर से नवीन कुमार विश्वकर्मा, इकबाल अहमद, राजू स्वामी, कामोद प्रसाद, उत्तम कुमार सहित शाखा के तमाम पदाधिकारीगण जबकि क्षेत्र के अमलाधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार, फेज दो के कार्मिक प्रबंधक एस आर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# बोकारो थर्मल व चंद्रपुरा पावर प्लांट का किया गेट जाम, कोयले की आपूर्ति ठप



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति की ओर से 9 सूत्री मांगों को लेकर विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के नेतृत्व में डीवीसी के बोकारो थर्मल और चंद्रपुरा पावर प्लांट का गेट अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया गया है। इससे एक ओर जहां प्लांट में कोयले की आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गई है। वहीं, छाई भी प्लांट से बाहर नहीं आ पा रहा है। धरना पर बैठे आंदोलनकारी अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं।

**क्या हैं मांगें-**

आंदोलनकारियों की नौ सूत्री मांगों में मुख्य रूप से डीवीसी आवासों की लीज आवंटन नीति और 25 गुना रेट का निर्णय वापस लिया जाए। चलंत मेडिकल सुविधा चालू हो। अमृत कामगारों के आश्रितों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। सीएसआर के तहत समुचित विकास के कार्य हों। प्लांट के 30 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र में डीवीसी द्वारा सीधी बिजली सप्लाई की जाए। विस्थापित गांव में मुफ्त बिजली, पानी व शिक्षा की व्यवस्था शामिल हैं। सीएसआर की बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

**क्या कहते हैं आंदोलनकारी-**

आंदोलन को लेकर पेंशनर कर्मी पीके समादार, अध्यक्ष डीवीसी स्टाफ एसोसिएशन का कहना है कि हम लोग अपने साथ हो रहे अन्याय को लेकर धरना में शामिल हैं। इनका कहना है कि पेंशन डीवीसी की तरफ से दी जाती थी, जिसे बैंक को दे दिया गया, जो गलत है। अभी भी 70% क्वार्टर बेकार पड़े हैं। इसी के विरोध में हम लोग बेरमो विधायक अनूप सिंह के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन गेट जाम आंदोलन पर बैठे हैं।

इस संबंध में आंदोलनकारी का कहना है कि बोकारो थर्मल और चंद्रपुरा दोनों का चक्का जाम रहेगा, यहां का अधिकारी क्वार्टर दूसरे को दे दिया और अवैध रूप से पैसा खा रहा है। ठेकेदार को 1600 में और हम लोगों से 2600 लेता है जबकि नया रेट 370 आया है उससे अधिक 25% भाड़ा जोड़ रहा है डीवीसी प्रबंधन।

## खपरैल घर की दीवार मूसलाधार बारिश के कारण गिरा

**बेरमो /गोमिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के मियाँबन्ध निवासी देवदीप कुमार दास का मिट्टी का खपरैल घर की दीवार एक साइड इस मूसलाधार बारिश के कारण गिरा।इस मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।इस मूसलाधार बारिश के कारण लोगों मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि सोमवार को रात में लगभग2 10 : 20 मे घर का सभी सदस्य खाना खाने के बाद सभी लोग अपने -अपने बिस्तर में सोने के लिए चले गए।और संगीता देवी पति कोलेश्वर रविदास अपने रूम मे जगे हुए थे।उसी समय मिट्टी का दीवार भरकने लगा तभी अपने सभी परिवार के सदस्यों के साथ घर से बाहर निकल गए।


# बलसगरा पटरंगी सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के बलसगरा पंचायत के बलसगरा के पटरंगी से कनौदा तोयरा तक अवशेष पथ का सुदृढीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने सड़क चीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करते हुए लोगों को संबोधित किया। कहा कि लोगों की मांग को देखते हुए उक्त सड़क को पूरा किया जाएगा।यह सड़क का निर्माण तकरीबन 1 करोड़ 10 लाख 78 हजार रुपए की लगात से किया जाएगा। पटरंगी वासियों को विधायक ने दिल से आभार जताते हुए इस भारी बारिश में भी ज्यादा संख्या में उपस्थित है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा मांडू विधानसभा क्षेत्र के सभी सडकों को बनाने का कार्य किया जा रहा है।विधायक जेपी पटेल ने जेई मोतीराम मांझी को रबोध पंचायत के ग्राम कोदवे रोयांग से सेनेगढा बुढाबागी तक कालीकरण सडक को भी सुदृढीकरण करने के लिए जल्द से जल्द उक्त सड़क का एस्टीमेट तैयार करने को कहा गया था। कोदवे, रोयांग से बुढाबागी तक सडक को जेई मोतीराम मांझी ने देख कर कहा कि उक्त सडक भी जल्द ही बनेगा।जेई मोतीराम के साथ में भाजपा मंडल महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह और मंडल महामंत्री गुलचंद महतो मुख्य रूप से मौजूद थे।बलसगरा सडक शिलान्यास कार्यक्रम में मांडू विधायक जेपी पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष वकील महतो,जिला मंत्री सेवालाल महतो,भाजपा नेता राकेश सिंह,राजूरंजन तिवारी, जयकिशोर महतो,गिरजा सिंह,हुवाग मुखिया आरशी अनवर,होन्हे मोढा. पंचायत समिति सदस्य सह महिला मोर्चा अध्यक्षा रीमा कुमारी,देवन्ती देवी एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# 32 जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर पंचायत के कोतरे (बसंतपुर) में मंगलवार रात को जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पाद मचाया। खेत में लगी धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार प्रभु महतो, कुंदन रविदास, केशू महतो, किस्मत महतो की धान की फसल को बर्बाद किया है। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे वनपाल शिवमंगल राम ने बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा हाथियों को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। फसल क्षति का मुआवजा किसानों को दिया जाएगा। वहीं सूचना के अनुसार जंगली हाथियों का झुंड बाला महुआ गांव के आस पास है।

हड़ताल > संयुक्त मोर्चा ने सी सी एल चरही महाप्रबंधक को सौंपा नोटिस

# देश के तीन लाख कोयला मजदूर तीन दिवसीय करेंगे हड़ताल

▶▶ कोयला मजदूर 12 से 24 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे

राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** देश के पांच केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया प्रबंधन के गलत रवैया के कारण 12 से 14 अक्टूबर तक देश के समस्त कोयला मजदूर तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे। इस संबंध में मंगलवार को पाँचों श्रम संगठन को मिला कर बना संयुक्त मोर्चा ने चरही के लाल बंगला से एक विशाल जुलूस निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के मुख्य गेट पर ही सभा की। वक्ताओं ने कहा की देश के कोयला मजदूरों का 01 जुलाई 2021 से लंबित वेतन समझौता



दिनांक 20 मई 2023 को कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलवारिज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन तथा पांचो केंद्रीय श्रम संगठन के साथ दिनाक 20 मई 2023 को कानून सम्मत समझौता होने के बाद इस समझौते को कोयला मंत्रालय के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया गया। कोयला मंत्रालय के अनुमोदन मिलने के बाद कोयला मजदूरों को अगस्त 2023 में समझौते के अनुसार नया वेतन मिलना आरंभ हो गया और 23 माह का बकाया एरियर सितंबर 2023 में सभी मजदूरों को एक मुश्त भुगतान कर दिया गया। इसके बाद वेतन समझौता पर सवाल उठाते हुए ऑफिसर एसोसिएशन ने डिपार्मेंट आफ पब्लिक इंटरप्राइजेज (डीपीई) का हवाला देते हुए कहा की इस समझौते से मजदूरों का वेतन कुछ अधिकारियों से अधिक हो गया है जो गलत है इसलिए इस समझौते को रद्द किया जाए और इन मजदूरों को पूराना वेतन दिया जाय।

इस संबंध में अधिकारियों के आवेदन पर माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर ने कोयला मंत्रालय को इस समस्या का समाधान 60 दिनों के अंदर करने का आदेश दिया था परंतु कोयला मंत्रालय इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं पाया है। इसलिए पांचो केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय से मांग किया है कि देश के कोयला मजदूरों का सितंबर 2023 का वेतन नए वेतन समझौते के अनुसार अक्टूबर 2023 में समय पर भुगतान किया जाए अगर इस वेतन में किसी प्रकार का कटौती होता है तो देश के कोयला मजदूर 12 से 24 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय का होगा।

सभा की अध्यक्षता सीआईटीयू से सम्बद्ध बीसीकेयू के बसंत राम ने किया। सभा को अरुण तिर्की, एन सी ओ ई ए के नेता गणेश कुमार सीटू, बलभद्र दास, आर पी कुशवाहा, जेसीएमयू के नेता अकाल उरांव, धीरज कुमार मांझी, अनवर अहमद, बीएमएस के नेता रणविजय सिंह, सुजीत कुमार झा, जेपी राणा, एजेकेएसएस के नेता मदन महतो, कृष्ण महतो, एटक के राजेंद्र सिंह, बसंत राम, इंटक के नेता बी एन सिंह, शंकर कुमार सिंह, एचएमएस के नेता राजू महतो, लखन महतो, अमरजीत ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन सोमर मुंडा ने किया।

## गोमिया प्रखंड के कई गांववासी जुझ रहे हैं दोहरे परेशानी से

**बेरमो /गोमिया :** बीते तीन-चार दिनों से झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रहे बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं बोकारो के गोमिया प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग पंचायतों में लगातार हो रहे बारिश के कारण कई लोगों के कच्चे मकान गिर गए हैं। वहीं दूसरी तरफ जंगली हाथियों का भी आतंक जारी है। प्रखंड के चूटे पंचायत के खरना गांव निवासी रुनवा देवी का कच्चा मकान, होसिर पंचायत के बबिता देवी का कच्चा मकान,सियारी पंचायत के अनिल टुडू का कच्चा मकान,लालो मरांडी के कच्चे मकान की दीवार, रामजी मांझी के घर का दीवार,साड़म पूर्वी पंचायत के मो0 मुस्ताक,सब्बीर,बाबुझनकर,मो0 सलीम,डोमन राम,साजिद अंसारी, मुमताज अंसारी के कच्चे मकान का दीवार गिर गया है। लगातार हो रहे बारिश में इन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड के सियारी पंचायत के कांशीटांड़ में एतो मुर्मू,सेवा मांझी, बाबूचंद मांझी, रामजीवन मांझी,जगरनाथ मांझी,रखी किस्कू,बेनीराम मरांडी,वीरहोर डेरा के नवप्राथमिक विद्यालय का किचन शेड,चांदमुनी देवी,पार्वती देवी,सीमा टुडू,असनापानी के आरती देवी सहित कई लोगों के मकान को हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। वनविभाग के द्वारा लोगों को इन हाथियों के आतंक से बचाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। लोग किसी तरह अपने जानमाल की रक्षा कर पा रहे हैं।ग्रामीण बारिश का कहर और हाथियों के आतंक को एक साथ झेलने पर विवश हैं।ग्रामीण सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि हमारी मदद करो। अब सरकार को चाहिए कि इन गग्रामीणों को मदद जल्द से जल्द करें।

## मजदूर के सम्मान के साथ समझौता कभी बर्दाश्त नहीं होगा:संयुक्त मोर्चा

**गिद्दी :** महाप्रबंधक कार्यालय अरगड्डा क्षेत्र के समक्ष संयुक्त मोर्चा द्वारा एकदिवसीय प्रदर्शन प्रबंधन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी के बीच सम्पन्न हुआ। जिसमे सभी श्रमिक संगठनों के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि मजदूरों के सम्मान के साथ समझौता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शकारी मजदूरों को संबोधित करते हुए मोर्चा के नेताओं ने कहा सितंबर माह के कटे हुए पैसे का भुगतान ढउहअ 11 के अनुसार अक्टूबर में किया जाना था। परन्तु प्रबंधन द्वारा अभी तक उसे लटका कर रखा गया है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियाँ चाहे जो भी हो,मजदूरों को उनका सही हक हर हाल में मिलना चाहिए। यदि प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह कि कोई कोताही बरती गई तो श्रमिक संगठन द्वारा आगामी 12,13,14अक्टूबर को तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान पूरे कोल इंडिया का चक्का जाम कर दिया जाएगा। मजदुर संगठनों ने सभी मजदूरों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतने कम समय में मजदूरों की भारी संख्या में एकदिवसीय प्रदर्शन में भागीदारी सचमुच अद्वितीय है।

## 39वां जिउतिया फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** लईयो स्थित लुगू बाबा फुटबॉल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब लईयो के तत्वावधान में बुधवार को 39वाँ जिउतिया फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना के पीओ बीके साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में लईयो उत्तरी पंचायत मुखिया सह क्लब के अध्यक्ष मदन महतो, लईयो दक्षिणी पंचायत मुखिया गीता देवी, उपमुखिया नुरेशा खातून, पंचायत समिति सदस्य द्रोपती देवी, पूर्व मुखिया बिंदु देवी, संतोषी देवी, बबिता देवी, दासो महतो, बसंत महतो, डालचंद महतो ने लुगू बाबा का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। सर्वप्रथम क्लब के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पीओ ने कहा कि खेल के प्रति हमें सजग रहना चाहिए हमारे शारीरिक विकास में खेल का महत्व बहुत अधिक है हमें अपने दैनिक कार्य एवं पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी दैनिक रूटिंग में शामिल करना होगा तभी हमारे शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी संभव है खेल से मस्तिष्क का विकास होता है। उद्घाटन मैच वाईएसएफसी ढोढाटांड़ और एफसी गयछेंदवा के बीच खेला गया। इसमें 2 - 0 से ढोढाटांड़ को हराकर गयछेंदवा जीत हासिल की। मौके पर किस्टो महतो, प्रदीप चौधरी, किशोर रजवार, गणेश सिंह, संतोष मिर्धा, गोविंद रजवार, रविंद्र रजवार, जगमोहन, आशीष, महादेव, नरेश, काली, गंगाराम, सीबू कुमार महतो, कुमार विवेक, गोविंद महतो, जयनाथ महतो समेत सैकड़ों के तादाद में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## हाथी हमले के प्रभावित ग्रामीणों के बीच मंत्री योगेंद्र ने किया तिरपाल एवं अनाज का वितरण



**बेरमो/ललपनिया :** मंगलवार को माननीय मंत्री( दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो ग्राम पंचायत सियारी (गोमिया) पहुंचे। रविवार की रात्रि पंचायत के ग्राम चितू, काशीटांड़, बिरहोर डेरा व बोरवाकोचा में हाथी हमले के प्रभावित ग्रामीणों से मिले और उनकी सुध ली। माननीय मंत्री जी ने निजी तौर पर करीब 28 प्रभावितों के बीच तिरपाल और अनाज का वितरण कर बड़ी राहत प्रदान की। माननीय मंत्री श्री महतो ने प्रभावितों को आश्वस्त किया कि डीसी,डीएफओ से बात हुई है। बहुत जल्द प्रावधान के अनुरूप मुआवजा भुगतान कराया जाएगा।

## आफिसर्स क्लब में राजभाषा पखवाड़ा समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन



**बेरमो :** कोल इंडिया के निर्देश पर सीसीएल कथारा स्थित ऑफिसर्स क्लब में 3 अक्टूबर को राजभाषा पखवाड़ा समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।उद्घघाटन क्षेत्र के महाप्रबंधक उत्खनन जे। एस। पैकरा, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एम। एन। राम, क्षेत्रीय अधिकारी सीएसआर चंदन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में विभिन्न इवेंट में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।जानकारी के अनुसार सीसीएल कथारा क्षेत्र में 15 सितंबर से 30 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। जिसका मूल उद्देश्य कार्यकाल के दौरान कार्यालयों में हिन्दी भाषा को प्राथमिकता देना था। उसी के परिप्रेक्ष्य में क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता के निर्देश पर हिंदी भाषा पर आधारित क्षेत्रीय अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के लिए कई तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संपादकीय

# जातिगत जनगणना के राजनीतिक निहितार्थ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जातिगत जनगणना की आलोचना की है और कहा है कि इससे देश को विभाजित करने में सक्रिय शक्तियों को बल मिलेगा। दरअसल उनकी चिंता शायद अपने हिंदू वोट बैंक के इन जातियों में विभाजित होकर दूसरे पाले में चले जाने को लेकर है। वैसे भी जब से इंडिया गठबंधन बना है, श्री मोदी के बयान यह साफ संकेत दे रहे हैं, इस गठबंधन से उन्हें परेशानी है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के अद्यतन जाति जनगणना के समर्थन में शामिल होने के साथ, इस अभ्यास की आवश्यकता पर राजनीतिक विपक्ष के बीच एक आम सहमति बनती दिख रही है। जबकि उत्तरी भारत के खासकर हिंदी इलाकों में आरक्षण के लिए प्रतिबद्ध पार्टियों - विशेष रूप से समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल - ने आय मानदंड का उपयोग करते हुए अगड़ी जातियों के बीच आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण लाभ के विस्तार की प्रतिक्रिया के रूप में यह मांग की है, कांग्रेस की इसका समर्थन करने की दिशा में झुकाव अपने समर्थन आधार के विस्तार पर पार्टी के नए राजनीतिक जोर से



उपजा है। 1980 की मंडल आयोग की रिपोर्ट, जो 1931 की जाति जनगणना के आंकड़ों पर आधारित थी, अभी भी पिछड़ेपन की पहचान करने और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सीमा निर्धारित करने का आधार बनी हुई है, एक व्यापक जनगणना की आवश्यकता है जो समर्थन के लिए डेटा प्रदान करती है, या मौजूदा आरक्षण कोटा का मूल्यांकन करना, या उनके लिए मांगों का आकलन करना प्रासंगिक रहता है। इस तरह की मेहनती कवायद एक कानूनी अनिवार्यता भी पूरी करेगी जिससे सरकार को मात्रात्मक डेटा के लिए सुप्रीम कोर्ट के सवालों का जवाब देने की अनुमति मिलेगी। लेकिन जातियों की गिनती करना आसान नहीं है। सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना का जिस तरह वर्णन किया, उसमें एक अंतर्निहित कमजोरी स्पष्ट है: यह दुर्बलताओं से भरा हुआ था जिसने एकत्र किए गए डेटा को अनुपयोगी बना दिया। यहां डेटा में 46 लाख विभिन्न जातियां, उप-जातियां, जाति/कबीले के उपनाम दर्ज किए गए, जिन्हें उचित गणना के लिए उपयोग करने से पहले पर्याप्त विश्लेषण की आवश्यकता थी। जनगणना आयुक्तों और रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय का उचित उपयोग किए बिना, सर्वेक्षण के जल्दबाजी भरे आचरण ने भी इसे समस्याग्रस्त बना दिया। अधिक गहन अभ्यास के लिए जनगणना में उत्तरदाताओं द्वारा प्रकट स्व-पहचान वाले समूह नामों की पर्यायवाची और समानता के आधार पर सामाजिक समूहों में जाति/उप-जाति नामों का पर्याप्त समेकन शामिल होगा। प्रत्येक राज्य के लिए ओबीसी/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सूचियों के विरुद्ध इन समूहों को चिह्नित करने से एक उपयोगी डेटाबेस तैयार होगा, जिसका उपयोग दशकीय जनगणना में किया जा सकता है। इस तरह से प्राप्त डेटा का उपयोग इन समूहों के लिए एकत्रित सामाजिक आर्थिक जानकारी को पार्स करने के लिए किया जा सकता है। लेकिन सरकार ने लंबे समय से विलंबित 2021 की जनगणना को स्थगित कर दिया है और जाति गणना को शामिल करने की मांग को स्वीकार नहीं किया है, सवाल बना हुआ है कि क्या प्रभावी जाति जनगणना संभव है। निस्संदेह जातिगत पहचानों के पुनर्मूल्यांकन का जोखिम है, भले ही संवैधानिक आदेश एक जातिविहीन समाज का निर्माण करना चाहता हो। लेकिन जाति-आधारित पहचान प्रबल होने के कारण, इस तरह की जनगणना राजनीतिक रूप से अनिवार्य लगती है, भले ही नैतिक रूप से त्रुटिपूर्ण हो, सुविधाजनक आरक्षण कोटा के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को संबोधित करने के उद्देश्य से जो वास्तव में किसी मुद्दे को आगे बढ़ाए बिना आय लाभ और कुछ हद तक सामाजिक न्याय प्रदान करती है। यह सवाल इसलिए चुनावी राजनीति में अधिक प्रासंगिक है क्योंकि पूरे देश के सामने अडाणी मॉडल है। कोरोना से उपजी अधिक गरीबी के बीच एक व्यापारिक घराना कैसे इतनी तरक्की कर रहा है, इस सवाल का सही उत्तर जनता के पास नहीं है। इस मुद्दे पर आरोप नरेंद्र मोदी पर है और वह लगातार इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। मणिपुर का वर्तमान संकट भी मैतेई हिंदू समूह और ईसाई कुकी- जो समूहों के बीच विभेद पैदा कर चुका है। यानी मणिपुर भी हिंदुत्व की प्रयोगशाला का नया नमूना बना हुआ है। इसकी आंच में जो जल रहे हैं, वे दरअसल गरीब लोग हैं। चुनावी राजनीति में हर दल अपने फायदे के हिसाब से मुद्दों को परिभाषित करती है। इसलिए अब जातिगत जनगणना एक चुनावी हथियार के तौर पर उभर रहा है, जिससे भाजपा के हिंदू वोट बैंक के अलग अलग टुकड़ों में बंट जाने का खतरा ही संभवत: नरेंद्र मोदी को परेशान कर रहा है। देश के चुनाव में ओबीसी और ईबीसी का जोड़ किसी भी सरकार को स्थायित्व प्रदान करता है। जैसे जैसे शिक्षा का प्रसार हो रहा है, यह दोनों ही वर्ग अपने हितों के लिए मुखर हो रहे हैं। इन वर्गों का मुखर होना ही सत्ता के लिए परेशानी खड़ी करता है। इसलिए लोकसभा चुनाव में यह हथियार कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात होगी।

# राजा भैया की हेकड़ी-दबंगई और परिवार सब दांव पर

हर 'दल' अजीज रहे उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की कुण्डा विधान सभा क्षेत्र के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया जिनकी कभी 'तूती' बोला करती थी,अपनी 'सल्तनत' हुआ करती थी,जिसमें उनका अपना दरबार लगता था और इस दरबार में बड़ी-बड़ी हस्तियां एवं सरकारी अधिकारी हाथ जोड़े खड़े रहते थे,जो भले अपने नाम के साथ राजा लगाता था,लेकिन असल जिंदगी में यह राजा नहीं गुनाहों का देवता था,लेकिन अपने आप को 'इंसाफ का पुजारी' ही बताता था।यह 'राजा' अपनी 'अदालत' लगाकर अपने हिसाब से फैसला सुनाया करता था,जिसकी चौखट पर कानून दम तोड़ देता था। ऐसा इस लिए हो पाता था क्योंकि इस राजा ने राजपाठ जाने के बाद अपनी ताकत बनाये रखने के लिए राजनीति की शरण ले ली थी।राजनीति भी सत्ता पक्ष की,जिस पार्टी की सरकार बनते दिखती थी,यह राजा उधर चला जाता था।आज वही राजा भैया बाहर



**अजय कुमार**
पत्रकार

से लेकर घर तक मुसीबत से घिरे हुए हैं। वैसे तो राजा भैया हर मुश्किल से बाहर निकलने में महारथ रखते हैं,लेकिन इस बार मामला कुछ ज्यादा ही संगीन और गंभीर हो गया है।एक तरफ करीब चार माह पूर्व रघुराज प्रताप सिंह(राजा भैया) की तरफ से पत्नी रानी भानवी के खिलाफ दायर तलाक के केस ने परिवार में अंदरूनी कलह बढ़ा दी है,वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश को पलट कर दस वर्ष पूर्व मार्च 2013 में कुण्डा के सीओ जिया-उल-हक हत्याकांड में राजा भैया की भूमिका की सीबीआई जांच के आदेश को हरी झंडी दिखाकर राजा भैया की हेकड़ी और दबंगई दोनों निकाल दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने जिस सी0ओ0 जिया-उल-हक हत्याकांड की सीबीआई जांच का आदेश दिया है,उस मामले में एक बार सीबीआई राजा भैया को क्लीन चिट दे चुकी है।यह सब अखिलेश राज में हुआ था,तब राजा भैया अखिलेश सरकार में मंत्री थे। राजा भैया पर जब सीओ की हत्या का आरोप लगा तो तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की संस्तुति पर 8 मार्च 2013 को सीबीआई ने हत्याकांड की जांच शुरू की। नन्हे यादव के बेटे बबलू यादव, भाई पवन यादव, फूलचंद यादव और करीबी मंजीत यादव को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई का दावा था कि सीओ को गोली बबलू यादव ने मारी थी। सीबीआई ने राजा भैया से लंबी पूछताछ की और पॉलिग्राफी टेस्ट भी कराया।आखिरकार एक अगस्त 2013 सीबीआई इस नतीजे पर पहुंची कि सीओ हत्याकांड से राजा भैया और उनके चारों करीबियों का कोई ताल्लुक नहीं है। जुलाई 2013 में सीबीआई ने इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट लगाई, जिसमें 14 आरोपित थे।इसमें राजा भैया और उनके किसी भी करीबी का नाम नहीं था, लेकिन, ट्रायल कोर्ट ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए नामजद व्यक्तियों की भूमिका के समुचित साक्ष्य जुटाकर आगे जांच करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट के इस फैसले को इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी।दिसंबर 2022 में हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद करते हुए सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट मान ली थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सीओ जिया-उल हक की पत्नी परवीन आजाद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था,जिसके बाद सीओ की हत्याकांड की जांच पुनः शुरू हो गई है।अब सीओ की पत्नी को इंसाफ की उम्मीद जागी है,लेकिन उनके दिमाग में यह भी चल रहा है कि जो सीबीआई राजा भैया को एक बार क्लीन चिट दे चुकी है,वह क्या अब इंसाफ पूर्वक जांच करेगी।

बाहुबली राजा भैया की सियासी पारी की बात की जाए तो वह समाजवादी पार्टी,भारतीय जनता पार्टी सबके करीबी रह चुके हैं।अपराध जगत में उनकी तूती बोलती थी,लेकिन कभी उनका बाल भी बांका नहीं हुआ। इस मिथक को बसपा सुप्रीमों मायावती ने तोड़ा था।बात 1997 की है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी और बीएसपी की गठबंधन सरकार चल रही थी। बीजेपी और बहुजन समाज पार्टी में छह-छह महीने का मुख्यमंत्री बनने पर डील हुई थी। डील के मुताबिक मायावती को सितंबर में अपनी सरकार के छह महीने पूरे होने के बाद सत्ता बीजेपी को हस्तांतरित करनी थी, लेकिन ऐन मौके पर मायावती ने ऐसा करने से मना कर दिया। हालांकि, सियासी दबाव में मायावती को कुर्सी छोड़नी पड़ी और तब कल्याण सिंह मुख्यमंत्री बने। राजा भैया उर्फ रघुराज प्रताप सिंह प्रतापगढ़ के कुंडा से निर्दलीय विधायक थे। उन्होंने तब मायावती की पार्टी बीएसपी और कांग्रेस के कुछ विधायकों को तोड़कर और कुछ निर्दलीय विधायकों के समर्थन से कल्याण सिंह की सरकार बचाने में मदद की थी। कल्याण सिंह ने फिर राजा भैया को अपनी सरकार में मंत्री बनाया था।

यहीं से शुरू होती है मायावती और राजा भैया के बीच राजनीतिक अदावत की कहानी। साल 2002 में जब फिर से बीजेपी और बीएसपी की सरकार बनी तो गठबंधन सरकार फिर हिचकोले खाने लगी। इसी बीच मायावती ने पांच साल पुरानी सियासी रंजिश का बदला राजा भैया से ले लिया। रघुराज प्रताप सिंह की भदरी रियासत की हवेली में भी मायावती ने पुलिस का छापा डलवा दिया था। कहा जाता है कि इस छापे में हवेली से कई हथियार बरामद हुए थे। इसी के बाद राजा भैया पर पोटा लगाया गया था। उनके साथ उनके पिता उदय प्रताप सिंह और चचेरे भाई अक्षय प्रताप सिंह को भी अपहरण और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मायावती ने साल 2003 में राजा भैया के प्रतापगढ़ स्थित भदरी रियासत की कोठी के पीछे 600 एकड़ में फैले बेंती तालाब को भी खुदवा दिया था। कहा जाता है कि खुदाई में इस तालाब से नरकंकाल मिले थे, जिसके बारे में कई कहानियां हैं। इस तालाब के बारे में ऐसी चर्चा थी कि राजा भैया ने इसमें घड़ियाल पाल रखे हैं और अपने दुश्मनों को इसी तालाब में फेंकवा दिया करते हैं। हालांकि राजा भैया इस बात से इंकार करते हैं।

राजा भैया के बारे में कहा जाता है कि राजशाही खत्म होने के बाद राजा भैया ने राजनीति के रास्ते से अपनी ताकत बचाये रखने का रास्ता चुना।राजा भैया ने 1993 में 26 साल की उम्र में कुंडा से चुनाव लड़ा और तब से हुए सभी विधान सभा चुनावों में जीत हासिल की। प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का आपराधिक रिकार्ड काफी पुराना है।उन पर डकैती, हत्या की कोशिश और अपहरण जैसे अपराधों के संबंध में मामले दर्ज हैं। विधानसभा चुनाव 2017 में चुनाव आयोग के पास दर्ज अपने हलफनामे में स्वयं रघुराज प्रताप सिंह ने बताया कि उनके खिलाफ धारा 395, 397, 307, 364, 323, 325, 504, 506, 427, 34 के तहत मामले दर्ज हैं। इनमें डकैती, हत्या की कोशिश और अपहरण जैसे अपराधों का जिक्र था।

नज़रिया

# कनाडा बदले भारत विरोधी नीति

भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख को चले हैं। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच मुलाकात में कनाडा की धरती से संचालित भारत विरोधी गतिविधियों को बंद करने की नसीहत दी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर पर कह दिया था कि कनाडा को खालिस्तान जैसे आतंकी संगठन पर कठोर कदम उठाने होंगे। हमें लगता है भारत की नसीहत जस्टिन ट्रूडो को अच्छी नहीं लगी।



**प्रभुनाथ शुक्ल**
बरिष्ठ पत्रकार

सम्मेलन से वापस लौटने के बाद हरजीत सिंह निज्जर की हत्या का आरोप उन्होंने बगैर सबूत के भारत पर मढ़ दिया। हलाँकि भारत ने इससे साफ तौर से इनकार किया है। लेकिन यह कनाडा की राजनीतिक चाल है। जस्टिन सरकार कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के सिख समुदाय की सहानुभूति लेना चाहती है। जबकि सच यह है कि सरकार अभी तक यह पता ही नहीं लगा पाई की निज्जर की हत्या क्यों और किसने की। इस मामले कनाडा जाँच आयोग क्यों नहीं बैठाता। भारत जैसे सहिष्णु राष्ट्र पर यह आरोप बगैर साक्ष्य के क्यों लगाती है।

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर जल्दबाजी दिखाते हुए भारतीय राजनयिक को देश से निकल जाने का फरमान सुना दिया।**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर जल्दबाजी दिखाते हुए भारतीय राजनयिक को देश से निकल जाने का फरमान सुना दिया। लिहाजा भारत को भी ऐसा करना था, भारत ने भी कनाडा की डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दे दिया। इस घटना के बाद से दोनों देशों के रिश्ते गर्म हो चले हैं। भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से दुनिया के मंच पर आवाज उठाता रहा है। वह संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और दूसरे वैश्विक मंचों पर अपनी बात बेहद मजबूती से करता रहा है। क्योंकि आतंकवाद से वह स्वयं पीड़ित है। आतंकवाद की जितनी पीड़ा भारत झेल रहा है शायद दुनिया का कोई भी देश इस समस्या से ग्रसित हो। पाकिस्तान और कनाडा हमेशा से अलगाववादी संगठन खालिस्तान का समर्थन करता रहा है।

हरदीप सिंह निज्जर पंजाब का रहने वाला था। उसकी हत्या कनाडा में जून में हुई थी। जिस पर काफी प्रदर्शन हुआ था। कनाडा में इस मामले ने इतना तूल पकड़ा की प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को संसद में बयान देना पड़ा। अपनी सरकार को घिरता देख बड़ी चालाकी से हरदीप की हत्या का आरोप भारतीय एजेंटों पर मढ़ दिया। अगर यह मामला हद के पार जाता तो जस्टिन की कुर्सी फंस सकती थी। क्योंकि कनाडा में काफी संख्या में सिख समुदाय रहता है। वहां सिख समुदाय इतना मजबूत है कि वह सरकार बनाने और बिगड़ने की कूबत रखता है। जिसका नतीजा है कि कनाडाई पीएम अपना गला फंसता देखा तो हत्या का कलंक भारत के सिर पर मढ़ दिया। क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जी-20 मुलाकात में खालिस्तान का समर्थन करने वाले संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के खिलाफ कठोर कदम उठाने की नसीहत दिया था। भारत और कनाडा के बीच तल्ख हुए सम्बन्ध का लाभ खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू उठाना चाहता है। कनाडा में उसने सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया है जो भारत में अलग से खालिस्तान देश बनाने की वकालत करता है। पन्नू ने हिंदुओं को कनाडा छोड़ने का फरमान सुनाया है। इसके अलावा भारतीय दूतावास को बंद करने की भी धमकी दी है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि पन्नू और कनाडा सरकार एक साथ मिलकर एक दिशा में काम कर रहे है। क्योंकि जस्टिन ट्रूडो को मालूम है कि खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू और उसके संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हैं तो उनके राजनीतिक भविष्य के लिए यह कदम अच्छा नहीं होगा।


# श्रद्धा और विश्वास

प्रेरक-प्रसंग

एक बहुत ही पढ़े लिखे सूट, बूट, टाई में रहने वाले बाबूजी थे। वे बाबूजी हमेशा अंग्रेजी में ही बात किया करते थे चाहे किसी को डाटना हो, या प्यार करना। आशीर्वाद भी अंग्रेजी में दिया करते थे। उनका एक लड़का था सोनू, वह एक दिन अचानक बीमार पड़ गया, बाबूजी परेशान हो गए डॉक्टरों को बुलवाया, वैद्य हकिम, भी आये सबने दवाई दी परन्तु उनका लड़का सोनू फिर भी ठीक न हुआ और उसकी बीमारी बढ़ती ही गयी।

फिर एक दिन एक साधु बाबा आये, उन्होंने बाबूजी जी को कहा की भगवान में प्रसाद और सिंदूर वगरा कुछ सामान चढ़ा दो, तो आपका लड़का ठीक हो जायेगा।

इतने में बाबू जी ने कहा की मुझे पत्थर वगरा पर यकीन नहीं है। फीर भी तुम




कहते हो और मेरे बेटे के बीमारी का सवाल है तो ठीक है मै यह कर लूंगा। एसा बोल कर बाबूजी बेटे के ठीक होने के लालच में इतना कर आये।

परन्तु सोनू की बीमारी वैसे की वैसी थी कोई सुधार नहीं हो रहा था। और सवेरे गुस्से से साधु बाबा के पास गए और बोले की मेरा बेटा ठीक नहीं हुआ उसकी तबियत अभी भी वैसी की वैसी है। साधु बाबा बोले लाओ मुझे सिंदूर, प्रसाद दो फिर साधु बाबा ने पूजा अर्चना की और पूजा का सिंदूर लेकर लड़के के सर पर लगाया। कुछ देर में लड़का उठ कर बैठ गया और उसकी बीमारी भी ठीक हो गया। बाबूजी आश्चर्य में पड़ और बाबा से पूछने लगे की आपकी पूजा से मेरा लड़का ठीक हो गया परन्तु मेरे पूजा करने से इसमें कोई प्रभाव नहीं पड़ा ऐसा क्यों।

तब साधू बाबा ने कहा की तुमने पूजा ही कब की कहने का तात्पर्य यह है की बिना श्रद्धा और विश्वास के पूजा का कोई मतलब नहीं है। पूजा तभी सफल होती है जब मन में श्रद्धा और विश्वास हो।

जानकारी

# कमल मंदिर



बहाई स्थल कही जानेवाली यह जगह उपासना केंद्र है जहांआपको एकदम शांत माहौल मिलेगा। वैसे तो यह उपासना स्थल है पर यहाँ किसी भी भगवान की मूर्ती नहीं है क्योंकि माना जाता है कि उपासना करने के लिए किसी भगवान के नाम की जरुरत नहीं है। यहां हर धर्म के लोगों का स्वागत किया जाता है और यहाँ कुछ धार्मिक ग्रंथों को पढ़ा जाता है। कमल का फूल शांति व पवित्रता का प्रतीक है इसी को दिमाग में रखते हुए इस स्थान का निर्माण किया गया है।

**जामा मस्जिद**

भारत के सबसे बड़े मस्जिदों में से एक यह पुरानी दिल्ली में स्थित है। इंडो-इस्लामिक व मुगल वास्तुकला से बना यह मस्जिद शाहजहां का सबसे प्राचीन इमारत है। यहां एक समय पर 25000 श्रद्धालु अपनी आस्था को रास्ता देते है। ईद पर लोगों की यहाँ भारी भीड़ उमड़ती है पर अगर आप भीड़ से बचना चाहते है तो सुबह के वक्त यहां आना उचित होगा। प्रवेश करने के लिए आपको किसी टिकट की जरूरत नहीं है। यह एकदम मुफ्त है पर.अगर आप कैमरा अंदर ले जाना चाहते है तो आपको शुल्क अदा करना पड़ेगा।

# इलेक्ट्रिक कारें (EVs) बेचने में चीन सबसे आगे

नई दिल्ली : EV को भविष्य का व्हीकल कहना गलत नहीं होगा क्योंकि ज्यादातर देशों में अब इलेक्ट्रिक व्हीकल तेजी से पॉपुलर हो रहे हैं और लोग इन पर बड़ी संख्या में स्विच कर रहे हैं। चीन इस मामले में सबसे आगे निकल गया है। चीन में अब तक की सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक कारों की सेल हुई है। देश में एश सेल्स का आंकड़ा अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है जिसमें 7.5 लाख इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री अकेले अगस्त 2023 में दर्ज की गई है।



चीन में प्लग-इन कार, यानी कि ऐसी कारें जो बिजली से चल सकती हैं, की सेल अब तक सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। EV Volumes के आंकड़े बताते हैं कि चीन में ईयर ओवर ईयर इसमें 36 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कहा गया है (V) कि चीन में बिकने वाली नई कारों में से अब हर पांच में 2 कारें प्लग-इन कारें हैं। इसका मार्केट शेयर 39 प्रतिशत पर पहुंच चुका है। 7.5 लाख इलेक्ट्रिक कारों में से 5 लाख कारें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कारें रहीं जबकि 2.5 लाख कारें हाईब्रिड बताई गई हैं।

ग्लोबल लेवल पर चीन इलेक्ट्रिक व्हीकल के प्रोडक्शन और सेल के मामले में भी आगे बना हुआ है। ग्लोबल सेल का 60 प्रतिशत हिस्सेदार अकेला चीन है। रिपोर्ट कहती है कि चीन में यूजर अब पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कारें खरीदने पर जोर दे रहे हैं, जबकि हाइब्रिड कारों की सेल इतनी ज्यादा नहीं है। इस लिहाज से चीन तेजी से क्लीन फ्यूल ट्रांसपोर्टेशन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

पॉपुलर कंपनियों की बात करें तो BYD और Tesl का नाम सबसे ऊपर है। BYD Song की 56,743 यूनिट्स की सेल हुई है जबकि Tesla Model की 51,117 यूनिट्स बिकीं। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेंड कह रहा है कि जल्द ही यूजर फुली इलेक्ट्रिक कारों पर शिफ्ट हो जाएंगे, ऐसे में हाईब्रिड मॉडल मार्केट से नदारद हो सकते हैं।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"आज लोकतंत्र के लिए एक काला, भयावह दिन है, एक ऐसा दिन जब भाजपा ने बंगाल के लोगों के प्रति अपने तिरस्कार, गरीबों के अधिकारों की उपेक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूर्ण परित्याग का खुलासा किया"

**ममता बनर्जी**
**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री**



"सौतन में मेरी भूमिका बेहद खास है। फिल्म में दो दिग्गज अभिनेत्रियों के बीच मेरा किरदार दर्शकों को खूब लुभाएगी। मैंने इस फिल्म के लिए खूब मेहनत की है और हमारी टीम को इससे काफी उम्मीदें भी हैं।"

**विक्रांत सिंह राजपूत**

संपादक के नाम पत्र

## मोदी ने गहलोत पर साधा निशाना

राजस्थान विधानसभा चुनाव पूरे शबाब पर है।मोदी की सभा मे उमड़ा जनसैलाब कांग्रेस के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है।विधानसभा की रणभेरी के बाद मोदी की राजस्थान की जनता को करोड़ो रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भाजपा के लिए कामयाबी की सीढ़ी है।कांग्रेस की सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जिस जिस ने भ्रष्टाचार किया है,जिसने गरीब के पैसे लुटे है।उनके खिलाफ कार्यवाही जरूर होगी।यह मोदी की गारंटी है।बिगड़ती कानून व्यवस्था, दंगे,पत्थरबाजी, महिलाओ और दलितों और अत्याचार के मामले गिनाते हुए गहलोत सरकार पर प्रहार किया।एक लाख की जनमेदनी में कांग्रेस का पारा सातवे आसमान में था।सांवरिया सेठ का आशिर्वाद लेने गए मोदी ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को साथ लेकर गए।राजस्थान बचाएंगे ,भाजपा सरकार लाएंगे के नारों से प्रदेश में लोगो की आशा बलवन्ति हुई है।कांग्रेस मोदी पर अविश्वास करती है इसलिए मोदी की गारंटी का प्रयोग राजस्थान में चुनाव मोदी वर्सेज गहलोत बनाया जा रहा है।राजस्थान की सक्रिय राजनीति में वसुंधरा राजे की अहम भूमिका हो सकती है।कमल के फूल पर चुनाव लड़ने जा रही भाजपा हर हाल में राजस्थान फतह करने की रणनीति बना चुकी है।उधर अशोक गहलोत ने तंज कसा है कि केंद्र में राजस्थान की तर्ज पर पांचसौ में गैस सिलेंडर देकर राहत दे।डोडासरा ने मोदी के नौ साल को निरस बताया है।राजस्थान की राजनीति कांटो भरी है।राजनैतिक दल कितने भी मियामिठु बनने की कोशिश क्यो नही करे, परन्तु आखीरकार मतदाता ही निर्णायक होंगे।विकास और सुशासन के साथ ही जनता जनार्दन खड़ी नजर आ रही है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पीएससी ने इंद्रधनुष को लेकर बैठक

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की एक प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित कि गई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शशिकांत प्रसाद ने की। बैठक में सघन मिशन इंद्रधनुष राउंड तीन कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया कि सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम प्रखंड में चलाया जाएगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### वंशावली सत्यापन को लेकर ग्राम सभा की गई

**चरही:** चुरचू प्रखंड अंतर्गत बहेरा पंचायत भवन के सभागार में बुधवार को चुरचू अंचल अधिकारी हजारीबाग के ज्ञापन संख्या 364 दिनांक 30/09/23 के निर्गत कार्यालय आदेश के अनुसार मौजा फुसरी और बहेरा में परियोजना पदाधिकारी सीसीएल तापिन साउथ ओपन कास्ट परियोजना के पत्रांक- पी ओ/टीएसओसीपी / एल एंड आर/2023-24/995 दिनाँक 11/09/23 के आलोक में बहेरा पंचायत के सचिवालय में बहेरा मुखिया देवकी महतो कि अध्यक्षता में वंशावली सत्यापन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया।ग्राम सभा में कुल 21 आवेदनों के वंशावली के सत्यापन राजस्व कर्मचारी अमर कुमार सिन्हा, सीसीएल लैंड एंड रेवेन्यू ऑफिसर क्षितिज अग्रवाल, ने जांच किया। जांच के बाद सही पाएं गए वंशावली को अंचल कार्यालय में जमा करा दिया जाएगा। बाकी कई अन्य वंशावली को सुधार के लिए कहा गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व उपप्रमुख चोलेश्वर महतो, बहेरा मुखिया देवकी महतो, उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, वार्ड सदस्य आशामुनि देवी, गीता देवी, अनिता देवी, रंजन कुमार महतो, तालो मुर्मू, बिरसा टुडू, जगदीश महतो, संपत महतो, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### रामदेव खरिका में 10 अक्तूबर से शुरू होगा फुटबॉल टूनार्मेंट

**दारू :** दारू प्रखंड के रामदेव खरिका में आगामी 10 अक्टूबर से आयोजित होने वाले फुटबॉल टूनार्मेंट को लेकर बुधवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने हजारीबाग पहुंचकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके विधायक कार्यालय में मुलाकात की और टूनार्मेंट के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि आने का निमंत्रण दिया। जिसे विधायक मनीष जायसवाल ने सहस्र स्वीकार किया और टूनार्मेंट के उद्घाटन में शामिल होने की सहमति जताई। विधायक मनीष जायसवाल ने टूनार्मेंट के पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी आयोजन समिति को भेंट किया और पुरस्कार राशि भी अपनी ओर से देने का घोषणा किया ।

**चर्चा** विधायक ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से जन मुद्दों पर की चर्चा

# बड़कागांव मुख्य चौक में जल्द बनेगा अत्याधुनिक लाइब्रेरी: अम्बा प्रसाद

- बड़कागांव मुख्य चौक व डेली मार्केट का होगा सुंदरीकरण
- केरेडारी घाघरा डैम का भी होगा विकास कार्य

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने मंगलवार को हजारीबाग उपायुक्त से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक अम्बा प्रसाद ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट करते हुए उसके निष्पादन करने की बात कही। विधायक अम्बा प्रसाद में पूर्व में बड़कागांव केरेडारी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में चापानल अधिष्ठापन हेतु भेजे गए प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान करने, सामुदायिक भवन सह कौशल विकास केंद्र का निर्माण डीएमएफटी मद से कराने,



बड़कागांव मुख्य चौक में बाईपास निर्माण, चौक एवं डेली मार्केट का सुंदरीकरण, बड़कागांव मुख्य चौक में अधूरे पड़े पानी टंकी का निर्माण यथा शीघ्र पूरा करने, छवनिया में नदी किनारे गार्डवाल का निर्माण करने, सिंदवारी पंचायत के विस्थापित स्वास्थ्य सहयोग दीदी को डीएमएफटी के अंतर्गत योग्यता अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने तथा केरेडारी प्रखंड के घाघरा डैम का सुंदरीकरण पहुंच पथ एवं नहर की सफाई तथा मरम्मती कराने, वही किचिनिया डैम एवं पहरा तालाब का सुंदरीकरण तथा सीढ़ी निर्माण कराने, ग्राम पहरा में स्थित संसद भवन को पुस्तकालय का रूप प्रदान करने एवं ग्राम बुंडू के ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क को निजी स्वार्थ के लिए मार्ग में परिवर्तन करने के मामले समेत विभिन्न मामलों को लेकर उपायुक्त को यथाशीघ्र निर्णय लेने को कहा। विधायक अंबा प्रसाद की मांगों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित कर शीघ्र कार्रवाई करने का दिशा निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि बड़कागांव मुख्य चौक में अत्याधुनि पुस्तकालय का निर्माण होगा तथा डेली मार्केट एवं चौक के आसपास भी सुंदरीकरण का कार्य बहुत जल्द होगा। अंबा प्रसाद ने बताया कि घाघरा डैम का सुंदरीकरण पहुंच पथ का निर्माण भी यथाशीघ्र होगा पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यू प्वाइंट भी बनाया जाएगा, इसके लिए पूर्व में मेरे द्वारा पत्र प्रेषित करने के बाद उपायुक्त के द्वारा विभागी अधिकारियों को निर्देश दे दिया गया है।

## बेबी बनी जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा के निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह ने नगवां निवासी बेबी देवी को हजारीबाग जिला महिला कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया किया गया है। मनोनीत करते ही सुश्री गुंजन सिंह ने आशा व्यक्त कि है कि बेबी देवी पद ग्रहण के साथ ही जिला महिला कांग्रेस कमिटी का शीघ्र ही गठन करते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा से जिला में महिला कांग्रेस की संगठन को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा के अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। बेबी देवी के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, साजिद अली खान, बिनोद सिंह, जावेद मल्लिक, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, गुड्डु सिंह, सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, असगरी अंजूम, मनिषा टोप्पो, कोमल कुमारी, राजू चौरसिया, बाबर अंसारी, विजय कुमार सिंह, मो. रब्बानी, सचिन कुमार मेहता, माशूक अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते उन्हें हार्दिक बधाई दी है ।

## सड़क पार करने में स्कूली छात्रों को हो रही परेशानी, कीचड़ में घुसकर जाते हैं स्कूल



राष्ट्रीय खबर

**केरेडारी:** केरेडारी हेवई पंचायत के हरला गांव में पढ़ रहे स्कूली छात्रों को अपने विद्यालय आने जाने में काफी परेशानी उठाना पड़ता है। यहां के छात्रों को फिलहाल बीच नदी में बनी दौड़ाही पुलिया से होकर गुजरना पड़ता है। जहां कीचड़ की भरमार है। स्कूल जाने के क्रम में छात्रों को इसी कीचड़ युक्त सड़क को पार करना पड़ रहा है जिसमे उनके जूते मौजे गंदे हो जाते हैं। स्थानीय मुखिया भारती देवी एवं उनके पति समाजसेवी अमित कुमार दुबे ने छात्रों की इस दुर्दशा को देखते हुए गहराई से संज्ञान लिया है। बताया की जल्द ही इस सड़क का कायाकल्प होगा। सड़क को किसी भी सूरत में पक्कीकरण कराया जाएगा। जिससे स्कूली छात्रों में आशा की किरण जाग उठा है। इस घोषणा के बाद छात्रों के अभिभावकों ने मुखिया भारती देवी और अमित दुबे की सराहना किया है। ज्ञात हो की हरला गांव स्तिथ नदी पर बने दौड़ाही पुलिया गांव का एकमात्र आवागमन का मुख्य साधन है। जिसमें तकरीबन आस पास के चार गांव के जनमानस इसी पुलिया से होकर गुजरते हैं। जिन्हे वर्तमान में काफी दिक्कतें झेलना पड़ रहा है। राजनेता विधायक सांसद कोई नजर नहीं जाता केवल चुनावी मुद्दा पर ही सिमट जाती है ग्रामीण जनता परेशानी का सामना करना पड़ता है उसकी कोई परवाह नहीं राजनेताओं का सरकार द्वारा आने जाने की मुहैया तो होते रहती है केवल चुनावी मुद्दा के समय बन ठन के निकलते हैं और ग्रामीण को लॉलीपॉप देकर मुद्दा का भटकाव करते हैं और चुनाव जीत कर कोई राजनेता केंद्र को संभालते हैं और कोई राज्य को संभालते हैं ग्रामीण जनता यहां पीसे जाते हैं।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में अंतर्विभागीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

हजारीबागः हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस फुटबॉल ग्राउंड में अंतर्विभागीय फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बुधवार को उदघाटन के मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का उदघाटन किया। बता दें कि कृषि, आईटी, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट व आर्ट्स की टीम ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। बुधवार को पहला मैच कॉमर्स एंड मैनेजमेंट व आईटी के बीच खेला गया, जिसमें आईटी विभाग ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच कृषि और कला विभाग के बीच खेला गया, जिसमें कृषि विभाग की टीम ने 2-1 से मैच में जीत हासिल की। अब गुरुवार को फाइनल मुकाबला आईटी व कृषि विभाग के बीच खेला जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने उदघाटन मौके पर कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल भी जरूरी है। इसी के मद्देनजर विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न खेलों का आयोजन कराया जाता है और विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के साथ साथ विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का समावेशी विकास करना है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय की ओर से समय समय पर वेबीनार, सेमिनार, सांस्कृतिक गतिविधियां व विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

## एसीबी ने जेई को घूस लेते दबोचा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग ने डाडी प्रखंड के जेई सुनील कुमार केसरी को 10 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने इस संबंध में कांड संख्या 10/23 दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा है। बताया गया है कि सोमर महतो जो दाढ़ी प्रखंड के चैनपुर गांव के रहने वाले हैं उनकी पत्नी अंजनी देवी के नाम से मनरेगा योजना के तहत एक कूप निर्माण कार्य 2022-23 में दिया गया था। जिसकी प्रकरण राशि 3 लाख 81 हजार 299 रुपए थी।

कूप निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया जिसके बाद फाइनल मापी पोस्ट भरकर 1 लाख 70 हजार रुपए का वाउचर पर हस्ताक्षर करने के लिए सुनील कुमार केसरी ने 20 हजार रुपए घुस की मांग की। आवेदक घुस नहीं देना चाहते थे इसलिए उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक को आवेदन लिखकर इस बात की सूचना दी। एसीबी ने पुलिस निरीक्षक के द्वारा विधिवत सत्यापन किया सत्यापन के बाद आरोपी 10 हजार रुपए रिश्वत लेकर वादी का काम करने के लिए तैयार हो गए। इस प्रकार आरोपी द्वारा रिश्वत मांगने की बात सत्य पाया गया। वादी के आवेदन एवं सत्यापन करता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी ने हजारीबाग थाना कांड संख्या 10/23 पंजीकृत किया है। एसीबी हजारीबाग के ट्रैप टीम के द्वारा दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी की उपस्थिति में प्राथमिक अभियुक्त सुनील कुमार केसरी पिता लाल बहादुर केसरी ग्राम सीमार्तंड थाना चैनपुर जिला पलामू कनीय अभियंता मनरेगा को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ की रफ्तार किया गया।

## न्यूज फटाफट

### इलाज के क्रम में हुआ निधन



**हजारीबाग :** हजारीबाग के युवा पत्रकार अमित कुमार अब इस दुनिया में नहीं रहें। करीब 40 साल की उम्र में उनका इलाज के क्रम में अहमदाबाद के हॉस्पिटल में निधन हो गया। अमित कुमार हजारीबाग में वर्षों तक न्यूज 11 चैनल के लिए सेवा प्रदान किए हैं। वे शहर के दिपुगढ़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहते थे। पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने फार्मिंग का कार्य शुरू किया था। लीवर सिरोसिस की समस्या उनके लिए काल बन गया और उनके जीवन की एहलीला को समाप्त कर गया। फिलहाल वे बीमार होने के बाद पटना के ग्राम बेली स्थित अपने पैतृक आवास में रहते थे। वे अपने पीछे दो मासूम पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इधर युवा पत्रकार अमित कुमार के निधन पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके दिवंगत आत्मा की शांति के साथ शोकाकुल परिजनों को इस पहाड़ जैसे दु:ख से उबरने की अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा की अमित एक होनहार युवा थे और अपने राजनीति के शुरूआती दिनों से ही इनसे जुड़ा रहा था। ऐसे परिचित युवा के असामयिक निधन की सूचना पाकर मन स्तब्ध है। उन्होंने यह भी कहा की युवा पत्रकार अमित कुमार का असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है ।

### नव पदस्थापित सीओ अपना पदभार लिया

**हजारीबाग :** केरेडारी अंचल में तत्कालीन सीओ राकेश कुमार तिवारी ने अपना पदभार नव पदस्थापित सीओ रामरतन वर्णवाल को अपना पदभार सौपा। इस मौके पर गुलदस्ता भेंटकर उन्हे शुभकामना दी गई। अंचलकर्मियों ने भी रामरतन वर्णवाल को बुके देकर स्वागत किया। जिसमें प्रभात कुमार कासिम अहमद शमीम अंसारी जितेंद्र कुमार रंजन संजय कुमार पासवान शशि तिवारी मेराज अंसारी रंजीत प्रजापति अफसर आलम कौलेश्वर साव शामिल थे। इधर नए सीओ द्वारा यहां पदभार लेते ही सबसे पहले अपने सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान आम जनमानस से भी अपने कक्ष में मिले उनका हाल चाल जाना और यहां आते ही सीओ ने मिलने वाले सभी लोगों का दिल जीत लिया। सीओ के व्यवहार कुशलता को देख लोगों को यह महसूस ही नहीं हो रहा था। की उन्होंने आज ही यहां ज्वाइन किया है। ऐसा लग रहा था की सभी से उनका परिचय बहुत पहले से रहा होगा जिसकी चर्चा केरेडारी में सभी लोग कर रहे थे। तकरीबन 2 बजे दोपहर में जब श्री रामरतन केरेडारी से हजारीबाग मुख्यालय की ओर जाने लगे तो सभी जनता और कर्मियों से मिलते हुए गए। किसी ने इस दौरान उनसे पूछ लिया की यहां की जनता बहुत बेसब्री से केरेडारी में आपके आने का इंतजार कर रही थी। जिस पर सीओ ने अफसोस जताते हुए कहा की सरकारी तकनीकी प्रक्रिया की जवाबदेही निभाने के चलते यहां ज्वाइन करने में मुझे 25 से 28 दिन जरूर लेट हुआ है।

### बैठक आयोजित कर जल सहिया का चयन किया गया



**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखड़ खुखरा थाना क्षेत्र के खरपोका पंचायत अंतर्गत सहनाबाद गाँव में बुधवार को एक बैठक आयोजित कर जल सहिया का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया मोहम्मद तनवीर ने की। बैठक कार्यपालक अभियंता सह सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता समिति गिरिडीह के निदेर्शानुसार आयोजित कि गई । बैठक में सर्वसम्मति से लीलावती देवी को जल सहिया के रूप में चयनित किया गया।बैठक में मुखिया के अलावे पंचायत समिति सदस्य रिंकी देवी,उप मुखिया मिठू ठाकुर,राजू साव,नारायण ठाकुर,मितन साव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### मारवाड़ी महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ



**रांची :** रांची के मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के पत्र के आलोक में बुधवार को स्नातक सत्र 2023 से 2027 के लिए कक्षाएं 4 अक्टूबर से प्रारंभ कर दी गई है । तो वहीं हिन्दी विभाग मे नए बैच के छात्र व छात्राओं के लिए एक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया । इस दौरान हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ स्मिता गहलोत ने छात्र व छात्राओं का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया । उन्होंने छात्र व छात्राओं को संबोधित कर कहा कि मारवाड़ी महाविद्यालय में प्रवेश पाना अपने आप में सबसे बड़ी उपलब्धि है यहां के छात्र हर क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं । अक्सर आप अपनी धैर्य को उस समय खो बैठते हैं जब आप अपनी सफलता के बिल्कुल नजदीक होते हैं। गहलोत ने आगे बताया की किसी भी परीक्षा की तैयारी को कम समय में करके सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। इसलिए आवश्यक है कि छात्र नियमित रूप से निरंतर अध्ययन करें और अपने धैर्य को बनाए रखें। इस दौरान मुख्य रूप से हिन्दी विभाग के सैकड़ो छात्र व छात्राएं उपस्थित थे ।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग :** हजारीबाग मटवारी स्थित एक अपार्टमेंट के तीसरे ताले में नाबालिक को स्कूल से बाहर से मोटरसाइकिल पर बैठकर अपार्टमेंट के कमरे में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। इस संबंध में नाबालिक के परिजनों ने कोर्रा थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। सामूहिक दुष्कर्म में शामिल दो युवकों में से मुख्य आरोपी मंडई निवासी रोहित राणा पिता बंगाली राणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया गया है कि 3 अक्टूबर मंगलवार को नाबालिक अपने घर से एक स्कूल जाने के लिए 8 बजे निकली थे। दोपहर 2 बजे उसे स्कूल के प्रधानाध्यापक ने उक्त नाबालिक के घर पर फोन कर बताया कि उनकी बेटी स्कूल नहीं आई है। यह बात सुनकर नाबालिक के माता और भाई दोनों अपनी पुत्री की खोजबीन करने लगे। बहुत खोज बिन करने पर उसका कोई पता नहीं चला और वे लोग 3 :30 बजे घर पहुंचे। घर पहुंचने के 10 मिनट बाद करीब 3 :40 में उनकी पुत्री घर पहुंची और दरी सेमी लहजे में रोने लगी और अपनी माता को पूरी घटना बताइ। उनके परिजनों ने सबसे पहले नाबालिक को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इसके बाद परिजनों ने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। आवेदन के अनुसार स्कूल के बाहर नाबालिक के पहुंचते ही रोहित राणा ने नाबालिक का हाथ पकड़ा और अपने मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। रोहित के साथ एक अन्य आरोपी पीछे बैठकर नाबालिक का मुंह बंद कर दिया। इसके बाद दोनों ने मटवारी स्थित एक अपार्टमेंट के तीसरे ताले पर ले जाकर यौन शोषण किया। आरोपियों ने नाबालिक का फोटो और वीडियो भी आपत्तिजनक हालत में बनाया और धमकी भी दिया कि अगर किसी को बताया तो यह फोटो वीडियो वायरल कर देने की बात कही।

**बैठक** जिला स्तरीय अंर्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# आपसी समन्वय व सुनियोजित ढंग योजनाओं में गति लायें: उपायुक्त

- सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन करने का निर्देश दिया
- बीडीओ-सीओ को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित सम्पन्न हुई। उपायुक्त ने कहा कि आपसी समन्वय एवं सुनियोजित तरीके से संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्त्वबोध एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य कराने की सलाह दी साथ ही सुनियोजित तरीके एवं आपसी समन्वय से बाधाआओं को दूर कर संचालित योजनाओं को गति प्रदान करने की बात कही। बैठक में विभिन्न याजेनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य कर रहे विभागों की समीक्षा हुई। मौके पर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन, श्रम नियोजन, जिला योजना, खेल विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, पशुपालन,श्रम विभाग सहित पोटो हो खेल योजना, वनाधिकार पट्टा, जनता दरबार के आवेदन, पीजी पोर्टल आदि योजनाओं पर आपसी समन्वय से हो रहे कार्य प्रगति की




गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पोटो हो खेल योजनान्तर्गत स्कूल कैम्पस को समाहित करते हुए जमीन चिन्हितीकरण में तेजी लाने के बाबत बीडीओ-सीओ को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। खेल क्षेत्र में बेहतर प्रयास हेतू सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन करने का निर्देश दिया। वहीं वनक्षेत्रों में वर्षों से रहरहे जनजातिय परिवारों को वनाधिकार पट्टा देने में गति लाने के लिए कैम्प लगाने का प्रस्ताव पर उपायुक्त ने इसमें तेजी लाने के साथ-साथ वनाधिकार समितियों के पुर्नगठन का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जनता दरबार के आवेदनों पर नियमानुसार एवं ससमय कार्रवाई करते हुए आवेदकों को भी आवेदन पर हुई कार्रवाईयों से अवगत कराने को कहा।

साथ ही पीजी पोर्टल के मामले उपर डीसी ने कहा कि यह सेवा अधिकार से संबंधित है इसलिए प्राथमिकता के आधार पर ससमय निष्पादन करें। बैठक में ऑफलाईन से ऑनलाईन एप्प जेनेरेशन के लिए जिला योजना पदाधिकारी को नोडल बनाते हुए बीडीओ से समन्वय एवं सहयोग करने का निर्देश दिया। वहीं 52 गैर भवनों वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 2-3 डीसमिल जमीन पोषक केन्द्रों में ही सुनिश्चित कराने का निर्देश अंचलाधिकारियों को दिया गया। इसके अलावे डीसी ने भूअर्जन के मामलों के निस्तारण के लिए जिला भूअर्जन पदाधिकारी एवं आरसीडी को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजना, कार्यक्रम आपसी समन्वय के कारण विलंब न होने पाये तथा योजना ससमय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों में आपसी विभागीय समन्वय से बेहतर परिणाम प्राप्त करने, पहल कर कार्यों में गति लाने तथा योजनाओं के ससमय धरातल पर उतारने के लिए निर्देशित किया। बैठक मेंअपर समाहर्ता,बरही एसडीओ, डीएलएओ,जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### 5 दिवसीय पारम्परिक जड़ी बूटी प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**बेरमो/ललपनिया :** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ललपनिया में आयोजित पांच दिवसीय पारम्परिक जड़ी बूटी प्रशिक्षण शिविर बुधवार को सम्पंन किया गया। जड़ी बूटी प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम मे संथाल परगना के प्रसिध्द बैध डेविड हांसदा केद्वारा बहुत ही अच्छे तरिके से लोगों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न बीमारीयों के जडी बूटी दावा के बारे मे बारीकी से दिया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बैंक कॉलोनी स्टेडियम में होगी देसी खेलों की प्रतियोगिता

**पाकुड़ :** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के द्वारा जिला स्तरीय आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजाति के तहत तीरंदाजी 2.गुलेल 3.मटका दौड़ 4. गेड़ी दौड़ 5.भारा दौड़ एवं 6.सेकोर आदि खेलों के प्रतियोगिता जिला स्तरीय स्टेडियम, बैंक कॉलोनी,पाकुड में 06 अक्टूबर 2023 को 9:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित की जाएगी।
प्रतियोगिता में विशेष रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक/बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे।

### प्रखंड के दो जन वितरण प्रणाली केंद्र का अनुज्ञप्ति किया रद्द

**महेशपुर :** जिले के महेशपुर प्रखंड में स्थित दो जन वितरण प्रणाली केंद्र का आदेश के अहवेलना करने के मामले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने अनुज्ञप्ति किया रद्द महिला मंडल बागतीपड़ा द्वारा गलत तरीके से नाम बदल कर दुकान का संचालन करने पर पूछा स्पष्टीकरण आदेश के अहवेलना करने के मामले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने महेशपुर प्रखंड के दो जन वितरण प्रणाली विक्रेता का अनुज्ञप्ति रद्द कर दिया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आँगनबाड़ी केंद्र पर पोषण सप्ताह का हुआ आयोजन

**पाकुड़ :** नीति आयोग के आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के तहत 3 अक्तूबर से 9 अक्टूबर 2023 तक चलने वाले ृसंकल्प सप्ताहृ के दूसरे दिन लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सभी आँगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण मेला के तहत बच्चों के विकास की निगरानी और गर्भवती महिला का वजन, आंगनबाड़ी केन्द्र पर गोद भराई और, अन्नप्राशन कार्यक्रम, चौपाल में बात - संतुलित आहार, मेरा पौष्टिक बगीचा, किचन गार्डनिंग कि बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा, मिल्लट्स की रंग बिरंगी थाली - रेसीपी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

### सड़क सुरक्षा से संबंधित सामग्री का सांसद व उपायुक्त ने किया वितरण

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित परिसर में माननीय राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा व उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा नगर थाना प्रभारी के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री का वितरण किया गया।माननीय सांसद श्री विजय हांसदा ने कहा कि वितरण की गई सामग्री सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं पाकुड़ जिला अंतर्गत सभी थाना स्तर पर हो रहे सड़क दुर्घटनाएं में अंकुश लगाने को लेकर सामग्री का वितरण किया गया है। साथ ही साथ इन सभी उपकरणों का उपयोग कर जिला में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जाएगी। इसको लेकर व्यापक स्तर पर अभियान भी चलाए जाएंगे।उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि डीएमएफटी फंड अंतर्गत सभी मुख्य पांच थानों हेतु आवश्यक उपकरण का क्रय सड़क दुर्घटना में रोक लगाने हेतु की गई है। कुल 20 तरह की जरूरी उपकरणों का क्रय किया गया है। सभी जरूरी उपकरणों का वितरण आज थाना प्रभारी, नगर के बीच किया गया है।

**निर्देश** समाहरणालय सभागार में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

# अधिकारियों को लंबित कार्यों को पूरा करने का दिया निर्देश : सांसद

- वैसे गांव का चिन्हित करें, जहां अभी तक बिजली पहुंच नहीं पाई है
- गांव में बिजली बहाल करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक, माननीय राजमहल सांसद श्री विजय हांसदा की अध्यक्षता में की गई। पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार सांसद ने की समीक्षा, लंबित कार्यों को पूरा करने का दिया निर्देश। माननीय राजमहल सांसद विजय हांसदा की अध्यक्षता मेंआहूत बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन पर क्रमवार समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। बिजली विभाग की समीक्षा क्रम में सांसद ने बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर करने का निर्देश दिया। माननीय सांसद ने कहा कि वैसे गांव का चिन्हित करें, जहां अभी तक बिजली पहुंच नहीं पाई है। वैसे गांव में बिजली बहाल करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया। अगर बिजली में कटौती की जाती है तो इसकी सूचना हमें उपलब्ध करायेंगे।

सामाजिक सुरक्षा विभाग के समीक्षा क्रम में माननीय सांसद ने कहा की वैसे दिव्यांग लाभुक का चयन करें जो पेंशन योजना से अभी तक लाभान्वित नहीं हुए हैं। माननीय सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी के समीक्षा के क्रम में प्रशासक, नगर परिषद से जानकारी ली की 2015-2022 वर्ष तक में कितने आवास का लक्ष्य निर्धारित था, और अभी तक कितने आवास को पूर्ण किया गया। नगर परिषद, प्रशासक के द्वारा बताया गया कि 2752 आवास का लक्ष्य था जिसमें से 1781 आवास को पूर्ण कर लिया गया एवं 971 आवास कार्य प्रगति पर है। माननीय सांसद के द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान माननीय सांसद ने कहा कि जिले में वैसे विद्यालय जहां पर पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं है। वैसे विद्यालयों में अगले बैठक से पूर्व सारी व्यवस्थाएं को दुरुस्त करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। इसके अलावा माननीय सांसद ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना झ एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं श्रमिक कल्याण को लेकर विस्तृत समीक्षा की।

## मुख्यमंत्री कन्या उत्कृष्ट विद्यालय के दिन बहुरेंगे: अभिजीत



राष्ट्रीय खबर

**दुमका :** उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या उत्कृष्ट विद्यालय, दुमका का निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी अध्ययन कक्ष,कम्प्यूटर लैब,मध्याह्न भोजन से संबद्ध रसोईघर, विद्यालय परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर के जल जमाव को दूर करने हेतु सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराने, जर्जर उपस्कर की नियमानुसार निलामी कराने एवं जर्जर भवन को नियमानुसार ध्वस्त कराने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा वर्ग- ग्यारह एवं बारहवीं के छात्राओं के साथ संवाद किया गया। संवाद के दौरान छात्राओं को अभी से कैरियर लक्ष्य निर्धारित करने एवं उस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु रणनीतिक रूप से कठिन परिश्रम करने की सलाह दी गई। अभियंत्रण, मेडिकल, सिविल सर्विसेज एवं शिक्षा आदि क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु उचित पथ प्रदर्शन की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# निगम ने बैंकों के साथ मिलकर लगाया मेगा शिविर



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** देवघर नगर निगम के सभागार में बेरोजगारी उन्मूलन अभियान के तहत नगर आयुक्त की अध्यक्षता में भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डे एनयूएलएम के अन्तर्गत गठित 20 स्वयं सहायता समूहों को कुल बीस लाख रुपए का क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया गया । इसके साथ ही स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत, स्वरोजगार हेतु 203 लाभुको का आवेदन व्यक्तिगत ऋण हेतु स्वीकृति किया गया । स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिकतम दो लाख तक का ऋण बैंको के माध्यम से मात्र 07% वार्षिक ब्याज दर से प्रदान किया जाता है तथा बैंको द्वारा लिए जानेवाले 07% से अधिक ब्याज दर का भुगतान डे एनयूएलएम परियोजना से ऑनलाइन माध्यम से लाभुक के खाते में किया जाता है। गौरतलब हो कि देवघर नगर निगम द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से चलाये जा रहे बेरोजगारी उन्मूलन अभियान में भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा निरंतर एवं सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा । इस दिशा में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रविशंकर चौधरी एवं उनकी टीम का सराहनीय सहयोग से देवघर नगर निगम बेरोजगारी उन्मूलन की दिशा में नित्य नए आयाम की ओर अग्रसर है। पूर्व वित्तीय वर्ष में भी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वरोजगार योजना के तहत 155 लाभुको को ऋण प्रदान किया गया था साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत देवघर नगर निगम में कुल 3242 लाभुकों को विभिन्न बैंको द्वारा लाभान्वित किया गया है।

# टीएमपीएल ने किया वाटर फिल्टर का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** वास्तव में जीवन जीने की कला तो कोई पहाड़िया समाज से सीखे। सुदुर जंगल के बीच पहाड़ की चोटी पर अवस्थित ग्राम डुम्बरपालम एवं तमलीगोड़ा के अति पिछड़े जनजाति पहाड़िया समाज में जीवन का उत्साह जीवन जीने की कठोरतम पराकाष्ठा है। न पीने का पानी, न आवागमन को सड़क, न तो बिजली की कोई सुविधा, पर ये समाज इतना उत्साही है कि जीवन को एक उल्लास की तरह जीते हैं। इन्हीं राजमहल की श्रेणीबद्ध पहाड़ियों के बीच बसा गांव है डुम्बरपालम एवं तमलीगोड़ा! अगर आम आदमी उन गावों में जाने की सोचे तो आपको 300 मीटर की ऊंचाई जंगली एवं पथरीले पगडंडीनुमा रास्तों से तय करनी होगी। ग्राम प्रधान गंगा पहाड़िया एवं उपरोक्त ग्रामों के निवासी चमरा पहाड़िया, सुरजा पहाड़िया एवं अन्य के बार बार आग्रह के बाद एवं उनकी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए बुधवार को कंपनी के पदाधिकारियों द्वारा उनकी बेसिक जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से सभी ग्रामीणों के बीच लगभग 75 नग वाटर फिल्टर का वितरण किया गया। इस उपलक्ष्य में सभी ग्रामीण बड़े खुश नजर आये। आशा है कि इन छोटी छोटी खुशियों में हम यूंही सहभागिता निभाते रहेंगे।

## सदर अस्पताल में एलाइजा रीडर मशीन से होगा संक्रामक रोगों की जांच



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** उपायुक्त विशाल सागर के निदेर्शानुसार जिले में डेंगू, चिकनगुनिया व वायरल फीवर सहित दूसरे संक्रामक रोगों से बचाव के लिए बेड, दवा व जांच के लिए लगातार संसाधन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सदर अस्पताल में जल्द ही एलाइजा रीडर मशीन का अधिष्ठापन किया जाएगा। साथ ही मशीन के माध्यम 1 मिनट में 90 लोगों का सैम्पल जांच कर रिपोर्ट प्रदान की जा सकती हैं। उपायुक्त के निदेर्शानुसार एलाइजा मशीन के खरीदारी को लेकर जिला मद से स्वास्थ्य विभाग को राशि भी हस्तांतरित की गई हैं। वही इस मशीन की मदद से कम समय में ज्यादा से ज्यादा सैंपल की जांच अब सदर अस्पताल में की जा सकेगी। साथ ही इन मशीनों के मिलने पर जिले में विशेष अभियान चलाकर फोकस टेस्टिंग भी की जा सकेगी। वही एलाइजा मशीन की मदद से कम समय में ब्लड के ज्यादा सैंपल जांचे जा सकेंगे। डेंगू, चिकनगुनिया सहित अन्य संक्रामक रोगों का पता लगाया जा सकेगा। यही नहीं जांच के लिए किट भी पर्याप्त मात्रा में खरीदी जा रही हैं, ताकि कोरोना की तर्ज पर डेंगू, चिकनगुनिया व वायरल फीवर पर काबू पाया जा सके।

**कमान** डगरा के इलाके में ग्रामीणों की एक बड़ी बैठक हुई

# झारखंड-बिहार की सीमा पर सीआरपीएफ संभालेगी कमान

- 134 बटालियन पूरी तरह से सारंडा में शिफ्ट हो जाएगी
- सीआरपीएफ की 134 बटालियन झारखंड-बिहार सीमा पर तैनात है



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू झारखंड-बिहार सीमा पर नक्सल अभियान में सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन कमान संभालेगी। सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन फिलहाल चाईबासा के सारंडा में तैनात है। पलामू में सीआरपीएफ की 134 बटालियन झारखंड-बिहार सीमा पर तैनात है, जिसे सारंडा में तैनात किया जा रहा है। अगले कुछ दिनों में 134 बटालियन पूरी तरह से सारंडा में शिफ्ट हो जाएगी। सीआरपीएफ के एक टॉप अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि फिलहाल सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन सारंडा में तैनात है। उसकी तैनाती मध्यप्रदेश के इलाके में होनी है, लेकिन जहां उसकी तैनाती होनी है, वहां आधारभूत संरचना विकसित नहीं हुआ है। इस कारण वहां उसकी तैनाती नहीं हुई है। कुछ दिनों के लिए सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन पलामू में तैनात रहेगी। उसके बाद यह बटालियन भी चली जाएगी। दरअसल, सीआरपीएफ 134 बटालियन पलामू में पिछले एक दशक से भी अधिक समय से तैनात है। सरकार के निर्णय के बाद सीआरपीएफ के 134 बटालियन को सारंडा के इलाके में तैनात किया जा रहा है।सीआरपीएफ 134 बटालियन के पलामू से जाने की खबर के बाद ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है।
झारखंड- बिहार सीमा पर डगरा के इलाके में ग्रामीणों की एक बड़ी बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने कई बिंदु पर निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक पत्र भी लिखा है और सीआरपीएफ को नहीं हटाने का आग्रह किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सीआरपीएफ की मौजूदगी से इलाके में शांति व्यवस्था कायम थी।डबरा के ग्रामीण सीएम के पलामू दौरे के दौरान उनसे मुलाकात भी करेंगे और अपनी बात को रखेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सीआरपीएफ की तैनाती के बाद से इलाके में माओवादियों की गतिविधि कम हुई है। इलाके के ग्रामीण रणजीत सिंह, भोला यादव नारायण यादव का कहना है कि इलाके में सीआरपीएफ के रहने से काफी सुख-चैन था, लेकिन सीआरपीएफ के जाने के बाद काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## न्यूज फटाफट

### आउटसोर्स कर्मी ने मरांडी को सौंपा ज्ञापन



**पलामू :** छत्तरपुर अनुमंडलिय अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने मानदेय वृद्धि के लेकर झारखंड के पूर्व प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों ने पूर्व मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे राज्य की तुलना में एवं मेदनी नगर मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य कर्मियों की तुलना में छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों को कम मानदेय का भुगतान किया जा रहा है ज्ञापन सौंपने वालों में आउटसोर्स कमी के विजय कुमार, विजय राम, सिकंदर राम,अविनाश कुमार रजक, जयप्रकाश,वीरेंद्र कुमार पासवान, विमला कुवर उपस्थित थे।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज में विद्युत विभाग के कर्मियों की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को हर माह बिजली बिल नहीं मिल पा रहा है। लापरवाही इस कदर है कि गलती विभाग की है और इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में कटैया गांव के ग्रामीण उपभोक्ता बिंदेश्वरी राम सहित अन्य कई लोगों ने बताया कि हम लोग हर माह समय से बिजली बिल चुकाने के लिए तैयार रहते हैं किंतु बिजलीकर्मी मीटर रीडिंग लेने लोगों के घर ही नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिजली ऑफिस में संपर्क करने के बाद यह कह दिया जाता है कि बिल निकालने वाले कर्मी अभी नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जानबूझकर मीटर रीडिंग नहीं ली जाती है। उन्होंने कहा कि हर माह मीटर रीडिंग नही होने से उपभोक्ताओं को एक साथ महीनों का बिल चुकाना बोझ बन जाता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभाग के अधिकारियों द्वारा बकाया बिल में सूद माफी को लेकर दोहरी नीति अपनाई गई है। एक ही अमाउंट के लिए अलग-अलग सूद माफी का मामला भी प्रकाश में आया है। यह बिजली विभाग की लापरवाही है। उनका कहना है कि अधिकारी अपनी कमी छिपाने के लिए हमेंशा कर्मियों पर दोष मढ़कर बचना चाहते हैं। जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है।

### शहर में जल जमाव से निदान को लेकर नहीं कोई ठोस व्यवस्था

**मेदिनीनगर :** शहर की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन परिणाम शून्य है। शहर में जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कोइ ठोस कदम नही उठाया गया है। इतना ही नही नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण नगर निगम क्षेत्र के अन्य गली मोहल्ले की नालीयां बजबजा रही है। शहर के छह मुहान चौक पर इन दिनों बारिश होने के बाद तलाब जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। सड़क पर पानी जमा होने की वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राह चलने वाले लोगो को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही बाजार क्षेत्र में भी कई जगहों पर नाली की सफाई नहीं होने की वजह से नाली का पानी सड़कों पर आ गया है। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।हर साल नाली बनाने व मरम्मति करने पर नगर निगम लाखों रुपये पानी की तरह बहा देता है, लेकिन बारिश का पानी शहर से बाहर नहीं बह पाता है। बरसात के पहले तक योजनाएं बनती है और धरातल पर उतरते-उतरते बारिश का मौसम ही खत्म हो जाता है।

### दो चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने बैटरी और टुल्लू पंप चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि शहर थाना क्षेत्र के शिवाय ब्लू होटल के सुकेश कुमार पिता उमाशंकर प्रसाद के द्वारा दिनांक 28.07.2023 को इस आशय का आवेदन दिया गया कि ये कोयल रिभर फ्रंट में चल रहे निर्माण कार्य में मुंशी का काम करते हैं।तथा दिनांक 27.07.2023 को प्रातः बेट्री रूम गये तो पाये कि आपातकालीन बिजली सप्लाई हेतु लगे 06 बेट्री तथा स्ट्रीट लाईट, टुलू पम्प तथा 04 पीस फ्लड लाईट की चोरी हो गयी है। इस संबंध में शहर थाना कांड सं0 316/ 23 दिनांक 28.07.2023 धारा 461/379 भा0द0वि0 अंकित कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

### डेयरी प्लांट पशुपालकों के लिये वरदान साबित होगा: रूचिर

**पलामू :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पलामू के गणके में डेयरी प्लांट का उद्घाटन सार्थक कदम बताया है। पलामू जिला में किसानों एवं मवेशी पलकों के लिए यह आने वाला समय में वरदान साबित होगा। लोगों को डेयरी के माध्यम से रोजगार मिलेगा और डेयरी पालन करने वाले व्यवसायी अपना दूध आसानी से अच्छे कीमत पर इस डेरी प्लांट में दूध देकर प्राप्त कर सकेंगे।

### पेशी के लिये पहुंचे देवेंद्र हिरासत में

**गोड्डा :** पीरपैंती विधानसभा के कीर्तनिया पंचायत के अम्मापाली गांव का निवासी तथाकथित पत्रकार युट्यूबर चैनल खुल्लमखुल्ला खबर देवेंद्र सिंह पिता सुरेंद्र सिंह को बुधवार को गोड्डा न्यायालय में पेशी के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया ज्ञात हो देवेंद्र सिंह का पूर्व से आपराधिक रिकार्ड रहा है अनेकों प्राथमिकी भी दर्ज है। मामले को लेकर न्यायालय ने भागलपुर जिला से बाहर जाने के लिए पाबंदी भी लगा रखा था। मगर न्यायालय के नियमों को तार तार करते हुए चैनल के आड़ में गिट्टी माफिया का कार्य किया करते थे ग्रामीणों द्वारा शिकायत पर स्थानीय विधायक ललन पासवान ने विधानसभा में माफियाओं के ऊपर कार्रवाई को लेकर प्रश्न उठाया था जिससे आक्रोशित होकर देवेंद्र सिंह तथाकथित पत्रकार ने सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रक चालकों को भड़काकर पीरपैंती विधायक के आवास पर हमला करवा दिया।और जान से मारने का प्रयास किया गया तोड़फोड़ भी करवाया जिसको लेकर मेहरमा थाना में देवेन्द्र सिंह पर प्राथमिक दर्ज कराई गई और आज गोड्डा न्यायालय में पेशी के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।ज्ञात्त हो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ-साथ सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को भी निर्देशित किया गया है कि कुछ ऐसे यूट्यूबर चैनल पत्रकार जो अपने पत्रकारिता के आड़ में लोगों को परेशान कर रहे हैं और आपराधिक गतिविधियों में शामिल भी हैं जिन्हें चिन्हित कर अविलम्ब कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए 9 पेज का नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है।

### बिहार की तर्ज पर झारखंड में हो जातिगत जनगणना : आजसू जिलाध्यक्ष

**पाकुड़ :** बिहार में जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद झारखंड में भी जाति जनगणना की मांग उठने लगी है। आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने 4 अक्टूबर को बयान जारी कर झारखंड में भी जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की है। कहा कि बिहार पहला ऐसा राज्य है जिसने जाति आधारित जनगणना करवाई और पूरे देश के सामने रिपोर्ट जारी की। सरकार की सारी योजनाएं जाति और वर्ग आधारित बनती है और जब जाति आधारित जनगणना ही नहीं होगी, तो सारी प्लानिंग फेल होना निश्चित है।वर्ष 2024 में प्रस्तावित लोकसभा और विधानसभा चुनाव के पूर्व ही जातिगत जनगणना कराने की मांग की गई है।आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड में भी जाति आधारित जनगणना होनी चाहिए. आखिर यहां भी पता चले कि किस जाति की कितनी आबादी है। इसके आधार पर फिर विकास की नीतियां बननी चाहिए। आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना होनी चाहिए ताकि सभी को समान अधिकार और समान विकास का लाभ मिल सके।

## शहर >> अपडेट

### अनियंत्रित होकर घर में घुसा ट्रक

**कुडू :** कुडू रांची मुख्य राजमार्ग 75 कुडू थाना क्षेत्र के नावाटोली गांव के समीप एक अठारह चक्का मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर मे जा घुसा। इस हादसे में घर की चारदीवारी और मुख्य द्वार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में घर का कोई भी सदस्य हताहत की खबर नही है। ज्ञात हो कि हुरहद गांव निवासी बालकु उरांव नावाटोली में घर बनाकर उसमें सरना हैंडलूम नामक प्रतिष्ठान संचालित करते हैं। बुधवार देर रात चाईबासा से छड़ लादकर मेदिनीनगर जा रहा अठारह चक्का ट्रक एन.एल.01-7202 अनियंत्रित होकर चारदीवारी में जा घुसा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### शहीद के पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण



**लोहरदगा :** भाजपा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में अमर शहीद पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह के पुण्य तिथी पर अजय उद्यान में बनी उनकी स्मारक पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर ओमप्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो, सामेला भगत, अनिल उराँव,भारती सिन्हा, ओम गुप्ता, कुमारी,सुनील यादव, वह कास प्रजापति,लालू प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मिट्टी का घर गिरने से एक व्यक्ति की मौत



**जयनगर :** प्रखंड के सतडीहा पंचायत के लतबेधवा गांव में अधिक वर्षा होने के कारण मिट्टी का घर गिरने से सदानंद सिंह (45) नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जाता है कि वह घर मे था और इसी दौरान मिट्टी के घर की दीवार गिरने से वह उसमें दब गया जिससे उसकी मौत हो गयी। सदानंद सिंह को दो पुत्र एक पुत्री, पत्नी और मां है। अबतक उसे किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला था और पूरे परिवार के साथ कच्चे घर मे रहता था।

### होमगार्ड का जवान घायल

**कोडरमा :** कोडरमा मंडल कारा की ड्यूटी में तैनात एक होम गार्ड जवान जमुना यादव (उम्र 45 वर्ष) बुधवार को जेल परिसर के वॉच टावर पर ड्यूटी के लिए चढ़ने के दौरान सीढ़ी से फिसल कर गिरने से जख्मी हो गए। इसके बाद जेल प्रशासन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया है। सदर अस्पताल में घायल ने बताया कि सीढ़ी से फिसलने के दौरान उनके पैर और हाथ मे चोट लगी है। फिलहाल घायल होमगार्ड जवान का इलाज सदर चल रहा है।

### लगातार बारिश से लोग परेशान, कच्चा घर गिरा

**मरकच्चो :** चार दिनों से हो रही बारिश से प्रखंड में आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इस बारिश से खरीफ फसलों से के फायदा के साथ-साथ जल स्रोतों में पानी लबालब भर गया है। लेकिन वही गरीब परिवारों को भारी संकट से गुजरना पड़ रहा है। मरकच्चो प्रखंड के पपलो पंचायत स्थित ग्राम बिन्धनिया निवासी आशा देवी पति राजकुमार ठाकुर व पपलो निवासी अंजनी देवी पति एतवारी चौधरी का कच्चा मकान मंगलवार की रात गिर गया। घर के अंदर कई आवश्यक सामान दब गया। इससे कई तरह के संकट सामने आ गया है।

**चेतावनी** तानाशाही कदम कर्मचारी विरोधी जन विरोधी और राष्ट्र-विरोध नीतियों के खिलाफ बढ़ती असहिष्णुता

# मीडिया संस्थाओं का उत्पीड़न बंद करे भाजपा सरकार:संजय

- मीडिया घरानों संगठनों और व्यक्तियों को परेशान करने,डराने घमकाने के लिए जांच एजेंसिया तैनात
- फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ सच्चाई सामने लाने का प्रयास
- बीबीसी, न्यूजलॉन्ड्री,द वायार दैनिक भास्कर, भारत समाचार, द कश्मीर वाला और कई अन्य समाचार एजेंसिया बना निशाना




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन दिल्ली पुलिस द्वारा कठोर यूएपीए का इस्तेमाल करते हुए मंगलवार सुबह पत्रकारों, वैज्ञानिकों, सांस्कृतिक इतिहासकारों और कई अन्य लोगों के घरों पर की गई छापेमारी की कड़ी निंदा किया है। सीटू झारखंड के सचिव संजय पासवान ने कहा कि मिडिया संस्थानों और पत्रकारों पर कठोर यूएपीए की धाराएँ लगाकर मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों पर खुला हमला है। यह उन आवाजों को दबाने का एक जबरदस्त प्रयास है जो एक तरफ लोगों पर भारी बोझ डालने वाली मोदी सरकार की विनाशकारी नीतियों और दूसरी तरफ सांप्रदायिक जहर और नफरत फैलाने का विरोध कर रही हैं। मोदी सरकार स्वतंत्र मीडिया घरानों, संगठनों और व्यक्तियों को परेशान करने, डराने और धमकाने के लिए जांच एजेंसियों को तैनात करने और झूठे मामले थोपने के लिए कुख्यात हो गई है।

जो गोदी मीडिया द्वारा फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ सच्चाई सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। बीबीसी, न्यूजलॉन्ड्री,द वायार दैनिक भास्कर, भारत समाचार, द कश्मीर वाला और कई अन्य समाचार एजेंसियों को पहले ही निशाना बनाया गया था।

अब भाजपा सरकार ने न्यूजक्लिक के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला है, घरों पर छापेमारी की है और उसके अधिकारियों और कर्मचारियों के लैपटॉप और मोबाइल फोन छीन लिए हैं।

इस तरह के तानाशाही कदम मोदी सरकार की कर्मचारी-विरोधी, जन-विरोधी और राष्ट्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ किसी भी आलोचना के प्रति बढ़ती असहिष्णुता को दर्शाती हैं, खासकर लोगों की बढ़ती एकजुट कार्रवाइयों के मद्देनजर जब देश में आम चुनाव केवल कुछ ही महीने दूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सच बोलने वाले मीडिया संस्थाओं का उत्पीड़न बंद करे।

जिला शिक्षा अधीक्षक और अपर जिला पदाधिकारी ने दिव्यांगों के सीर पर रख हाथ

## प्रखण्ड स्तरीय जांच शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखण्ड संसाधन केंद्र मरकच्चो में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कोडरमा के आदेशानुसार समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों का प्रखण्ड स्तरीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से होली फैमली अस्पताल के डॉ रंजीत सिंह उपस्थित थे। जांच शिविर में दिव्यांग बच्चों का निरीक्षण किया गया तथा जांच कर छात्र शुभम कुमार एवं विक्रम कुमार को उनसे संबंधित उपक्रम दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबिता कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आनंद शेखर, रिसोर्स शिक्षक संतोष कुमार, सत्यप्रकाश गुप्ता, बिरेन्द्र कुमार यादव, विकास कुमार, शहबाज आलम, शाहीन आदि के साथ विभिन्न विद्यालय से आए बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

खौफ के साये में ड्यूटी करने पर मजबूर कर्मचारी

## सीएचसी के छत का प्लास्टर गिरा, बड़ा हादसा टला



राष्ट्रीय खबर

**कुडू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में पर्ची काउंटर की छत के प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। मौके घटना उस समय हुई जब गांधी जयंती के अवकाश के कारण वहां कोई मौजूद नही था। अन्यथा कोई गंभीर घटना घट सकती थी। स्वास्थ केन्द्र के इस हिस्से में मरीजों की पर्ची काटने से लेकर, फाइलेरिया के मरीजों की स्क्रीनिंग और अस्पताल कर्मियों की मिटिंग तक होते रहती है। प्लास्टर गिरने की वजह से कक्ष में रखे टेबल कुर्सी पूरी तरह से तहस-नहस हो गए हैं। ज्ञात हो कि वर्षो से डॉक्टर रूम से लेकर चिकित्सा प्राभारी कार्यालय, आवास, नेत्र चिकित्सक कक्ष से लेकर जांच घर तक की छत से प्लास्टर झड़ते रहते हैं। वहीं अस्पताल परिसर में बने बड़े-बड़े गड्ढे और उसमें जमा पानी मरीजों और उनके अटेंडर तक के लिए परेशानी का सबब बनता रहता है। ज्ञात हो कि वर्षों पहले अस्पताल की मुख्य इमारत जिसमे अस्पताल का कार्यालय संचालित है और स्टाफ क्वार्टर को असुरक्षित करार दिये जाने की खबर थी। हालांकि इसकी किसी ने पुष्टि नही की है। प्राभारी चिकित्सा पदाधिकारी का कहना है कि भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है इसमे रहना खतरे से खाली नही है। लेकिन आपातकालीन सेवा होने और मरीजों के हित को देखते हुए चिकित्सक अन्यत्र किराए के मकान में भी नही रह सकते हैं। परिसर में पानी से भरे गड्ढों के बारे में पूछने पर उंन्होने बताया कि प्रत्येक वर्ष यहां स्टोन डस्ट डालकर गड्ढों की मरम्मत की जाती है लेकिन मरीजों के प्राइवेट वाहन, ममता वाहन, एम्बुलेंस की अधिक अवागमन से यह ज्यादा दिन नही टिक पाते और पुनः स्थिति वैसी ही हो जाती है।

## ओलंपियाड में स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम




राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के बच्चों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए हिंदुस्तान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा में कक्षा प्रथम के इंद्रजीत कुमार पिता लालू प्रसाद, कक्षा दूसरी के तन्मय सिंह पिता न्यूटन कुमार, कक्षा पांचवी के अंकित कुमार पिता हीरालाल यादव, कक्षा छठी के प्रतीक राज पिता शंभू यादव, कक्षा सातवीं की अरात्रिका सिन्हा पिता डा अमरेंद्र कुमार सिन्हा, कक्षा आठवीं की कुमारी श्रेयसी पिता रविंद्र कुमार मुकुल, कक्षा की नवमी शार्यतिका मोदी माता वीणा कुमारी, कक्षा बारहवीं के देव्यांश कुमार पिता राजेश कुमार दास ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनमे से प्रत्येक विद्यार्थी को हिंदुस्तान ओलिंपियाड की ओर से पारितोषिक 2100 रुपये का चेक तथा श्रेष्ठता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह बच्चों की शानदार सफलता से अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए।उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गौरव का विषय है कि हमारे बच्चे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा भविष्य में वह ऐसे ही सफलता के शिखर को प्राप्त करते रहें।

## चार दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** चार दिवसीय खस्सी फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन कुडू के थाना प्रभारी विश्वजीच कुमार सिंह के हाथों किया गया। उद्घाटन का पहला मैच बहेरा टोली मांडर बनाम जय सरना क्लब ओपा के बीच हुआ। उद्घाटन मैच में बहेरा टोली मांडर ने जय सरना कलब ओपा से तीन जीरो से विजयी हुआ। इस टूनार्मेंट का फाइनल मैच 7 तारीख दिन शनिवार को होगी। इस उद्घाटन मैच में मुख्य रूप में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष कमरुल इस्लाम, पंडरा पंचायत के उप मुखिया मुमताज, कुडू मीडिया प्रभारी नवाज खान,अत्ताउल्लाह अंसारी, अध्यक्ष इजराफिल रजा, सचिव मोहम्मद साबिर, विज्ञान उरांव कोषाध्यक्ष, सनउल्लाह अंसारी, डबलू, शमशाद आलम, हसबुद्दीन अंसारी, हाफिज अफजल, चंदर उराँव आदि उपस्थित थे

**हिंसा** सूबे में बच्चियों के खिलाफ हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा

# दो नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप, 6 गिरफ्तार

- घर पहुंचाने की बात कह कर अपने साथ ले गये थे आरोपी
- ठेकेदार का यहां से काम कर घर वापस लौट रहीं थी बच्चियां

राष्ट्रीय खबर




**गुवा:** नोवामुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत दो नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। 6 युवकों ने दोनों बच्चियों के साथ बारी-बारी गैंगरेप किया। दो दिनों तक घर नही आने पर परिजनों ने जब बच्चियों से पूछा तो बच्चियों ने अपनी आप बीती बताई। परिजनों ने दोनो बच्चियों को लेकर नोवामुंडी थाना पहुंची। जिसके बाद उनके बयान के आधार पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि युवकों की गिरफ्तारी हुई है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोनों पीड़ित बच्चियां किसी ठेकेदार के यहां काम करने नोवामुंडी गई हुई थी। इस दौरान काम से लौटने के क्रम में यात्री बस नही मिली और अंधेरा भी बढ़ने लगा, तभी सड़क किनारे खड़ी होकर दूसरी गाड़ी से लिफ्ट लेने के लिए इंतेजार करने लगी। वंही दूसरी तरफ से पादापहाड़ के युवक दोनों को उसके घर पहुंचा देने की बात कह कर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और पेट्रोल भरा कर घर पहुंचा देने की बात कह कर आगे लेकर बढ़ गया। इस दौरान युवकों ने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाया और दोनो बच्चियों को दूधबिला गांव ले गया। जिसके बाद दूसरे गांव से अपने 4 दोस्तों को भी बुला लिया। जिसके बाद दोनों बच्चियों को दो बाइक में बैठा कर उसके घर छोड़ने की बात कह कर लेकर चल दिए। किसी अन्य गांव ले जाकर दो दिनों तक गैंग रेप किया और उसके बाद शनिवार की सुबह छोड़ दिया। पीड़ित बच्चियों,अपने मामा के घर चली गई और रविवार को अपने घर पहुंची। परिजनों ने जब बच्चियों से दो दिनों तक पूछताछ की जिसके बाद बच्चियों ने अपनी आप बीती बताई। जिसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी ग्रामीण मुंडा को दी गई। इसके बाद ग्रामीण मुंडा ने दूसरे गांव में मीटिंग रखी और बच्चियों को आरोपियों को फोन कर बुलाने को कहा, इसके बाद आरोपी आ गए और ग्रामीण मुंडा ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जिसके बाद पुलिस आगे की करवाई करेगी।पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना के संबंध में बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। जिनसे पूछ ताछ की जा रही है।पूछताछ पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज फटाफट

### स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई शिक्षक अभिभावक गोष्ठी



**कोडरमा :** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, असनाबाद में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिरेंद्र राम और विशिष्ट अतिथि के रूप में मरियम जी और साथ ही नीलू दास उपस्थित रहे।बैठक में कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा सातवीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों से संबंधित समस्याओं के बेहतर समाधान के लिए चर्चा की गई। साथ ही उनके शिशुवस्था और बाल्यवस्था में होने वाले शरीरिक, मानसिक एवं भावात्मक परिवर्तन को विस्तार से समझाया गया।और इन परिवर्तनों के साथ समाज में बेहतर तालमेल बनाने के प्रभावी तरीके पर चर्चा की गई। इस दौरान उच्च कक्षाओं में इंटरनेट के सही और सकारात्मक प्रयोग की समुचित जानकारी दी गई। इस बैठक का संचालन शिक्षकवृन्द सूरज कुमार, प्रीती देवी, दीपक कुमार मल्होत्रा, प्रियंका कुमारी पूजा कुमारी आदि ने किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य सह निदेशक ने स्कूल के समस्त स्टाफ को और अभिभावकों को धन्यवाद दिया

### जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन



**मरकच्चो :** प्रखंड के मुर्कमनाय पंचायत सचिवालय में बुधवार को देवीपुर एवं मुर्कमनाय के जल सहिया को जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मरकच्चो उतरी मध्य एवम दक्षिणी पंचायत के मरकच्चो उतरी पंचायत सचिवालय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल गुणवत्ता निगरानी तथा अनुश्रवन से संबंधित पंचायत के सभी जलसहिया, जल सखी, पानी समिती के महिला, आंगनवाड़ी सेविका, वार्ड सदस्यों को जल की गुणवता जाँच से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने सभी जल सहिया को जल की गुणवता जांच करने हेतु फिल्ड टेस्ट कीट दिए गये। साथ ही उन्होंने कहा कि आज दूषित जल के सेवन से कई बीमारियां हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने - अपने पेयजल श्रोत की जाँच करवा कर जल का सेवन करेंगे तो कई बीमारियों से निजात पा सकेंगे। मौके पर जिला क्वालिटी मैनेजमेंट रामपुकार प्रसाद, ब्लॉक को ऑर्डिनेटर राम कुमार, मनीष कुमार के द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। वही मुखिया बेदु साव, मुखिया उषा देवी , मुखिया रंजीत सिंह, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य गण, टेक्निकल मैनेजर पंकज कुमार मौजूद थे।

### सुरेंद्र प्रताप बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**मरकच्चो :** दुर्गा मंदिर परिसर मरकचो में शारदीय दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर मंगलवार को देर शाम बैठक हुई।बैठक में शारदीय दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने दुर्गा पूजा के अवसर पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने, पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष रविंद्र पांडे ने राम नवमी पूजा का आय-व्यय प्रस्तुत किया। बैठक में सर्व समिति से पुरानी कमेटी को ही बरकरार रखा गय। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह ने की जबकि संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। बैठक में आचार्यअधीन पांडे, अवध किशोर सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक नागेश्वर पांडे, विजय मोदी, दिगम्बर सिंह, बैजनाथ मोदी, कामदेव सिंह, मनोज सिंह, सतीश सिंह, पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता, प्रवीण चन्द्र गुप्ता, निरंजन पांडे, दामोदर मिस्त्री, बबुनी सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रमोद कुमार सिन्हा, महेंद्र पांडे, श्याम वर्णवाल, बिपिन वर्णवाल, अवतार राय, अमीत कुमार सिंह, सदानन्द पांडे, राजेश कुमार पांडे समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक दीपिका ने किया नवनिर्मित थाना भवन का उद्घाटन



**गोड्डा :** जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड में विधायक दीपिका पांडे सिंह,पुलिस उप-महानिरीक्षक संथाल परगना सुदर्शन मंडल,उपायुक्त जिशान कमर, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के द्वारा संयुक्त रूप से नवनिर्मित थाना भवन का उद्घाटन फीता काट कर किया गया।मौके पर पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान ने विधायक,महागामा दीपिका पांडे सिंह के द्वारा बताया गया कि, नवनिर्मित थाना भवन बनने से नजदीकी क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम रखने में मदद मिलेगी। पुलिस उप-महानिरीक्षक ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बातचीत होती रहनी चाहिए और आपस में सहयोग की भावना होनी चाहिए. इससे पुलिस किसी भी घटना का उद्भेदन त्वरित गति से कर सकती है। उन्होंने अंधविश्वास से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की।उन्होंने कहा कि नाबालिग लड़कियों को काम के बहाने दूसरे प्रदेश में बिचौलिया द्वारा बेच दिया जाता है,ग्रामीण इसके खिलाफ जागरूक हों। उद्घाटन कार्यक्रम में उपायुक्त ,गोड्डा ने कहा कि लोगों की मदद एवं कानून व्यवस्था में मजबूती के लिए नए मॉडल थाना भवन का निर्माण किया गया है।इसमें पुलिस व जनता के लिए सभी जरूरी सुविधाएं व सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। नवनिर्मित थाना भवन के उद्घाटन के दौरान पुलिस अधीक्षक ,गोड्डा के द्वारा क्षेत्र की जनता से पुलिस प्रशासन का सहयोग की अपील की गई।ठाकुरगंगटी थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को लोगों से सौहार्द व समन्वय स्थापित करते हुए अपराध मुक्त बनाने का निर्देश दिया। उनके द्वारा बताया गया कि खल्ढउछ द्वारा न्यू मॉडल पर बनाया गया ठाकुरगंगटी थाना गोड्डा ज़िला का पहला थाना है ,एवं मेहरमा थाना तथा न्यू पुलिस लाइन भी निमार्णाधीन है .साथ ही शेष अन्य थानों के निर्माण का कार्य भी जल्द ही शुरू होने की संभावना है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव शंकर तिवारी, सार्जेंट मेजर संदीप कुमारसहित थाना प्रभारी व पुलिस बल एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मुक्केबाजी में लवलीना को रजत, प्रवीण को कांस्य मिला



**हांगझोउ** : भारत की लवलीना बोरगोहेन को बुधवार को महिलाओं की 75 किलोग्राम वर्ग में रजत और प्रवीण हुड्डा को 57 किलोग्राम वर्ग में मुक्केबाजी मुकाबले में कांस्य पदक मिला है। चीन में चल रहे एशियाई खेलों में आज फाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज लवलीना को चीन की ली कियान के खिलाफ 5-0 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी मुक्केबाज पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता रह चुकी हैं। भारतीय मुक्केबाज और चीनी बॉक्सर ने इस फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही रिंग में आक्रामक रु×ख इ×ख्तयार किया। लवलीना बोरगोहेन पहले राउंड में थोड़ी रक्षात्मक नज़र आई। हालांकि, उन्होंने कुछ अच्छे पंच लगाकर जजों का ध्यान अपनी ओर ज़रूर खींचा। वहीं, दूसरे और आखिरी राउंड में भारत की लवलीना ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइंड हैंड से कई पंच जड़े, लेकिन चीनी मुक्केबाज थोड़ी ज्यादा आक्रामकर नज़र आई और उन्होंने सर्वसम्मत निर्णय से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। लवलीना बोरगोहेन ने इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ली कियान का सामना किया था और उन्हें 4:1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया था। ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने अपनी इस वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया था। वहीं महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में मुकाबले में भारत की प्रवीण हुड्डा ने कांस्य पदक जीता है। आज यहां हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाजी में प्रवीण हुड्डा को चीनी ताइपे की लिन के खिलाफ हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है।

### खिताबी मुकाबले के लिये भारत को लांघनी होगी चीनी दीवार



**हांगझाउ**: 19वें एशियाई खेल में करिश्मायी खेल की बदौलत अब तक अजेय भारतीय महिला हॉकी टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में चीन से होने वाले रोमांचक मुकाबले के लिये जीत की रणनीति तैयार कर चुकी है। भारत ने मौजूदा एशियाई खेलों में असाधारण प्रदर्शन किया है। सिंगापुर के खिलाफ 13-0 की जोरदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने वाली भारतीय लड़कियों ने दूसरे मैच में मलेशिया पर 6-0 की शानदार जीत दर्ज की। कोरिया के खिलाफ कड़े मुकाबले में 1-1 से ड्रा के बावजूद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए हांगकांग चीन के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत दर्ज की और पूल ए में शीर्ष स्थान बनाया। चीन ने भी टूर्नामेंट की शुरुआत इंडोनेशिया पर 20-0 की उल्लेखनीय जीत के साथ की। बाद में कजाकिस्तान के खिलाफ 11-0 की जीत से करके अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्हें जापान से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, उन्होंने अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच में थाईलैंड के खिलाफ 12-0 की शानदार जीत के साथ वापसी की और सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

### 37वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिये गोवा तैयार

**गोवा**: आगामी 25 अक्टूबर से नौ नवंबर के बीच प्रस्तावित 37वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने के लिये गोवा खेल प्राधिकरण ने कमर कस ली है। खेल महाकुंभ मेंमल्लखंब, कलारीपयट्टू, गतका समेत 43 खेल विधाएं शामिल हैं जिनमें आठ हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति (एनजीओसी) और गोवा खेल प्राधिकरण इस भव्य प्रदर्शन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। तैयारी के तहत तीन हजार से अधिक नवनियुक्त स्वयंसेवक गोवा प्रीमियर स्पोर्टिंग इवेंट में इतिहास बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति (एनजीओसी) सक्रिय रूप से स्वयंसेवकों को भर्ती कर रही है। गोवा के उत्साही युवाओं से चुने गए ये व्यक्ति न केवल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, बल्कि एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में गोवा की प्रतिष्ठा में भी योगदान देंगे। इन स्वयंसेवकों की भूमिका अपरिहार्य है, क्योंकि वे राष्ट्रीय खेलों की रीढ़ बनकर इसके सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे।

**हॉकी** एशियाई खेल 2023 में पुरुष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल मुकाबले में

# भारत, दक्षिण कोरिया को हराकर फाइनल में पहुंचा

- मनदीप सिंह ने 11वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया
- ललित उपाध्याय ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया



एजेंसियां

**हांगझोउ** : भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को एशियाई खेल 2023 में पुरुष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 5-3 से हरा दिया है। भारत ने आज जीत की लय बरक़रार रखते हुए आक्रमक अंदाज में पहले क्वार्टर में 3-0 गोल किए। मजबूत डिफेंस के साथ भारत ने कोरिया को गोल करने करने मौके नहीं दिया।

खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद हार्दिक सिंह ने फील्ड गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। इसके बाद मनदीप सिंह ने 11वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिरी समय में ललित उपाध्याय ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। दूसरे क्वार्टर में भारत को गोल के ज्यादा मौके नहीं मिले। भारत के लिए चौथा गोल अमित रोहदास ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया। इस क्वार्टर में कोरिया ने दो गोल दागे। दोनों गोल मंजे जंग ने किए, जिसमें पहला गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दूसरा गोल था।

पहले हाफ की समाप्ति तक मैच में भारत ने 4-2 से अपनी बढ़त को बनाए रखा। भारत की ओर से हार्दिक सिंह (5वें मिनट), मनदीप सिंह (11वें मिनट), ललित उपाध्याय (15वें मिनट), अमित रोहतास (24वें मिनट) और अभिषेक (54वें मिनट) ने गोल किए। वहीं, कोरिया की तरफ से मंजे जंग ने 17वें , 20वें ,42वें मिनट में गोल दागे। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में दक्षिण कोरिया ने भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया।

भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस दिखाया और गोल के कई मौके बनाए। लेकिन इस क्वार्टर में भारत ने एक भी गोल नहीं दागा। कोरिया ने 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और मंजे ने कोरिया के लिए तीसरा गोल दागकर स्कोर 4-3 कर दिया।

खेल में दक्षिण कोरिया ने चौथे क्वार्टर में अटैक करना जारी रखा। वहीं, भारत ने गोल करने की लगातार कोशिश की और 54वें मिनट में अभिषेक ने भारत के लिए गोलकर स्कोर 5-3 कर दिया। इसी के साथ भारत ने सेमीफाइनल में जीत हासिल की। भारत अब अपना पुरुष हॉकी फाइनल मुकाबला में शुक्रवार को चीन या जापान से खेलेगा।

## अफगानिस्तान ने श्रीलंका को आठ रन से हराया


एजेंसियां



**हांगझोउ** : चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को खेले गये तीसरे पुरुष क्रिकेट क्वार्टरफाइनल में अफगानिस्तान ने नूर अली के अर्धशतक और गुलबदीन नईब और क्वैस अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बड़ा उलटफेर करते हुए श्रीलंका को आठ रन से हराया दिया है। श्रीलंका ने आज सुबह टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत ठीक नहीं रही और दूसरे ही ओवर में थुषारा ने सेदि×कुल्लाह अटल को एक रन के स्कोर पर वापस पवेलियन भेज दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नूर अली ने ओपनर मोहम्द शहजाद के साथ संभालकर खेलते हुए दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर में समराकून ने मोहम्मद शहजाद 20रन को अराछिगे के हाथों कैच आउट कर दिया। उसके बाद शाहीदुल्लाह 23 ने संभल कर खेलते हुए टीम के स्कोर को सौ रन के पार पहुंचा। उन्हें वियसकांत ने फर्नांडो के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान गुलबदीन नईब ने सात रन का योगदान दिया। उन्होंने अराछिगे की गेंद पर फर्नांडो ने लपका। 17वें ओवर में अली को 51 रन पर वियसकांत, उदारा ने रन आउट पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आया कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक सका और पूरी टीम 18.3 ओवर में 116 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान के चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। श्रीलंका की ओर से नुवान थुषारा ने 17 रन देकर चार विकेट लिये। वहीं सहान अराछिगे ने 17 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंची



एजेंसियां

**धर्मशाला**: अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात अक्तूबर को होने वाले विश्व कप के मैच के लिए अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम बुधवार अपरान्ह यहां पहुंच गयी। अपराह्न करीब पौने तीन बजे स्पाइस जेट के विमान में अफगानिस्तान की टीम ने गगल हवाई अड्डे पर लैंड किया जहां एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। हवाई अड्डे से सबसे पहले अफगानिस्तान के स्टार गेंदबाज राशिद खान बाहर आए। इसके बाद बारी-बारी अन्य खिलाड़ी बाहर निकले और योल के पास ताज होटल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान अफगानिस्तान टीम के मैंटर अजय जडेजा भी धर्मशाला पहुंचे हैं। विश्व कप में अफगानिस्तान टीम का पहला मुकाबला सात अक्टूबर को बंगलादेश के साथ धर्मशाला स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए बंगलादेश और अफगानिस्तान की टीमों के कप्तान छह अक्तूबर को धर्मशाला पहुंचेगे। अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम में हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन उल हक शामिल हैं।

## खेल जगत अपडेट्स »

### रोमांचक मुकाबले में बंगलादेश दो रन से जीता



**हांगझोउ** : चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को बंगलादेश बनाम मलेशिया के चौथे क्रिकेट क्वार्टर फाइनल में बंगलादेश ने गेंदबाजों के अंतिम ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रोमांचक मुकाबले में दो रन से जीत हासिल की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 2.5 ओवर में तीन रन पर तीन विकेट गंवा दिये। उसके दोनों ओपनर परवेज़ हुसैन इमॉन और महमुदुल हसन जॉय अपना खाता भी नहीं को खोल सके। परवेज़ हुसैन इमॉन को विजय उन्नी ने पगबाध और महमुदुल हसन जॉय को पवनदीप सिह ने रन आउट किया। उसके बाद ज़ाकिर हसन को पवनदीप सिंह ने अनवर रहमान के हाथों कैच आउट कराकर तीसरा विकेट ढहा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान सैफ हसन 52गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी, अफ़फ़ि हुसैन ध्रुबो के 14 गेंदों पर 23 रन की पारी का अंति पवनदीप सिंह ने जुबैदी जुल्फिकली के हाथों कैच कराकर किया। शहादत हुसैन ने 21 रन बनाए और उन्हें अनवर रहमान ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। जाकेर अली 14 रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश 20 ओवर में पांच विकेट पर 116 रन ही बना सकी। मलेशियाई गेंदबाज पवनदीप सिंह ने 12रन देकर दो विकेट लिये। विजय उन्नी और अनवर रहमान को एक-एक विकेट मिला। 117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशियाई टीम की भी शुरुआत खराब रही और उसने जुबैदी जुल्×फकली एक रन के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में मुहम्मद आमिर शून्य के रूप मे दूसरा विकेट गिरा। तीसरे विकेट कप्तान अहमद फैज़ शून्य में गिरा। उन्हें धुबो ने रकीबुल के हाथों कैच आउट कराया। वहीं मुहम्मद आमिर को भी ध्रुबो की गेंद पर रकीबुल ने लपका। जुबैदी जुल्×फकली को मोंडल ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया। विरनदीप सिह ने संभलकर खेलते हुए 39 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली, उन्हें ध्रुबो ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया।

## रजनीकांत के साथ थलाइवर 170 में काम करेंगे अमिताभ बच्चन



एजेंसियां

**मुंबई**: बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन , दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म थलाइवर 170 में काम करते नजर आयेंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का नाम भी जुड़ गया है।वाईएलसीए प्रोडेक्शन हाउस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर रजनीकांत की थलाइवर 170 को लेकर जानकारी दी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे। इसके साथ ही एक पोस्टर भी शेयर किया गया है, जिस पर अमिताभ बच्चन की तस्वीर और पीछे रजनीकांत की इस फिल्म का टाइटल भी लिखा हुआ नजर आ रहा है। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकारों फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

## राकेश मिश्रा का नवरात्र स्पेशल गाना बघवा रथवा खींचे 2 रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई**: जानेमाने अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का नवरात्र स्पेशल गाना बघवा रथवा खींचे 2 रिलीज हो गया है। शारदीय नवरात्र का आगमन होने वाला है। इसी बीच राकेश मिश्रा का नया गाना 'बघवा रथवा खींचे 2' रिलीज कर दिया गया है। यह गाना शक्ति की देवी दुर्गा के भक्ति भावों से ओत प्रोत है जिसे राकेश मिश्रा ने अपनी आवाज में बेहद मनोरम बना दिया है। गाना बघवा रथवा खींचे 2, राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। बघवा रथवा खींचे 2 गाना को लेकर राकेश मिश्रा ने बताया कि यह गाना मां की स्तुति में समर्पित है। नवरात्र का महीना शुरू होना है और सभी लोग इसमें पूरी पवित्रता और भक्ति भाव के साथ जुट जाएंगे। उनके लिए यह गाना अभी से उपहार है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा एक प्रमुख त्योहार है, जिसे पूरे भारत में हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार के दौरान सभी लोग मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हैं। इन दिनों लोग उपवास रखते हैं और पूरी श्रद्धा और भाव के साथ माता का भजन कीर्तन करते हैं।

## करण जौहर ने कॉफी विद करण सीजन 08 की अनाउंसमेंट की

एजेंसियां



**मुंबई**: बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपने फेमस चैट शो कॉफी विद करण के नए सीजन की अनाउंसमेंट कर दी है। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर कॉफी विद करण सीजन 08 की अनाउंसमेंट की। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, पता चला, मेरी अपनी अंतरात्मा भी मुझे ट्रोल करना चाहती है। लेकिन वह क्या सोचता है, इस पर ध्यान न दें, मैं अभी भी सीजन 8 बना रहा हूं। करण वीडियो में अपनी अंतरात्मा से बात करे रहे हैं। करण की अंतरात्मा उन्हें उन सब बातों के लिए ट्रोल करती है जिसके लिए उन्हें सोशल मीडिया पर भी ट्रोल किया जाता है। आत्मा कहती है की पिछला सीजन काफी ठंडा था। इसी के साथ बता रहा है की शो में बदलाव लाने की जरूरत है। फिर करण कहते है की वह इस नए सीजन में शादीशुदा कपल्स को बुलाएंगे या फिर इस बार क्रिकेटर्स को शो में इनवाइट करेंगे। कॉफी विद करण का नया सीजन 26 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगा।

## सौतन में नजर आयेंगे विक्रांत सिंह राजपूत

एजेंसियां



**मुंबई**: भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म सौतन में संचिता बनर्जी और ऋ तु सिंह के साथ काम करते नजर आयेंगे। निर्माता प्रदीप सिंह,प्रतीक सिंह और निर्देशक अजय झा की फिल्म सौतन में विक्रांत सिंह राजपूत, संचिता बनर्जी और ऋतु सिंह मुख्य भूमिका में हैं। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म सौतन को लेकर कहा कि मुझे लगता है यह भोजपुरी की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है। फिल्म की कहानी बेहद दमदार है। ऐसी फिल्मों की तलाश मुझे रही है। इस फिल्म का पैमाना भोजपुरी की प्रतिनिधि सिनेमाओं वाली है। अभी इसके हर हिस्से को बारीकी से शूट किया जा रहा है।

## 16 अक्टूबर को रिलीज होगा टाइगर 3 का ट्रेलर

एजेंसियां



**मुंबई**: बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिल्म 'टाइगर 3' का ट्रेलर 16 अक्टूबर को रिलीज होगा। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म टाइगर 3 का हाल ही में एक वीडियो टाइगर का मैसेज रिलीज किया गया था। अब मेकर्स ने टाइगर 3 के ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। यशराज फिल्मस ने सोशल मीडिया पर बताया है कि टाइगर 3 का ट्रेलर 16 अक्टूबर को रिलीज होगा। टाइगर 3 से पहले इस फ्रेंचाइजी के दो पार्ट एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) रिलीज हो चुके हैं। फिल्म टाइगर 3 का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। टाइगर 3 में सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की मुख्य भूमिका है। टाइगर 3 इस साल दीवाली के मौके पर हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होगी।

## मैडॉक फिल्म्स ने 10 फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा की

**मुंबई** : मैडॉक फिल्म्स ने वर्ष 2023 से लेकर वर्ष 2025 तक रिलीज होने वाली फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स ने एक साथ 10 फिल्मों की रिलीज डेट अनाउंस की है। हैप्पी टीचर्स डे, 27 अक्टूबर, 2023, शाहिद कपूर-कृति सेनन की फिल्म, 9 फरवरी, 2024,मुनिया 29 मार्च, 2024,तेहरान 26 अप्रैल, 2024,को रिलीज होगी। इसके साथ ही स्काई फोर्स 2 अक्टूबर, 2024,छावा 6 दिसंबर, 2024,वैंपायर्स ऑफ विजयनगर 14 फरवरी, 2025, इक्कीस 10 जनवरी, 2025 और दिलेर 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज होगी।

## प्रियंका सिंह चौहान और लवली काजल का नया लोकगीत 'मुंह के देखाई 2' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई**: सिंगर प्रियंका सिंह चौहान और अभिनेत्री लवली काजल का नया भोजपुरी लोकगीत 'मुंह के देखाई 2' रिलीज हो गया है। मुंह के देखाई 2 गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि लवली काजल की शादी जिससे होती है, उसने शादी के पहले बहुत से वादा किया था, जिसे पूरा नहीं कर रहा है। अब वह अपने पति को कोस रही है और याद दिलाते हुए कहती है कि ह्यकइला करार हमसे केतना तू जादा, होतही बियाह काहे भूलि गइला वादा, अबकी बेर मानब नाहीं, देखला मनाई के, नथुनिया लेबो ए हो पिया, मुंह के देखाई में... कंगनिया लिहली हो ननदो, तोहरे परिछाई में... नथुनिया लेबो ए हो पिया, मुंह के देखाई में... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'मुंह के देखाई 2' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र में बुधवार भोर एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी जबकि एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को जीवित बचे लोगों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सिक्किम में 23 सैनिकों के लापता होने से ममता चिंतित

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सिक्किम में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ में 23 सैनिकों के लापता होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। सु बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया, सिक्किम में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ में 23 सैनिकों के लापता होने की खबर सामने आने से बेहद चिंतित हूं। उन्होंने कहा, इस मामले पर एकजुटता व्यक्त करते हुए और अगर किसी भी तरह सहायता की मांगी गयी तो हमारी सरकार की ओर से हरसंभव सहायता देने का वादा किया गया। मैं उत्तर बंगाल के सभी संबंधित लोगों से आपदाओं को रोकने के लिए मौजूदा मौसम में अधिकतम सतर्कता बनाए रखने का भी आग्रह करती हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने पहले ही अपने मुख्य सचिव को जल्द से जल्द आपदा प्रबंधन तैयारी उपायों का समन्वय करने के लिए कहा है। सु बनर्जी ने बताया कि कलिम्पोंग, दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी जिलों से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बचाव एवं राहत कार्यों की निगरानी के लिए राज्य के वरिष्ठ मंत्रियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) वरिष्ठ अधिकारियों को उत्तर बंगाल भेजा गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### तटकरे ने अजित पवार के खिलाफ टिप्पणी पर पटोले की आलोचना की

**मुंबई:** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रमुख नाना पटोले द्वारा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजीत पवार की आलोचना का जवाब देते हुए, राज्य राकांपा के अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने अजीत पवार की बोलने की शैली के बारे में कोई भी बयान देने से पहले दिल्ली में उनकी राजनीतिक स्थिति पर सवाल उठाया। तटकरे ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष पद से पटोले के इस्तीफा देने के बाद से राजनीति में क्या हुआ है, इसके बारे में बात की और बताया कि महाराष्ट्र में जो कुछ भी हुआ वह पटोले के भाषण के कारण हुआ। उन्होंने कहा कि भले ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार की कार्यशैली अलग:अलग है, लेकिन वे सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) को मजबूत करने की एक ही दिशा में काम कर रहे हैं।

### भाजपा ने 'जातिगत जनगणना' का विरोध ओबीसी वर्ग से अन्याय : सुरजेवाला

**इंदौर:** कांग्रेस महासचिव और पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने आज आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जातिगत जनगणना का विरोध करना अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ अन्याय है और इससे भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए बेनकाब हो गया है। सुरजेवाला ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' वक्त की मांग है। पिछड़े वर्गों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों को उनकी जनसंख्या के आधार पर अधिकार देना सामाजिक समरसता का सूत्र है।

**मौका** फीको के पास नये सिरे से सत्ता संचालन का मौका है

# स्लोवाकिया के चुनाव में रूस समर्थक नेता की जीत

- रूस-यूक्रेन शांति वार्ता को शुरू करने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करेंगे
- फिको को संसद में बहुमत हासिल करने के लिए दो पार्टियों की जरूरत

**राष्ट्रीय खबर**




**ब्रातिस्लावा:** रूस समर्थक राजनेता ने स्लोवाकिया का संसदीय चुनाव जीता है। आधिकारिक नतीजों से पता चलता है कि स्लोवाकिया में एक चुनाव में क्रेमलिन समर्थक व्यक्ति के नेतृत्व वाली एक पार्टी उम्मीद से अधिक वोट हासिल करके शीर्ष पर रही, जो यूक्रेन पर नाटो और यूरोपीय संघ की एकता के लिए चुनौती पैदा कर सकती है। स्लोवाकिया के सांख्यिकी कार्यालय द्वारा रविवार को जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार, रॉबर्ट फिको की लोकलुभावन एसएमईआर पार्टी ने 22.9 फीसद वोट हासिल किए। प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया (पीएस), एक उदारवादी और यूक्रेन समर्थक पार्टी ने 18 फीसद जीत हासिल की। दो बार पूर्व प्रधान मंत्री रह चुके फीको के पास नये सिरे से सत्ता संचालन का मौका है, लेकिन पहले उन्हें गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी क्योंकि उनकी पार्टी को अपने दम पर शासन करने के लिए वोट का पर्याप्त बड़ा हिस्सा हासिल नहीं हुआ है। स्लोवाकिया की राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने सोमवार को औपचारिक रूप से उनसे सरकार बनाने के लिए कहा, स्लोवाकिया की राजनीतिक परंपरा के अनुसार जहां सबसे बड़ी पार्टी के नेता को गठबंधन वार्ता में पहला मौका मिलता है। अपनी जीत के बाद बोलते हुए, फिको ने अपनी बयानबाजी को दोगुना करते हुए कहा कि वह रूस-यूक्रेन शांति वार्ता को शुरू करने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करेंगे। फीको ने कहा, अधिक हत्या से किसी को मदद नहीं मिलने वाली है। यूक्रेन में बातचीत का स्वागत किए जाने की संभावना नहीं है, क्योंकि फिलहाल उनमें ऐसे प्रस्ताव शामिल होने की संभावना है जिसमें क्षेत्र रूस को सौंप दिया जाए, जो कि कियेब के लिए गैर जरूरी हैं। पूर्व एसएमईआर सदस्य के नेतृत्व वाली और आंतरिक विवादों के बाद एसएमईआर की एक शाखा के रूप में गठित उदारवादी-वामपंथी हलास पार्टी 14.7 फीसद वोट के साथ तीसरे स्थान पर रही और किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है। सात राजनीतिक दलों के संसद में प्रवेश के लिए आवश्यक 5 फीसद सीमा तक पहुंचने के साथ, गठबंधन वार्ता में लगभग निश्चित रूप से कई खिलाड़ी शामिल होंगे और यह लंबा और गड़बड़ हो सकता है। फिको को संसद में बहुमत हासिल करने के लिए कम से कम दो अन्य पार्टियों की जरूरत है। हलास और धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी एसएनएस के साथ गठबंधन की सबसे अधिक संभावना प्रतीत होती है। फिको ने सोमवार को कहा कि कैपुतोवा ने उन्हें बातचीत के लिए 14 दिन का समय दिया है। फिको ने यूक्रेन के लिए स्लोवाक सैन्य समर्थन को तत्काल समाप्त करने का वादा किया है और यूक्रेन की नाटो महत्वाकांक्षाओं को अवरुद्ध करने का वादा किया है, जिससे यूक्रेन के लिए स्लोवाकिया के कट्टर समर्थन को बढ़ावा मिलेगा। पीएस के नेता मिशाल सिमेक्का ने कहा कि परिणाम स्लोवाकिया के लिए बुरी खबर है। इस मामले की सच्चाई यह है कि एसएमईआर विजेता है। और हम निश्चित रूप से इसका सम्मान करते हैं, हालांकि हमें लगता है कि यह देश के लिए बुरी खबर है। और अगर मिस्टर फीको सरकार बनाते हैं तो यह और भी बुरी खबर होगी।

## राष्ट्रीय लोकदल नवंबर में निकालेगा चौधरी चरण सिंह संदेश रथयात्रा

**एजेंसियां**

**बागपत :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संजीव आर्य के अनुसार नवंबर माह में चौधरी चरण सिंह संदेश रथयात्रा का आयोजन करेगा। यह यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 75 विधानसभा व 15 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यहां बड़ौत नगर में प्रेस वार्ता करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की नीतियों को जनःजन तक पहुंचाना है। यह किसान मजदूर नौजवानों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने की यात्रा है। इस यात्रा की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है ' उन्होंने कहा, रथयात्रा नवंबर के पहले सप्ताह में सहारनपुर से शुरू होगी। शामली, बड़ौत, बागपत, मोदीनगर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, गौतमबुद्धनगर होते हुए 23 दिसंबर को दिल्ली किसान घाट पर समाप्त होगी। इस रथ यात्रा के लिए रथ को सजाया जा रहा है। सरकार से अनुमति ली जा रही है। रूट मैप जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी से मिलकर तय होना बाकी है। जल्दी ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मिलकर पूरा रूट मैप तैयार कर लिया जाएगा।

## आखिर मणिपुर की सुध क्यों नहीं ले रही है मोदी सरकार : कांग्रेस



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर में हिंसा के कारण हालत पांच महीने में बदतर हो गए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात पर चुप्पी साधे हैं और राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़कर उनके साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा,पांच महीने पहले, तीन मई की शाम को, तथाकथित डबल इंजन सरकार की विभाजनकारी राजनीति के कारण मणिपुर में हिंसा भड़की थी। लगभग एक महीने के बाद, कर्नाटक चुनाव में अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाकर और ऐसे अन्य ज़रूरी कार्यों से मुक्त होकर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा करना उचित समझा लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। वास्तव में हालात और ख़राब हो गए। सामाजिक सद्भाव पूरी तरह से बिगड़ चुका है। हर दूसरे दिन हिंसक अपराधों की भयावह ख़बरें सामने आती हैं। हज़ारों हज़ार लोग अब भी राहत शिविरों में फंसे हुए हैं। सशस्त्र बलों और राज्य पुलिस के बीच झड़प आम बात हो गई है। उन्होंने कहा,फिर भी प्रधानमंत्री इस मामले पर पूरी तरह से चुप हैं। राज्य में हालात बिगड़ने के काफ़ी दिनों बाद उन्होंने सिर्फ़ दिखावे के लिए 10 अगस्त को लोकसभा में अपने 133 मिनट के भाषण में पांच मिनट से भी कम समय के लिए राज्य पर एक टिप्पणी करके औपचारिकता निभा दी। भारतीय जनता पार्टी के अधिकांश विधायक मुख्यमंत्री को पद से हटाना चाहते हैं, इसके बावजूद वह बेशर्मी से अपने पद पर बने हुए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने मणिपुर को लेकर मोदी से सवाल किए और कहा,आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा कब किया था। आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर के भाजपा मुख्यमंत्री से कब बात की थी।

## भाजपा ने बंगाल की आवाज को दबाने में सभी हदें पार की: ममता



**एजेंसियां**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, अब केंद्र सरकार बंगाल की आवाज को दबाने के लिए सभी हदें पार कर चुकी है। सु बनर्जी ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आज लोकतंत्र के लिए एक काला, भयावह दिन है, एक ऐसा दिन जब भाजपा ने बंगाल के लोगों के प्रति अपने तिरस्कार, गरीबों के अधिकारों की उपेक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूर्ण परित्याग का खुलासा किया। उन्होंने कहा, सबसे पहले, निर्दयतापूर्वक बंगाल के गरीबों के लिए महत्वपूर्ण धनराशि रोक दी और जब हमारा प्रतिनिधिमंडल शांतिपूर्वक विरोध करने और हमारे लोगों की दुर्दशा पर ध्यान आकर्षित करने के लिए दिल्ली पहुंचा, तो उनके साथ पहले राजघाट पर और फिर कृषि भवन में क्रूरता की गई। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा की मजबूत भुजा के रूप में कार्य करते हुए दिल्ली पुलिस ने बेशर्मी से हमारे प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया, जिन्हें जबरन हटा दिया गया और आम अपराधियों की तरह पुलिस वैन में ले जाया गया, क्योंकि उन्होंने सत्ता के सामने सच बोलने का साहस किया। सु बनर्जी ने कहा, उनके अहंकार की कोई सीमा नहीं है और उनके अभिमान और अहंकार ने उन्हें अंधा कर दिया है।

## अमेरिका की फोर्ड मोटर कंपनी ने 330 कर्मचारी निकाले

**एजेंसियां**

**वाशिंगटन:** अमेरिका की फोर्ड मोटर कंपनी ने यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स (यूएडब्ल्यू) यूनियन की चल रही हड़ताल के बीच शिकागो स्टैम्पिंग प्लांट और लीमा इंजन प्लांट से अतिरिक्त 330 कर्मचारियों को निकाल दिया है, जिससे निकाले गए कर्मचारियों की कुल संख्या 930 हो गई है। फोर्ड के प्रवक्ता डैन बारबोसा ने यह जानकारी दी। बारबोसा ने मंगलवार को कहा, लगभग 330 कर्मचारियों को काम पर नहीं आने के लिए कहा गया है, शिकागो स्टैम्पिंग प्लांट में 30 सितंबर से और लीमा इंजन प्लांट में 2 अक्टूबर से छंटनी प्रभावी होगी। 330 लोगों की छंटनी 15 सितंबर से शुरू होने वाले मिशिगन असेंबली प्लांट से 600 लोगों की छंटनी के अलावा हैं, जिससे फोर्ड के कुल 930 कर्मचारी हड़ताल से संबंधित छंटनी से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि विशिष्ट सुविधाओं को लक्षित करने के लिए यूएवी की हड़ताल अतिरिक्त संयंत्रों में परिचालन में बाधा डालती है, इसके लिए फोर्ड के जटिल रूप से बुने गए उत्पादन ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने कहा, ये तालाबंदी नहीं हैं। ये छंटनी शिकागो असेंबली प्लांट में हड़ताल का परिणाम है। फोर्ड, जनरल मोटर्स और स्टेलेंटिस सुविधाओं में लगभग 19 हजार अमेरिकी ऑटो कर्मचारी असफल वार्ता के कारण हड़ताल कर रहे हैं।

**अस्थिरता** कैरेबियाई राष्ट्र बड़े पैमाने पर गिरोह हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा

# सुरक्षा परिषद ने हैती में विदेशी सेना भेजने को मंजूरी दे दी

- एरियल हेनरी द्वारा सैन्य सहायता के लिए बार-बार की गई अपील के बाद लिया गया

**राष्ट्रीय खबर**



**न्यूयार्क:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने हैती में एक सशस्त्र बहुराष्ट्रीय बल की तैनाती को हरी झंडी दे दी है, क्योंकि कैरेबियाई राष्ट्र बड़े पैमाने पर गिरोह हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है। यह निर्णय हैती के प्रधान मंत्री एरियल हेनरी द्वारा सैन्य सहायता के लिए बार-बार की गई अपील के बाद लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस तरह के मिशन का समर्थन करने का जोरदार आग्रह किया है। परिषद के तेरह सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि रूस और चीन अनुपस्थित रहे। यद्यपि शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित, बल औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र के नियंत्रण में नहीं होगा। इसका नेतृत्व केन्या द्वारा किए जाने की उम्मीद है, जिसने मिशन का नेतृत्व करने के लिए 1000 पुलिस को तैनात करने का वादा किया है। हैती के कई कैरेबियाई पड़ोसियों एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास और जमैका ने भी मिशन को समर्थन की पेशकश की है। बहुराष्ट्रीय सुरक्षा सहायता बल के पास हैती में 12 महीने का कार्यकाल होगा। इसके आगमन का समय अभी निर्धारित नहीं है और अधिक देशों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रस्ताव में अनुमोदित सुरक्षा उद्देश्यों को छोड़कर, हैती को हथियारों की बिक्री पर वैश्विक रोक लगाने का भी आह्वान किया गया है। रूस और चीन दोनों ने प्रस्ताव के हथियार प्रतिबंध पर सहमति व्यक्त की। हैती के प्रधान मंत्री हेनरी के एक सलाहकार, जीन-जूनियर जोसेफ ने बताया कि सरकार ने वोट का स्वागत किया, और कहा, हम सामान्य असुरक्षा से निपटने के मिशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। युद्धरत गिरोह पोर्ट-ऑ-प्रिंस - हैती की राजधानी और मुख्य बंदरगाह - के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखते हैं - जिससे देश के बाकी हिस्सों में महत्वपूर्ण आपूर्ति लाइनें बंद हो जाती हैं। गिरोह के सदस्यों ने महानगरीय आबादी को भी आतंकित कर दिया है, जिससे अंधाधुंध हत्या, अपहरण, आगजनी और बलात्कार की लहरों के बीच लगभग 200,000 लोगों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इस मिशन से स्थानीय सुरक्षा को मजबूत करने और गिरोहों की खोज में हैती की पुलिस को मजबूत करने की उम्मीद है। हैती के सुरक्षा बलों को पहले से ही कुछ अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है, लेकिन स्टाफ की कमी है और बंदूकों की कमी है। 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए, प्रधान मंत्री हेनरी ने साथी देशों से कहा कि यह तत्काल था कि सुरक्षा परिषद पुनः स्थापित करने के लिए एक सैन्य मिशन को मंजूरी दे। उसी दिन एक बयान में, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से योजना का समर्थन करने और कर्मियों सहित सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, और कहा कि वाशिंगटन मजबूत वित्तीय और रसद सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

## न्यूज फटाफट

### चीन में संदिग्ध कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से सात लोगों की मौत

**ताइयुआन:** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत के वुताई काउंटी के जिंगपिंग गांव में एक मकई प्रसंस्करण मिल में मंगलवार को जहरीली गैस कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण दम घुटने की घटना में सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पीड़ितों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से हुई है। घटना मंगलवार शाम को शुरू हुई जब शान नाम का एक व्यक्ति मिल में इस साल की शुरुआत से बंद पड़ी सुखाने की सुविधा के फीडिंग पिट में घुस गया और उसके बाद शान से संपर्क टूट गया। बाद में उसके बचाव प्रयासों में छह लोग गड्ढे में उतरे लेकिन ऐसा माना जाता है कि उनकी सभी की मौत जहरीली गैस से हो गयी। इसके बाद अग्निशामकों और बचाव कर्मियों द्वारा उन्हें सुविधा से हटा दिया कर अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका।

### बाल्टीमोर में विश्वविद्यालय परिसर के पास गोलीबारी में चार घायल

**न्यूयॉर्क:** अमेरिका में मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी के पास हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोग घायल हो गए है। बाल्टीमोर पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनबीसी न्यूज ने बाल्टीमोर पुलिस प्रवक्ता के हवाले से कहा, आज रात कम से कम चार लोगों को गोली मार दी गई। प्रवक्ता ने कहा कि चोटों को जानलेवा नहीं माना जा रहा है। बाल्टीमोर पुलिस ने एक्स पर कहा कि इस घटना को अब सक्रिय शूटर की स्थिति नहीं माना जाता है। यूनिवर्सिटी ने एक्स पर लिखा, यूनिवर्सिटी कैंपस में शेल्टर :इन :प्लेस आदेश हटा दिया गया है। गन वायलेंस आर्काइव ने कहा कि अमेरिका में पिछले वर्षों की तुलना में 2023 में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। पिछले एक दशक में चार या अधिक लोगों के मारे जाने या घायल होने वाली सामूहिक गोलीबारी के मामलों की संख्या लगभग तीन गुना हो गई है। 2014 में अमेरिका में ऐसे 272 मामले दर्ज किए गए। गोलीबारी के मामलों की संख्या 2020 में 610 हो गई और तब से यह बढ़ रही है।

### उत्तरी फिलीपींस में भूकंप के झटके

**मनीला:** उत्तरी फिलीपींस के कागायन प्रांत में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलीपींस के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गयी है। भूकंप का केन्द्र कागायन शहर के एक द्वीप गांव दलुपिरी से लगभग 22 किलोमीटर उत्तर पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद झटके आएंगे लेकिन नुकसान नहीं होगा।

### जापान के इजू द्वीप में भूकंप के झटके

**टोक्यो:** जापान के इजू द्वीप समूह में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि 0013 जीएमटी पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र, 10 किलोमीटर की गहराई पर 30.02 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 140.11 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित था।

### मैं दोबारा अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ूंगा: मैक्कार्थी

**वाशिंगटन:** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष पद से बेदखल किए गए केविन मैक्कार्थी ने घोषणा की है कि वह दोबारा इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन वह कुछ भी नहीं बदलेंगे। मैक्कार्थी ने मंगलवार शाम को कहा, मैं दोबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ूंगा, मैं सम्मेलन से किसी और को चुनूंगा। मैं कुछ भी नहीं बदलूंगा। उन्होंने कहा कि वह इस बात पर गौर करेंगे कि क्या वह कांग्रेस में बने रहेंगे।

### इराक में शादी के दौरान लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 119 हुई

**बगदाद:** इराक के निनेवे प्रांत में हाल के दिनों एक शादी समारोह में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 119 हो गई है। इराकी समाचार एजेंसी शफाक न्यूज ने मंगलवार को गवर्नरेट के स्वास्थ्य विभाग का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। एजेंसी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं का हवाला देते हुए कहा कि पीड़ितों में दुल्हन के पिता भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंगलवार को मोसुल शहर के पूर्व में अल:हमदानिया जिले में आठ लोगों को दफनाया गया। इराक के आंतरिक मंत्री के एक सलाहकार ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि आग के कारणों की जांच के लिए गठित एक जांच आयोग ने निष्कर्ष निकाला है कि यह त्रासदी एक दुर्घटना का परिणाम थी। अल जजीरा ने इराक के आंतरिक मंत्रालय के हवाले से खबर दी है कि शादी हॉल में आपातकालीन निकास बंद होने के कारण कई लोगों की मौत हो गई। मेहमानों में से एक ने हॉल के केंद्र में छत पर लगी छतरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें भोजन की मेजें भरी हुई थीं और फर्श पर आतिशबाजी से आग लग रही थी। मंत्रालय ने कहा है कि सुरक्षा अधिकारियों ने घटना में शामिल 14 लोगों को हिरासत में लिया है।

### आज का इतिहास

- 1524 : भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरागंना रानियों में से एक रानी दुर्गावती का जन्म।
- 1864 : कलकत्ता शहर में चक्रवात से लगभग 50,000 लोगों की मौत।
- 1890 : समाज सुधारक तथा स्वतन्त्रता सेनानी किशोरी लाल मशरूवाला का जन्म।
- 1915 : बुल्गारिया ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लिया।
- 1946 : पहले कान फिल्म समारोह का समापन।
- 1948 : तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्क़ाबात में भूकंप से 110,000 लोगों की मौत।
- 1954 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता तथा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ गुरुदास कामत का जन्म।
- 1962 : जेम्स बॉड सीरीज की पहली फिल्म 'डॉ. नो' रिलीज हुई।
- 1981 : हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार भगवतीचरण वर्मा का निधन।
- 1988 : ब्राजील की संविधान सभा ने संविधान को मंजूरी दी।
- 1989 : न्यायमूर्ति मीरा साहिब फ़ातिमा बीबी सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज बनी।
- 1995 : आयरलैंड के कवि एवं साहित्यकार हीनी को वर्ष 1995 के साहित्य पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा।
- 1997 : भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा महेश भूपति ने जिम कूरियर तथा एलेक्स ओ ब्रायन को पराजित कर चाईना ओपन टेनिस टूर्नामेंटह्ल का ख़िताब जीता।
- 1999 : भारत ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर होने वाली विशेष बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया।
- 2000 : यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति मिलोसेविच के ख़िलाफ़ विद्रोह।
- 2001 : पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ़ ने सेनाध्यक्ष पद पर अपना कार्यकाल अनिश्चित काल के लिए बढ़ाया।
- 2003 : भारत के पेशेवर बिलियर्ड्‌स खिलाड़ी विल्सन जोंस का निधन।
- 2004 : पश्चिम एशिया पर अरब देशों के प्रस्ताव का अमेरिका ने विरोध किया।
- 2005 : खुशमिज़ाजी में भारत चौथे नंबर पर।
- 2007 : नेपाल सरकार और माओवादियों के बीच समझौता न हो पाने के कारण संविधान सभा के लिए चुनाव रद्द हुआ।
- 2008 : केन्द्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सेतु समुंद्रम परियोजना के लिए दूसरी जगहों का परीक्षण शुरू किया।
- 2011 : एप्पल के पूर्व मुख्य कार्यकारी और सह:संस्थापक स्टीव जॉब्स का 56 वर्ष की आयु में निधन।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरुवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
5:10:2023


## कैबिनेट की बैठक आज

**रांची:** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक कल गुरुवार को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक प्रोजेक्ट भवन में दिन के दो बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। दुगार्पूजा को देखते हुए कुछ लोकलुभावन घोषणा भी इस बैठक में की जा सकती है। इसके अलावा सड़क-भवन इत्यादि की भी योजनाएं स्वीकृत होंगी।

**विवाद** सरकार पर मांगें पूरी करने के लिए बना रहे दबाव

# प्रोजेक्ट भवन घेरने जा रहे स्वयंसेवकों के साथ पुलिस की झड़प

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सेवा स्थायीकरण सहित पांच सूत्री मांगों के समर्थन में लगातार 89 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना दे रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का गुस्सा सड़क पर देखने को मिला। प्रोजेक्ट भवन घेराव करने पहुंचे राज्यभर के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक जैसे ही धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट भवन की ओर बढ़ने की कोशिश किए पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई।प्रोजेक्ट भवन जाने की जिद पर अड़े पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने इस दौरान ना केवल बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। बल्कि सरकार के विरुद्ध जमकर




नारेबाजी करते देखे गए। स्वयंसेवकों में बड़ी संख्या में महिलाकर्मी भी शामिल थीं, जो घेराव कार्यक्रम की अगुवाई कर रहीं थीं।गौरतलब है कि 2016 में राज्य में पंचायत स्तर पर स्वयं सेवकों की नियुक्ति की गई थी। जिनकी संख्या पूरे राज्यभर में करीब 18000 हैं। तत्कालीन सरकार के द्वारा प्रत्येक पंचायत में चार-चार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक की नियुक्ति, आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए, किया गया था। जिनके ऊपर सरकार के द्वारा संचालित किए जाने वाले कई योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी दी गई थीं।मानदेय के रूप में सरकार के द्वारा अलग-अलग कार्यों के लिए राशि निर्धारित की गई थी। सरकार पर मानदेय की राशि भी बकाया होने का आरोप स्वयंसेवकों ने लगाया है। शुरू के वर्षों में इन पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को ग्रामीण विकास के माध्यम से पैसे मिलते थे, मगर 2019 के बाद उनकी परेशानी बढ़ती चली गईं। इनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन कई बार दिया जा चुका है। मगर अभी तक इसे लागू नहीं किए जाने से ये खासे नाराज हैं। सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने के लिए दबाव बना रहे हैं।

# ईडी के पांचवे समन पर भी नहीं पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए जारी किया गया ईडी का पांचवा समन भी बेकार चला गया। पांचवा समन जारी करते हुए जमीन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए 4 अक्टूबर को एजेंसी के दफ्तर बुलाया गया था। सीएम अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को लेकर पलामू चले गए। मामले में ईडी आगे क्या करती है, इसका सभी को इंतजार है।बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी दफ्तर जाने की बजाय अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड के पलामू चले गए। ऐसा अनुमान पूर्व से ही लगाया गया था कि सीएम इस बार भी ईडी दफ्तर नहीं जाएंगे। दरअसल झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से पांचवा समन जारी कर चार अक्टूबर को एजेंसी के रांची स्थित दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके बावजूद ईडी ने सुरक्षा सहित



तमाम तैयारी करके रखी थी।रांची में हुए जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पांचवें समन पर पूछताछ की पूरी तैयारी ईडी ने की थी। मुख्यमंत्री को भेजे गए पांचवें समन में ईडी ने उन्हें बुधवार को दिन के 10 ।30 बजे उपस्थित होने को नोटिस दिया था। सीएम के पलामू कार्यक्रम का शेड्यूल भी दो दिन पूर्व ही जारी हो चुका था। पूरे मामले में अब सीएम की तरफ से ईडी के अधिकारों को चुनौती देने वाली याचिका पर सबकी नजर है बनी हुई है।गौरतलब है कि रांची के बड़गाई अंचल के बरियातू इलाके में एक ही बाउंड्री में 8 ।50 एकड़ जमीन को लेकर सीएम हेमंत सोरेन से ईडी पूछताछ करना चाहती है। इन जमीन से जुड़े कागजात गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल फोन से मिले थे। मोबाइल फोन में मिले दस्तावेजों के आधार पर ही ईडी ने जमीन की जांच शुरू की थी। इस मामले में गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक और बड़गाईं अंचल के तत्कालीन सीओ का बयान भी ईडी ने दर्ज किया था। जिसके बाद एजेंसी ने मुख्यमंत्री को समन किया गया था।

# झारखंड एटीएस ने आतंकियों के कब्जे से बंधकों को छुड़ाया!

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची में उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब झारखंड पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली कि गढ़वा से रांची जा रहे एक वीवीआईपी को लश्कर के आतंकियों ने अगवा कर लिया है। जिसके बाद पुलिस मुख्यालय एक्टिव हुआ। झारखंड पुलिस ने आतंकियों से निपटने के लिए तुरंत एटीएस को भेजा। एटीएस की टीम वारदात की जगह पहुंची और बहादुरी दिखाते हुए बंधक बनाए गए वीवीआईपी को छुड़ा लिया। साथ ही एटीएस ने आतंकियों को भी मार गिराया।आप ये मत सोचिए कि झारखंड में कहीं आतंकी हमला हुआ है, दरअसल ये आतंकियों से निपटने के लिए बनाई गई फोर्स झारखंड एटीएस का शक्ति प्रदर्शन था। झारखंड



पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान एटीएस ने आतंकियों से निपटने में अपने जांबाजी का शानदार प्रदर्शन किया।झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान एटीएस के प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। एटीएस के प्रदर्शन को देखने के लिए एक ड्रिल का आयोजन किया गया। ड्रिल में एटीएस को आतंकियों द्वारा अगवा किए गए एक वीवीआईपी को छुड़ाना था, जिसे आतंकी बस में ले जा रहे थे। सूचना मिलने के बाद एटीएस की टीम ने बस को घेर लिया और पहले एक आतंकी को मार गिराया और फिर दूसरे आतंकी को अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान एटीएस ने यह भी मुजायरा किया कि बंधक बनाए गए लोगों को कैसे मुक्त कराया जाता है, क्या सावधानियां बरती जाती हैं, आतंकी के मारे जाने के बाद ऑपरेशन को कैसे खत्म किया जाता है, इन सभी ड्रिल का एटीएस की टीम ने बखूबी अंजाम दिया।झारखंड में अक्सर आतंकियों के स्लीपर सेल की गतिविधियां सामने आती रहती हैं। इसी हफ्ते दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो आतंकियों को गिरफ्तार किया था जो झारखंड के हजारीबाग और गढ़वा के रहने वाले हैं। यही वजह है कि झारखंड पुलिस भी आतंकियों को लेकर बेहद चौकस है। आतंकी खतरे को देखते हुए ही झारखंड में एंटी टेररिस्ट स्कॉट का गठन हुआ है।

### भानु प्रताप की जमानत अर्जी खारिज

**रांची:** बरियातू स्थित सेना की जमीन की खरीद बिक्री मामले में आरोपी बड़गाई अंचल का राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने भानु प्रताप की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने पक्ष रखा था।बता दें कि मामले में भानु प्रताप के अलावा सेना की जमीन मालिक का होने का दावा करने वाले प्रदीप बागची, जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष, रिम्सकर्मी अफसर अली, कारोबारी अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल के साथ ही करीबन 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में भानु प्रताप सहित 10 के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

# जवाब दाखिल नहीं करने पर हाईकोर्ट ने प्रार्थी पर लगाया 25000 रुपए का जुर्माना

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आवास बोर्ड द्वारा निर्मित फ्लैट पर अन्नाधिकृत रूप से कब्जा करने और बाद में बोर्ड के अधिकारियों की मिलीभगत से उस फ्लैट का मालिकाना हक प्राप्त करने के खिलाफ दायर सुधीर चौधरी की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में प्रार्थी द्वारा सरकार के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर देने के लिए बार-बार समय मांगे जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए प्रार्थी पर 25000 रुपए का जुमार्ना लगाया. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कृष्ण प्रजापति ने पैरवी की.सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की प्रार्थी को सरकार के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर देने के लिए पांच बार का समय दिया गया है, लेकिन अब तक उनकी ओर से जवाब दाखिल नहीं हुआ है। दरअसल, प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा था कि आवास बोर्ड द्वारा झारखंड में अपनी जमीन पर भवन बनाकर उसके फ्लैट को कई वर्षों तक छोड़ दिया जाता है। आवास बोर्ड द्वारा निर्मित इन फ्लैटों को किसी को आवंटित नहीं किया जाता है। जिस कारण कई अनाधिकृत लोग उस फ्लैट पर कब्जा कर लेते हैं। बाद में आवास बोर्ड के अधिकारियों की मिली भगत से कब्जाधारी उस फ्लैट को अपने नाम पर आवंटित करवा लेते हैं। प्रार्थी ने कोर्ट से आग्रह किया था कि आवास बोर्ड द्वारा कब्जाधारियों को फ्लैट आवंटित करने जैसे मामलों पर रोक लगाई जानी चाहिए।

### छविरंजन की डिफॉल्ट बेल याचिका हाईकोर्ट में खारिज

**रांची:** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4 ।55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त और छविरंजन की ओर से दायर डिफॉल्ट बेल की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने छविरंजन की डिफॉल्ट बेल की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में अनुसंधान पूरा कर सही समय पर आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है इसलिए डिफॉल्ट बिल का मामला नहीं बनता है। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।छवि रंजन ने डिफॉल्ट बेल से संबंधित सीआरपीसी की धारा 167 के पिटिशन को ईडी कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

# हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिव को दिया आदेश, सात दिन के भीतर पेश करें जस्टिस विक्रमादित्य कमीशन की रिपोर्ट

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति में हुई गड़बड़ी के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने नियुक्ति गड़बड़ी की जांच करने वाले जस्टिस विक्रमादित्य कमीशन की रिपोर्ट अब तक कोर्ट में पेश नहीं करने पर नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने कहा कि तीन बार आदेश के बाद भी रिपोर्ट पेश नहीं की गई। याचिकाकर्ता शिवशंकर शर्मा की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पक्ष रखा।अधिवक्ता राजीव कुमार ने ईटीवी भारत को बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद




मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने अगले गुरुवार को सुनवाई की तारीख तय करते हुए सात दिन के भीतर विधानसभा सचिव को जस्टिस विक्रमादित्य कमीशन की रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट सख्त कदम उठा सकता है। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता जय प्रकाश और अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि कैबिनेट सचिवालय ने जस्टिस विक्रमादित्य कमीशन की रिपोर्ट को जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय कमीशन को भेज दी है। कैबिनेट सचिवालय से रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है, इसलिए पेश नहीं किया जा सका।आपको बता दें विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी की जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य के नेतृत्व में एक सदस्यीय कमीशन बनाई गई थी। कमीशन ने वर्ष 2018 में ही जांच रिपोर्ट राज्यपाल को दे दी थी। राज्यपाल ने भी विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने को कहा था, लेकिन वर्ष 2021 से अब तक यह मामला दबा रहा। पूर्व में विधानसभा की ओर से दलील दी गई थी कि जस्टिस विक्रमादित्य की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में कमीशन बनी थी, लेकिन हाईकोर्ट के रूख से स्पष्ट हो गया है कि अगले गुरुवार को इस मामले में कुछ बड़ा फैसला सामने आ सकता है।

**प्रशिक्षण** 18 वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आगाज

# तकनीक के बल पर बेहतर अनुसंधान के गुर सीखेंगे पुलिस के जवान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जैप वन परिसर रांची में 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक 18वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट चलने वाला है। इस कार्यक्रम में अनुसंधान से संबंधित हुनर को पुलिसकर्मी प्रदर्शित करेंगे। पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम और राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने किया।बेहतर तकनीक, सूझबूझ, अनुसंधान के तौर तरीकों पर पुलिस खुद अपनी कसौटी पर कितना खरा उतर रही है इसके लिए हर वर्ष झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जाता है। कोविड के दौरान इसका आयोजन नहीं हो पाया था। लेकिन अब एक बार फिर से झारखंड पुलिस



ड्यूटी मीट की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में अब झारखंड पुलिस के जवान बेहतर तकनीक के बल पर अपराधियों को सजा दिलाने के गुर का प्रदर्शन भी करेंगे और नई तकनीक को सीखेंगे भी।इस मौके पर डीजीपी अजय कुमार ने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए अपराधियों का जेल में बंद रहना बेहद जरूरी है और बेहतर अनुसंधान से ही दोषियों को सजा दिलाई जा सकती है। इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है। डीजीपी के अनुसार आए दिन अनुसंधान के लिए नए तकनीक सामने आ रहे हैं। जिनके बारे में पूरी तरह जानकारी रखना झारखंड पुलिस के लिए बेहद जरूरी है। डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता ने बताया कि साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं, आने वाले समय में हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि एक बटन दबाते ही अपराधी का पूरा प्रोफाइल सामने होगा। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाली टीमों को मिलाकर राज्य की टीम तैयार की जाएगी। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा।

